
राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
बोकारो, शनिवार
14.12.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 308
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## कुंभ में एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी : मोदी

### प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी। महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर



में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है।

### पीएम 14-15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ तथा अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद को मजबूत करने, तेजी से विकास व प्रगति हासिल करने और केंद्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। पहला मुख्य सचिव सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित किया गया था, उसके बाद दूसरा और तीसरा सम्मेलन क्रमशः जनवरी 2023 और दिसंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एक साझा विकास एजेंडा और सुसंगत कार्रवाई के लिए खाका तैयार करने और उसे लागू करने पर जोर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, नीति आयोग, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों और डोमेन विशेषज्ञों के बीच व्यापक विचार-विमर्श के आधार पर, चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन 'उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देना–जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना' विषय पर केंद्रित होगा।

## कांग्रेस ने संविधान निर्माण को हाईजैक करने की कोशिश कीः राजनाथ सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की है। भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। इसे भारत के लोगों ने भारतीय मूल्यों के अनुरूप बनाया है। इसमें सबका योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार काम कर रही है, जो प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसके मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष किया, "आज कुछ विपक्षी नेता अपनी जेब में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं। दरअसल, उन्होंने बचपन से ही यह सीखा है। उन्होंने अपने परिवारों में पीढ़ियों से संविधान को जेब में रखा हुआ देखा है।" उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को जेब में नहीं बल्कि सिर-माथे से लगाकर रखती है। भारतीयों के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक कालखंड के बाद बने कई लोकतंत्र और उनके संविधान लंबे समय तक नहीं टिके लेकिन भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों के बावजूद अपनी मूल भावना को खोए बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संविधान के संरक्षक और व्याख्याकार के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को भी स्वीकार किया। आज संविधान की रक्षा की बात हो रही है। यह हम सभी का कर्तव्य है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि किसने संविधान का सम्मान किया है और किसने इसका अपमान किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का संविधान केवल शासन प्रणाली स्थापित करने का माध्यम नहीं है बल्कि यह भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने का एक रोडमैप है। हमारे संविधान ने भारतीयता से परिचित कराया है। हमारे संविधान की मूल प्रति के भाग 3 में भगवान श्रीराम, मां सीताजी और लक्ष्मणजी की तस्वीर भी अंकित है। मूल प्रति के मुखपृष्ठ पर अजंता गुफाओं की पेंटिंग की छाप दिखती है। साथ ही कमल का फूल भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भी संविधान के अनुरूप आचरण कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ लोकसभा की कार्यवाही शुरू



**नई दिल्ली**। संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवही शुक्रवार को संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही शुरु हो गई है। इसी के साथ आज 13 दिसंबर और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा होनी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चर्चा की शुरुआत करने वाले हैं, इसके साथ ही संसद में प्रियंका गांधी अपना पहला वक्तव्य पेश करेंगी। संविधान पर चर्चा को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र के ये दो दिन अहम माने जा रहे है। दोपहर 12 बजे से संविधान पर चर्चा शुरू होने जा रही है। चर्चा की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रियंका गांधी पहली वक्ता के तौर पर अपना वक्तव्य पेश करेंगी। इस तरह लोकसभा में उनका यह पहला वक्तव्य होगा। इसी के साथ लोकसभा की कार्यवाही चल रही है। इससे पहले संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने को दो मिनट का मौन रखा गया।

### कई राज्यों में बारिश का अलर्टः पहाड़ों पर बर्फबारी कई राज्यों में बढ़ा रही ठंड



**नई दिल्ली**। पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से शीतलहर ने पारा काफी लुढ़का दिया है। मैदानी इलाकों में इस समय कड़ाके की ठंड देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान में मौसम विभाग ने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। वहीं केरल, तमिलनाडु में कई जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली में शीतलहर की स्थित बन रही है। शुक्रवार सुबह पारा 4.3 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि अभी दिल्ली में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि धूप से लोगों को कुछ राहत मिलेगी। दिनभर बर्फीली हवाओं का भी प्रभाव बना रहेगा। 17 दिसंबर को दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा छाने की संभावना है। स्काइमेट वेदर के मुताबिक श्रीलंका के तट पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र अब मन्नार की खाड़ी के आसपास पहुंच गया है। यह प्रणाली दक्षिण तमिलनाडु की ओर बढ़ सकती है। इसके असर से तटीय आंध्र प्रदेश और तटीय तमिलनाडु में गुरुवार को भी बारिश हुई। इसके अलावा केरल, आंतरिक कर्नाटक में भी हल्की बारिश हुई। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर में दिन और रात दोनों के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। मुजफ्फराबाद, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में बारिश की संभावना है। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी में इजाफा हो सकता है। तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, केरल और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश हो सकती है। अंडमान और लक्षद्वीप में भी हल्की बारिश की संभावना है।

## पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया आगे का प्लान, बोले मेरी बकेट में बहुत कुछ

एजेंसी। नई दिल्ली



पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से पूछा गया कि आगे आपके क्या प्लान हैं। क्या हॉबीज फॉलो करेंगे या भविष्य में राजनीति में आने की योजना बना रहे हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, मेरे पास मेरी एक बकेट लिस्ट है...। इसमें म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट सीखना शामिल है, जो अब शुरू हो चुका है। मैं पिएनो सीख रहा हूं। यह बीते 24 सालों से मेरी बकेट लिस्ट का हिस्सा है। बता दें कि जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भारत के मुख्य न्यायाधीश पद से रिटायर हो चुके हैं। अब वह रिटायरमेंट का समय किताब पढ़ने, संगीत सुनने और निजी काम करने जैसी चीजों में खर्च कर रहे हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने भविष्य के प्लान पर भी बात की। खास बात है कि जब उनसे राजनीति में एंट्री को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने स्थिति साफ की। उन्होंने बताया, मैं बहुत पढ़ रहा हूं। संगीत सुन रहा हूं। मुझे भारतीय शास्त्रीय संगीत पसंद है। मुझे वेस्टर्न पॉप म्यूजिक सुनना भी पसंद है। पूर्व सीजेआई ने बताया, मैं पढ़ाना चाहता हूं। एक जो चीज जो मुझे सबसे ज्यादा आनंद देती है, वो है युवाओं से संवाद करना। मैं लिखना चाहता हूं। ये चीजें ही हैं जो मुझे काफी सुकून देती हैं। राजनीति में आने को लेकर उन्होंने कहा, नहीं मुझे ऐसा नहीं लगता। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर हुए थे। शीर्ष न्यायालय में उनकी जगह सीजेआई संजीव खन्ना ने ली है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने एक किताब का भी जिक्र किया, जिसे वह फिलहाल पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे पढ़ना पसंद है। जब मैं जज था, तो मैं दिन के अंत में आधा घंटा पढ़ता था।

## मैं किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा, देश के लिए मर मिट जाऊंगाः जगदीप धनखड़

एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले आज सभापति और सदन में विपक्ष के नेता के बीच खूब कहासुनी हुई। मीडिया में चल रहे व्यवस्थित अभियान पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज कहा, "दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी श्रेणी के खिलाफ़ है। उन्होंने टिप्पणी करते हुए





कहा, "मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों से विचलित हो रहे हैं... मैंने सार्वजनिक डोमेन में जो कुछ भी चलाया जा रहा है, उसका अध्ययन कर लिया है। हम संविधान का पालन क्यों नहीं कर सकते? आपने एक नोटिस दिया, जिसे हमने प्राप्त किया, आपने अपने प्रेस सम्मेलन में पूछा कि नोटिस का क्या हुआ? यह इंगित करते हुए कि सभापति नोटिस पर बैठे हुए हैं..कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है। राज्यसभा के सभापति ने बार-बार विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि वे दोपहर में उनके कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश होगी।

### मैं भी मजदूर का बेटा हूंः मल्लिकार्जुन खरगे

सभापति के वक्तव्य का जवाब देते हुए कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आप किसान के बेटे हैं तो मैं मजदूर का बेटा हूं। उन्होंने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा, "आप भाजपा के सांसदों को बोलने का मौका दे रहे हैं जबकि कांग्रेस को नहीं। हम यहां आपकी तारीफ सुनने नहीं आए हैं। कांग्रेस सांसद खरगे ने कहा कि सदन चलाना सभापति की जिम्मेदारी होती है। सभापति विपक्षी सांसदों का अपमान करते हैं। जो सभापति मेरा सम्मान नहीं कर रहे, मैं उनका क्या सम्मान कर सकता हूं।

### अब वॉइस मैसेज का जवाब देना हुआ आसान, कमाल के हैं नए फीचर

**नई दिल्ली**। मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वॉटसऐप ने एक नया फीचर पेश किया है, जिससे वॉइस मैसेज का जवाब देना और भी आसान हो गया है। अब यूजर्स को मैसेज को स्वाइप करने या मैन्युअली सेलेक्ट करने की जरूरत नहीं है। बस एक टैप में वॉइस मैसेज रिकॉर्ड करके भेजा जा सकता है। यह फीचर फिलहाल लेटेस्ट वर्जन में उपलब्ध है, डाउनलोड किया जा सकता है। यह फीचर पर्सनल और ग्रुप चैट्स दोनों में बातचीत को ज्यादा आसान और स्मूथ बनाता है। नए अपडेट में एक खास बटन जोड़ा गया है, जो वॉइस मैसेज के पास दिखेगा जब आप ऑडियो सुनना शुरू करेंगे। इस बटन को टैप करते ही आप तुरंत अपना रिप्लाई रिकॉर्ड कर सकते हैं। यह प्रक्रिया बहुत आसान और तेज है, जिससे आपको बातचीत से बाहर जाने या मैसेज को मैन्युअली सिलेक्ट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### रुसी भाषा में आया मेलः आरबीआई को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी। मुंबई




दिल्ली के स्कूलों को धमकी के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर एक ईमेल मिला है, जिसमें रूसी भाषा में धमकी दी गई है। मेल में दावा किया गया है कि वो आरबीआई को बम से उड़ा देंगे। मुंबई पुलिस ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही माता रमाबाई मार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। आरबीआई को इससे पहले भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसी साल नवंबर में ही आरबीआई के ग्राहक सेवा विभाग को एक धमकी भरा कॉल आया था। कॉल सुबह 10 बजे के करीब आया था और धमकी देते वाले व्यक्ति ने कहा था कि वो लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ है। इससे पहले आज ही दिल्ली के 6 नामी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। स्कूलों को ईमेल के जरिए ये धमकी मिली। इसकी जानकारी लगने पर अग्निशमन अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## सड़क दुर्घटनाओं में भारत का रिकॉर्ड ऐसा कि, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में मुंह छिपाना पड़ता हैः गडकरी

एजेंसी। नई दिल्ली

सत्ता पक्ष से विपक्षी दलों में सर्वाधिक लोकप्रिय मंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी संसद में अपनी साफगोई और स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते हैं। मुद्दा चाहे किसी भी दल के जनप्रतिनिधि का हो, गडकरी की कार्यशैली से प्रभावित हुए बिना कोई रह नहीं सकता। गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के एक वक्तव्य से हर कोई दंग रह गया। जिसमें उन्होंने देश में लगातार बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर



अपनी गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि 'सड़क दुर्घटनाओं में कमी तो भूल जाइए, मुझे ये कहने में कोई झिझक नहीं है कि विश्व स्तर पर इस मामले में भारत का सबसे गंदा रिकॉर्ड है। मैं सड़क दुर्घटनाओं पर चर्चा के लिए होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुंह छिपाने की कोशिश करता हूं'। स्वीडन ने हालांकि दुनिया में जीरो दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बताते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि देश में सालाना होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 1.78 लाख है। उत्तर प्रदेश इस मामले में शीर्ष पर है। वहां सड़क दुर्घटनाओं के 23 हजार 652 मामले सामने आए हैं। यह कुल दुर्घटनाओं का करीब 13.7 फीसदी होता है। इसके बाद तमिलनाडु में 18 हजार 347 मामले सामने आए। जो कि 10.6 फीसदी होता है। तीसरे स्थान पर 15 हजार 366 मामलों के साथ महाराष्ट्र (9 फीसदी) है। चौथे स्थान पर 13 हजार 798 मामलों के साथ मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा 8 फीसदी पर रहा। इन चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात कर मामले में सुधार की कोशिश का तर्क गडकरी ने सदन के समक्ष दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### एबीवीपी के जिला संयोजक ने राजमहल और बरहरवा इकाई को भंग किया

**राष्ट्रीय मुख्यधारा:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साहिबगंज जिला के जिला संयोजक संजय दत्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि एबीवीपी की राजमहल ओर बरहरवा इकाई को 12 दिसंबर से भंग कर दिया गया है। इसके कारण के बारे में बताया कि उक्त इकाई द्वारा पूरे वर्ष में परिषद के कार्य के प्रति पूर्ण रूप से निष्क्रियता दिखाई गई। जिस कारण राजमहल ओर बरहरवा इकाई को भंग कर नए इकाई का गठन करने का निर्णय लिया गया।

### स्पेशल ड्राइव में 37 कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित मामले का सेटलमेंट

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: साहिबगंज:** झालसा के निर्देशानुसार, 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक संजय कुमार उपाध्याय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय साहिबगंज के मार्गदर्शन में फैमिली कोर्ट से संबंधित मामले को लेकर चतुर्थ फैमिली स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया है।

साहिबगंज न्याaय मंडल के अंतर्गत कुटुंब न्यायालय साहिबगंज एवं एडिशनल कुटुंब न्यायालय राजमहल से कुल 67 मामले को सुला समझौते के लिए स्पेशल ड्राइव में भेजा गया था। मध्यस्थता केंद्र में मेडिएटर के सहयोग से कुटुंब न्यायालय साहिबगंज का 21 मामला एवं एडिशनल कुटुंब न्यायालय राजमहल से 16 मामला का सेटलमेंटकिया गया। ओके स्पेशल ड्राइव में मaेडिएटर सुनील कुमार, सरदार आनंद गोपाल सिंह, देवेंद्र सिंह,अशोक कुमार श्रीवास्तव ,विजय कुमार, संजय मिश्रा ,अमरेंद्र मोहती उपस्थित थे। ज्ञात होगी 14 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से जिला विभाग न्यायालय परिसर साहिबगंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत आज

**राष्ट्रीय मुख्यधारा:** नालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के तत्वाधान में शनिवार को सुबह 10:30 बजे व्यवहार न्यायालय साहिबगंज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। ओके लोक अदालत कार्यक्रम में सुला सुला ह समझौते के आधार पर छोटे-छोटे विवादों का त्वरित निपटारा किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम में बैंक बीमा बिजली विभाग सहित अन्य विभाग से संबंधित मामले का निपटारा भी किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का कार्यक्रम अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश साहिबगंज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।उक्त बातों की जानकारी विश्वनाथ भगत सचिव जिला विदेश सेवा प्राधिकार साहिबगंज ने दिया।

### पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 18 को

**एजेंसी । रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों में 18 दिसंबर को जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश जिलों के एसएसपी और एसपी को दिया है। जिसमें आमलोग पुलिस के एडीजी,आइजी और डीआइजी रैंक के अफसरों के सामने अपनी समस्या रखेंगे। पूर्व में 21 अगस्त 2024 को हुए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये छह हजार शिकायतों को लेकर दिये गये निर्देशों का कितना पालन हुआ,इसको लेकर भी समीक्षा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को डीजीपी ने दिया है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी हो गया है।

### पिकनिक मनाने के क्रम में दो भाई नदी मे डूबे , मौत

**एजेंसी । गिरिडीह।** धनवार के हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने आए धनबाद के एक परिवार के दो सगे भाइयों की मौत नदी के गहरे पानी में डूबने से हो गई । घटना शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे की है । दोनो बच्चों की मौत से परिवार में भी कोहराम मचा दिया। बच्चों के माता पिता घटना के बाद असहज हो गये है। घटना स्थल पर पहुंचे घोडथंबा ओपी प्रभारी शंभू ईश्वर प्रसाद को भी सगे दोनों बेटो के पिता गिरधारी साहू से बात कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा करने में काफी देर रुकना पड़ा । तब जाकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया को पूरी की जा सकी । जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय विशाल कुमार और 7 वर्षीय विक्रम अपने पिता गिरधारी साहू सहित पूरे परिवार के साथ अपने घर धनबाद से गिरिडीह के धनवार के घोड़थंबा ओपी के हदहदवा नदी पहुंचा था। पूरा परिवार नदी तट पर पिकनिक मनाने में मशगूल था। इसी बीच दोनों मासूम विक्रम और विशाल कब नदी नहाने घुसे और नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले गए। इसकी भनक तक किसी को नहीं लगा। लेकिन जब दोनो बच्चों ने बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया। तो पिता समेत पूरा परिवार दोनो को नदी से बाहर निकालने के लिए दौड़े। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के साथ पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर बच्चो के शव को नदी से निकालने में जुट गयी। काफी मेहनत के बाद दोनों के शव को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार घटनास्थल कोडरमा और गिरिडीह जिला का सीमावर्ती इलाका है।

### पेड़ से टकराई कार, दुर्घटना में डॉक्टर दंपति घायल

**एजेंसी । खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के चुरगी गांव के पेट्रोल पम्प के पास शुक्रवार को लगभग तीन बजे हुई सड़क दुर्घटना में रेफरल अस्पताल तोरपा की चिकित्सक डॉ दीप्ति नूतन तोपनो( 50 वर्ष) तथा उनके पति डॉ निरल सांगा( 55 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों अपनी वैगन आर कार से रांची से रेफरल अस्पताल तोरपा जा रहे थे। कार निरल सांगा चला रहे थे। शुक्रवार को डॉ दीप्ति की अस्पताल में नाइट ड्यूटी थी। वे अपने पति के साथ ड्यूटी जा रहे थे। जानकारी के अनुसार अस्पताल आने के क्रम में चुरगी पेट्रोल पम्प के पास सामने से एक ट्रक अचानक सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी, जिसमें दोनों घायल हो गये। सूचना पाकर रेफरल अस्पताल के कर्मी एम्बुलेंस से तुरंत घटनास्थल पहुंचे और डॉ दीप्ती को अस्पताल लाया गया, लेकिन उनके पति डॉ निरल सांगा कार में फंस गये। उनका पैर दब गया था। मौके पर पहुंचे तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पाण्डेय, अस्पताल के कर्मी और स्थानीय लोगों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला गया तथा एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। रेफरल अस्पताल में दोनों का इलाज डॉ अपूर्वा घोष ने किया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रांची रेफर कर दिया गया। डॉ दीप्ति के सिर, नाक, चेहरा आदि में चोट आयी है, जबकि उनके पति डॉ निरल को पैर, हाथ में चोट पहुंची है।

### अड़की के रक्तदान शिविर में दस यूनिट रक्त संग्रह

**एजेंसी । खूंटी।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी और प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अड़की प्रखंड में में स्वास्थ्य शिविर सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। कैंप का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अड़की महेश कुमार महतो और रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू ने किया। शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान 10 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

# बेड़ो प्रखंड का केंद्रीय टीम ने किया दौरा

- 35 एकड़ की भूमि पर लगे बागवानी देख हुए प्रभावित
- योजनाओं की क्रियान्वयन व देखभाल के तरीका की जानकारी लिया

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बेड़ो:** केंद्रीय लाइवली हुड की अगुवाई में एक टीम ने शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के ईंटा पंचायत का दौरा किया। इस आठ सदस्यीय टीम में लाइवली हुड के व्युविनियेर अंथोनी और अमित कुमार सिंह, डिजिटल ग्रीन के डाक्टर रितेश कुमार, श्रद्धांजलि नर्सरी के विश्वजीत दास, सीएफएल के डायरेक्टर गौरव मिश्रा, टीआरआइ के मोहम्मद करीम, रणजीत कुमार मिश्रा, ग्रामीण विकास विभाग के निहारा रंजन महाराणा आदि शामिल थे। टीम ने ईंटाचिल्द्री गांव में 35 एकड़ जमीन पर लगे आम की बागवानी को देखकर प्रभावित हुए और किसानों की प्रशंसा किया । मौके पर महिला समूह की दीदी, महिला मेट एवं लाभुकों से आम बागवानी के संबंध में कई जानकारी लिया। जिसमें योजनाओं की क्रियांवयन, देखभाल का तरीका सहित अन्य जानकारी ली गई। लाभुकों ने बताया कि पंचायत और प्रखंड की ओर से आम बागवानी सहजता पूर्वक प्राप्त हुआ है। साथ ही हमारी वार्षिक आमदनी में इजाफा भी हुआ है। इधर पंचायत के पूर्व मुखिया और समाज सेवी बुधराम बाड़ा ने गांव के विकास की गाथा बताते हुए कहा कि 49 लाभुकों के 35 एकड़ जमीन पर आम बागवानी के तहत पौधे लगाए गए हैं। यहां के किसान प्रत्येक वर्ष 30 से 40 हजार का आम बाजार में बेचता है। आम का पौधा इस ढंग से लगाया जाता है कि बागवानी की जमीन में खेती भी आसानी के साथ की जा सके। जिस कारण यहां के किसानों का वर्ष भर खेती-बाड़ी का सिलसिला भी चलता है। साथ ही आम बागवानी से अतिरिक्त लाभ हासिल हो जाता है। उन्होंने बताया कि शुरुआत के समय किसानों को समझाने के साथ-साथ कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब यहां के किसान बाकी जगहों के लिए एक मिसाल बन गए हैं। टीम के सदस्यों ने यहां लगे हुए बागवानी का अवलोकन किया और बागवानी के बीच में की जाने वाली विभिन्न फसलों की खेती से भी प्रभावित हुए। वहीं मौके पर मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, ग्राम प्रधान सह पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, मुखिया अनीता बाड़ा,मुकेश कुमार सिन्हा, सचिन,नेहा सहित महिला समूह की दीदी, महिला मेठ, जनप्रतिनिधि ,योजनाओं के लाभुक व ग्रामीण आदि मौजूद थे।

## सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहेंगे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के उच्चाधिकारी : शिल्पी नेहा तिर्की

एजेंसी । रांची



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस में पहली विभागीय समीक्षा के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के उच्च अधिकारी सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट पर रहेंगे। इसका उद्देश्य ग्राउंड लेबल पर विभाग की योजनाओं की हकीकत जानना है। अधिकारी विभाग के बंद कमरों से बाहर निकलकर धरातल पर योजनाओं की हकीकत को समझने का काम करेंगे। दिनभर चली मैराथन बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि समीक्षा बैठक में विभाग के सामने चुनौतियों को चिह्नित करते हुए उसके समाधान की दिशा में बढ़ने पर चर्चा हुई है। इसके साथ विभागीय बजट को लेकर भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वो खुले विचार से लोगों के सुझाव को ग्रहण करने की सोच को अपनाये। उन्होंने कहा कि विभाग ग्रामीण हाट बाजार को विकसित करेगी। ग्रामीण इलाकों में जर्जर हाट बाजार को दुरुस्त करने के लिए विभाग राशि खर्च करने पर भी सहमति बनी है। विभाग की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के लिए ब्लॉक स्तर पर योजना कैलेंडर जारी करने का निर्देश दिया गया है। दरअसल, योजना की सही जानकारी के अभाव में लाभुकों तक विभाग की योजना का लाभ नहीं पहुंचा पाता है। समीक्षा बैठक के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार की योजना का पहले विभागीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। योजना को लेकर विभागीय सहमति बनने के बाद विभाग उस पर काम करेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नये कोल्ड स्टोरेज बनाने के बजाय पुराने कोल्ड स्टोरेज को चालू करने पर विभाग का फोकस रहेगा। किसानों के उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर के बाजार को विभाग बढ़ावा देगी। मेधा डेयरी को तेजी के साथ प्रमोट करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड में किसान खरीफ में ज्यादा और रवि फसल पर ध्यान देते हैं। इसमें समय के साथ बदलाव करने की जरूरत है। राज्य में आलू की खेती के लिए पहले स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की आवश्यकता होगी। इसके लिए विभाग के अधिकारी उधोग विभाग के साथ सामंजस्य बैठाकर इस दिशा में पहल करेंगे।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण




एजेंसी । खूंटी

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को जिले के अड़की प्रखंड के पिस्का हातु आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। कल्याण पदाधिकारी ने उक्त आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में भी विकसित करने के संबंध में चर्चा की। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, टीकाकरण, साफ-सफाई और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर उपलब्ध पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की जांच की और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी बच्चों को समय पर पोषक तत्वयुक्त भोजन मिले। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की भी जानकारी ली और उन्हें जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। प्रखंड स्तर में आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम पर दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी जायजा लिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को पोषण के अतिरिक्त उन्हें रोचक तरीके से प्रशिक्षण देना था।

## मां दुर्गा मंदिर के गुंबद पर लगने वाली कलश की हुई पूजा

### मां दुर्गा के मंदिर का रंग रोगन का कार्य जारी है,मार्च में होगा प्राण प्रतिष्ठा, समिति ने सहयोग की अपील

राष्ट्रीय मुख्यधारा: राजू कुमार सिंह



**बेड़ो:** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा के मंदिर का भव्य मंदिर तैयार किया जा रहा है। मां दुर्गा की मूर्ति राजस्थान से मंगाई गई है। वही मंदिर का गुंबद में रंग रोगन का कार्य जारी है। जिसमें समिति ने सहयोग की अपील किया है। लोगों के सहयोग से बन रहे मंदिर पूरे प्रखंड वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। जहां अशोक पंडित ने समिति के सदस्यों सौमित्र शर्मा,साधन कुमार राय,परना महतो व उमेश महतो द्वारा गुम्बदों पर लगने वाले कलश का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। जिसके बाद मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना की जाएगी। समिति के सदस्य सौमित्र शर्मा ने बताया कि मंदिर में कुल चार कलश स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी मार्च महीने में दस दिनों का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। अभी गुंबद सहित पूरे मंदिर में रंग रोगन का काम चल रहा है। इसके बाद गर्भगृह में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। समिति ने मां के भक्तों से सहयोग की अपील की है। समिति ने मंदिर निर्माण में अभी तक सहयोग प्रदान करने वाले मां के भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही मां के भक्तो से अपील की है कि मंदिर के निर्माण में बढ़ चढ़ कर मंदिर निर्माण कार्य को पूरा कराने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करें। समिति के अशोक पंडा के पास अपना सहयोग राशि दान स्वरूप जमा कर सकते है। इसके अतिरिक्त यूको बैंक के एकाउंट नं 08030110072301में भी जमा कर सकते है। मंदिर निर्माण के लिए मंदिर निर्माण समिति ने प्रखंड व आस पास क्षेत्र के लोगों एवं श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है।



## स्कूल में रंगोली और साइंस एग्जीबिशन का आयोजन, विधायक हुए शामिल

एजेंसी । रांची



**हजारीबाग।** शहर के मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रंगोली और साइंस एग्जीबिशन का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने विधायक का स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सदर विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के जरिये प्रस्तुत रंगोली और विज्ञान मॉडल्स की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और नवाचार की भावना की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। बच्चों की कला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण देखकर मुझे विश्वास है कि हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। इन आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना का भी विकास होता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

## ओवरलोडिंग रोकने के उद्देश्य से चलाया अभियान, वसूला गया 4.22 लाख जुर्माना

एजेंसी । रामगढ़



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने और ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर डीटीओ मनीषा वत्स ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के जरिये भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग के साथ -साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की । उन्होंने शुक्रवार को बताया गया कि दो दिनों के जांच के दौरान कुल 30 से 35 बड़े वाहनों की जांच की गई। इसमें 15 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों के चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई। इसमे लगभग कुल 422153 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 15 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल, फिटनेस फेल, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 422153 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी के जरिये जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया और दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई। मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे। जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें।

## लोहरदगा में 15 दिसंबर से प्रारंभ होगा धान अधिप्राप्ति का कार्य : उपायुक्त

एजेंसी । लोहरदगा



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुक्रवार को लोहरदगा जिला के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार खरीफ विपणन के तहत धान अधिप्राप्ति का कार्य 15 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हो रहा है। इसके तहत इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से और बोनस के रूप में 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। धान अधिप्राप्ति की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्रों का चयन, राईस मिलों का चयन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केंद्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति का कार्य किया जा चुका है। जो भी किसान अपना धान विक्रय करना चाहते हैं वे खुले बाजार या बिचौलिये को ना देकर अपना धान सिर्फ अपने क्षेत्र के नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र या एफपीओ पर ही विक्रय करें। उन्होंने कहा कि सभी किसान धान अधिप्राप्ति योजना का भरपूर लाभ उठाएं। धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर 15 दिसंबर 2024 से साधारण किस्म का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस की राशि 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राज्य सरकार क्रय करेगी। वहीं ग्रेड ए किस्म की धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2320 रूपये प्रति क्विंटल एवं बोनस की राशि 100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को राज्य सरकार भुगतान करेगी। जिला में धान क्रय के लिए दो किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) एवं 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र (लैम्पस) का चयन किया गया है। इनमें लोहरदगा सदर प्रखण्ड में हेसल लैम्पस लिमिटेड, निंगनी लैम्पस, मन्हो लैम्पस , कुडू प्रखण्ड में कोलसिमरी लैम्पस , ककरगढ़ लैम्पस, कुडू लैम्पस, लावागाई लैम्पस, चंदलासो लैम्पस, किस्को प्रखण्ड में किस्को लैम्पस , अरैया लैम्पस , हेसापीड़ी लैम्पस , खरकी लैम्पस, जोड़ा सखुआ एफपीओ, सेन्हा प्रखण्ड में सेन्हा लैम्पस , बुटी लैम्पस , अलौदी लैम्पस , सुखसंपदा एफपीओ, बदला लैम्पस, कैरो प्रखण्ड में सढ़ाबे लैम्पस , हनहट लैम्पस और भण्डरा प्रखण्ड में भौरो लैम्पस लिमिटेड शामिल हैं। सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों में पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024



संक्षिप्त समाचार

## कसमार बीडीओ ने स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी केंद्रों का लिया जायजा

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** कसमार के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी ने शुक्रवार को कसमार प्रखण्ड के खैराचातर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विधि व्यवस्था एवं प्रतिदिन के कार्यों की विस्तृत जानकारी उपस्थित एएनएम व स्वास्थ्यकर्मियों से ली। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश देते हुए बताया कि खैराचातर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर रोज सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, इसलिए मरीजों की चिकित्सा सेवा में किसी तरह की गड़बड़ी व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल में आवश्यक दवा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सिविल सर्जन से मोबाइल पर बात कर सुविधा मुहैया कराने की बात भी की। इसके अलावा बीडीओ ने प्रखंड के टांगटोना एवं अन्य पंचायतों में कई आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आँगनबाड़ी कर्मियों को बच्चों के पोषाहार से लेकर केंद्र में दी जानेवाली सभी सुविधाओं की भी जानकारी ली।



## महिला समिति ने किया कंबल, साबुन व सैनिटरी पैड का वितरण



**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** महिला समिति बोकारो की कार्यकारिणी दल ने शुक्रवार को बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर विभाग के सहयोग से बोकारो के समीप स्थित ग्राम गोड़ाबाली में कंबल का वितरण किया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी ने ग्रामवासियों को स्वच्छता का महत्व बताया तथा दैनिक जीवन में इसका पालन कैसे हो, यह समझाते हुए समिति द्वारा उत्पादित साबुन के अलावा युवतियों में सैनिटरी नैपकिन्स का भी वितरण किया। यह कार्यक्रम गांव के मुखिया तथा बीएसएल सीएसआर के वरीय प्रबंधक नीरज त्रिपाठी की मदद से संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने समिति की सभी सदस्याओं का गीत-संगीत तथा फूलों से स्वागत किया। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शरण, सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती श्वेता कुमार, कोषाध्यक्ष श्रीमती अभिरुचि प्रिया, उप-कोषाध्यक्ष अंजली, सुरभि प्रभारी अनीशा झा, सदस्यीय समिति मोहंती तथा आशा राज मिश्रा उपस्थित रहीं।

## तुपकाडीह में हाई मास्क लाइट लगाने का काम शुरू

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** तुपकाडीह मेनरोड स्व. साधु महतो चौक में हाई मास्क लाइट लगाने का काम शुक्रवार को शुरू हो गया। 50 फीट ऊंचे इस लाइट से पूरा बाजार रौशन होगा। डीएमएफटी फंड से लगने वाले इस लाइट की अनुशंसा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ़ अनूप सिंह ने की है। लाइट लगने की जानकारी से व्यवसायियों व आमजन को ख़ुशी हुई है। बाजार समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार महतो ने बताया कि रौशनी मिलने पर बाजार गुलजार होगा।



## डीवीसी के अवकाश प्राप्त इंजीनियर का निधन, शोकसभा का आयोजन

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट विद्युत विभाग के अवकाश प्राप्त इंजीनियर राजेंद्र राम का निधन गुरुवार की रात कोलकाता के बीएम बिरला हॉस्पिटल में हो गया। वे अपने पीछे पत्नी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शुक्रवार को स्थानीय डीवीसी पेंशनर्स फोरम के कार्यालय में अवकाश प्राप्त इंजीनियर के निधन पर एक शोकसभा का आयोजन फोरम के सचिव कमलाकांत तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। शोकसभा में फोरम के सभी सदस्यों ने अवकाश प्राप्त इंजीनियर सह फोरम के सदस्य के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर केशो प्रसाद सिंह, अनिल कुमार देव, सुंदर शर्मा, सुनील कुमार कर्ण, भोला प्रसाद सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद थे।

# चिन्मय विद्यालय बोकारो में 48वां वार्षिक खेल महोत्सव मनाया गया

- वायु हाउस 296 अंक के साथ अव्वल

राष्ट्रीय मुख्यधारा














चिन्मय विद्यालय, बोकारो के क्रीडागंन में 48वां वार्षिक खेल समारोह पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ । जिसमें सभी हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इन सभी का उत्साह बढ़ाने के लिए अभिभावकों की भारी भीड़ जमा थी। छात्रों में खेल-भावना व खेलकूद के प्रति प्रतिबद्धता के उद्देश्य से कुल 118 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। विद्यार्थी शिक्षक एवं अभिभावकों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया, जैसे कि 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, सैक रेस, टॉफी रेस , बैग रेस , थ्री लेग रेस , स्पून एंड मार्वल रेस, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट व टग ऑफ वॉर।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कुंदन कुमार, सीजीएम - नगर प्रशासन, सेल, बोकारो आवासीय आचार्या स्वामिनी सम्युक्तानंद, अध्यक्ष श्री बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव श्री महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर.एन मल्लिक, पुर्व कोषाध्यक्ष अनुप शर्मा , प्राचार्य श्री सूरज शर्मा, बिपुल कुमार सिंह, प्राचार्य रेनबो पब्लिक स्कूल ,रंजीत कुमार, प्राचार्य, आदर्श पब्लिक स्कूल उपप्राचार्य श्री नरमेंद्र कुमार थे ।, सभी अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ गीता पाठ से हुआ, मुख्य अतिथि श्री कुंदन कुमार, सीजीएम - नगर प्रशासन, सेल, बोकारो ने मशाल जला कर किया। मुख्य अतिथी कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह बढाते हुए कहा कि खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाते हैं, और हमें भारत के विश्व गुरु बनने के लिए खेलकूद को निरंतर बढ़ावा देना चाहिए। खेल जीवन ही जीवन का दर्शन है, यह हमें लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए एकाग्रचित हो हमेशा अभिप्रेरित करता रहता है। हमेशा जीतने की जिज्ञासा बनाए रखता है।

बाल-खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए एवं सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियो का स्वागत करते हुए विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने खेलकूद का महत्व बताया एवं अभिभावकों को समझाया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेलकूद द्वारा हम अनुशासन, टीमवर्क एवं समर्पण जैसे गुणों को आत्मसात करते हैं। जिससे हमारी एकाग्रचित्तता बढ़ती है और पढाई में भी मन लगा रहता है। चिन्मय विजन प्रोग्राम के अंतर्गत शारीरिक विकास, कक्षागत एवं कक्षेतर गतिविधियों का एक प्रमुख स्तंभ है।

प्राचार्य ने विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय धावक उसेन बोल्ट कि प्रशंसा करते हुए उनके जीवन से संबद्धित कई रोचक बाते बता कर बच्चों का हौसला बढाया ।

उक्त वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में मार्च पास्ट, योग प्रदर्शनी, ऐरोबिक डान्स , ड्रिल और बालक एवं बालिका वर्ग के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रि-नर्सरी से ले कर 11वी तक के छात्र-छात्राओं ने पुरे उमंग एव जोश से भाग लिया।

11वी के कुणाल प्रताप , अंजली गुप्ता, 9वी के सौरव सिंह, 8वी के अनुष्का, 7वी के शिवांश सिहं एवं 6ठी के अहाना राज ने शानदार प्रर्दशन कर कई पदक अपनी झोली मे हासिल किया।

**विभिन्न खेल के परिणाम कुछ इस प्रकार हैं**

**ओवरऑल चैंपियन हाउस-** वायु हाउस 296 अंक के साथ अव्वल रहा

**100 मी (बालक) -** मानव कुमार बाउरी (कक्षा -3), हर्श राज (कक्षा -4),, आयुश राज (कक्षा -5), आदित्या कुमार सिहं(कक्षा -6) , शिवांश सिंह (कक्षा -6), आयुश (कक्षा -8), अनुशका (कक्षा -8), सोरव सिंह (कक्षा -9), कुणाल प्रताप (कक्षा -11)

**100 मी (बालिका) -** अंतरीक्षा सिहं (कक्षा -3),शानवी परासर (कक्षा -4) ,अन्नया हलदार (कक्षा -5) , अहाना राज (कक्षा -6), श्रिष्टि कियारा (कक्षा -7), अनुष्का (कक्षा -8), संजना जया सिंह (कक्षा -9), अंजली गुप्ता (कक्षा -11)

**200 मी (बालक) -** आयुष राज (कक्षा-5), राधेश्याम ठाकुर, (कक्षा-6), सिवान सिंह (कक्षा-7), आदित्य अरविंद (कक्षा-8), सौरभ सिंह (कक्षा-9), कुणाल प्रताप (कक्षा-11)

**200 मी (बालिका) -** अनन्या (कक्षा-5), अहाना राज (कक्षा-6), श्रीनिधि पटेल (कक्षा-7), अनुष्का (कक्षा-8), प्राणिया खवास (कक्षा-9), अंजली गुप्ता (कक्षा-11)

सभी विजेताऔ को आवासीय आचार्या श्री सम्युक्तानंद जी, अध्यक्ष श्री बिस्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव श्री महेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आर.एन मल्लिक, प्राचार्य श्री सूरज शर्मा, उपप्राचार्य श्री नरमेंद्र कुमार, सभी अकादमिक पर्यवेक्षक वरीय शिक्षक शिक्षिकाए द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया।

समस्त गतिविधियां विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष हरिहर पांडे, एवं संजीव कुमार, रणविजय ओझा, प्रांजल साइका, नितेश कुमार पांडे, प्रवीण कुमार, ललिता उराँव, विशाल मौर्य व आदर्श आचार्य के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

# जेएलकेएम के कसमार प्रखंड अध्यक्ष को मातृ शोक

- जयराम महतो समेत अन्य पार्टी नेताओं ने जताया शोक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



बोकारो : कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी निवासी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कसमार प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत महतो की मां तथा सेवानिवृत्त सहायक अध्यापक गुरु प्रसाद महतो की पत्नी उर्मिला देवी (उम्र 66 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। बताया गया कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। रांची और बोकारो की चिकित्सकों से उनका इलाज चल रहा था। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। दोपहर को उनका अंतिम संस्कार गांव के सामने स्थित श्मशान में किया गया। उनके निधन से जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं, समर्थकों, शिक्षकों व ग्रामीणों के बीच शोक व्याप्त है। जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो, गोमिया की पार्टी प्रत्याशी रही पूजा महतो के अलावा डॉ बसंती हेंब्रम, केंद्रीय सचिव भुवनेश्वर महतो, प्रखंड सचिव सौरभ जायसवाल, मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, उपमुखिया प्रतिनिधि नरेश महतो, नरेंद्र घांसी, सृष्टिधर महतो, सुकदेव राम, काशीनाथ महतो, जगदीश महतो, अनिल महतो, यादव महतो, अरविंद महतो, राखाल महतो, रिखीलाल महतो, मोहन महतो, नेहरू महतो, लालू महतो, भुनेश्वर महतो, शिक्षक दिनेश नायक, रंजीत महतो हीरालाल महतो, सुभाष महतो, अशोक महतो, चंद्रभूषण कपरदार, त्रिलोचन महतो, विजय महतो, जयवीर महतो, जितेंद्र महतो, भुदेश महतो, मुरारी महतो आदि ने शोक जताया है।



## डीवीसी जमा दो विद्यालय की शिक्षिकाओं ने प्राचार्य पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, डीजीएम को लिखा पत्र

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के जमा दो विद्यालय की चार शिक्षिकाओं ने स्कूल के प्राचार्य धनंजय कुमार पर उनके साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और दुर्भावना का आरोप लगाते हुए लिखित पत्र डीवीसी के डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर को दिया है। प्राचार्य के खिलाफ लिखे गए आरोप पत्र पर हस्ताक्षर करने वाली शिक्षिकाओं में विभा सिन्हा, आशा कुमारी, ईशा कुमारी और शोभा पांडेय शामिल हैं। शिक्षिकाओं ने अपने आरोप में लिखा है कि धनंजय कुमार बिना किसी कारण के महिला शिक्षिकाओं को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर अभद्र भाषा से बात करते हैं और उन्हें बुरी नजरों से घूरते हैं। छात्रों की मौजूदगी में महिला शिक्षिकाओं पर प्राचार्य दबाव बनाने का काम करते हैं, पुरुष शिक्षक खाली बैठे रहते हैं और महिला शिक्षिकाओं को छह पीरियड क्लास लेने का आदेश देते हैं और वे पुरुष शिक्षकों से सामान्य रूप से तथा महिला शिक्षिकाओं से अशिष्टता से पेश आते हैं। उन्होंने लिखा कि वे स्कूल में सुरक्षित महसूस करने की बजाय असुरक्षित महसूस करती हैं, जिसके कारण उन्हें स्कूल में पठन-पाठन के कार्य में कठिनाई महसूस होती है।

**डीजीएम ने जांच कमेटी बनाई** - स्कूल की महिला शिक्षिकाओं के लिखित आवेदन पर डीवीसी के डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर ने पत्रांक-918 के तहत डीवीसी की ही तीन महिला अधिकारियों की एक जांच कमेटी गठित कर दी है। डीजीएम द्वारा गठित जांच कमेटी में डीवीसी हॉस्पिटल की वरीय प्रबंधक डॉ. रजनी नोरिन एक्का, एचआर की प्रबंधक अंजू बोईपाई और प्रबंधक सी एंड एम चंचला कुमारी शामिल हैं। जांच कमेटी ने शुक्रवार को स्कूल जाकर शिक्षकों से मामले को लेकर पूछताछ की। इसके पूर्व गुरुवार को चारों महिला शिक्षिकाओं से भी पूछताछ की गई और सभी को अपना-अपना आवेदन देने को कहा गया।

**प्राचार्य का पक्ष** - मामले को लेकर शुक्रवार को जब स्कूल के प्राचार्य धनंजय कुमार से पूछा गया तो उनका कहना था कि उन्हें किसी प्रकार के मामले और गठित जांच कमेटी के बारे में जानकारी नहीं है।

**डीजीएम का पक्ष** - मामले को लेकर डीवीसी के डीजीएम बीजी होलकर ने पूछे जाने पर कहा कि महिला शिक्षिकाओं ने उन्हें आवेदन दिया है, जिस पर जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल का उक्त मामला देखने से अनुशासनहीनता का नजर आता है।

## डीएवी स्कूल में नेत्र जांच शिविर व वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बेड़ो:-** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन मोराबादी के द्वारा स्वामी शुखमयानंद जी के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर और बच्चों के बीच वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नेत्र जांच में साठ बच्चों का टेक्नीशियन गोविंद कुमार के द्वारा आंख जांच किया गया जिसमें छः बच्चों का दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें रामकृष्ण मिशन के द्वारा ही मुफ्त में चश्मा बनाकर दिया जाएगा। वही सभी बच्चों को विटामिन ए की गोली दी गई। स्वामी शुखमयानंद जी ने बच्चों को आंखो की स्वस्थ रखने के लिए गाजर और हरी शब्जी खाने की सलाह दी। रामकृष्ण मिशन द्वारा वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन भी कक्षा सात के विद्यार्थियों के बीच किया गया। जिसमें विजेता छात्रों को स्वामी विवेकानंद जी का किताब देकर सम्मानित किया गया।स्वामी शुखमयानंद जी के द्वारा नैतिक शिक्षा के कार्यशाला में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद और शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दी अगर शरीर स्वस्थ रहेगा तो पढ़ाई भी अच्छे से होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों से कहा कि मन को एकाग्र पढ़ाई में केंद्रित करनी चाहिए। रामकृष्ण मिशन के योग प्रशिक्षक उज्ज्वल आनंद ने बच्चों को योग के द्वारा कैसे अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जा सकता है और ध्यान के द्वारा कैसे अपने मन को कैसे कन्ट्रोल कर सकते हैं। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि नेत्र जांच शिविर बच्चों के लिए बहुत लाभकारी होगा। रामकृष्ण मिशन के द्वारा उन्हें मुफ्त में चश्मा भी दी जाएगी यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों को नैतिक शिक्षा की भी बहुत आवश्यकता है। सोशल मीडिया के युग में बच्चे अपनी नैतिकता खोते जा रहे हैं और अच्छे बुरे को पहचान नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार की कार्यशाला से बच्चों में नैतिक गुणों का विकाश होगा और बच्चे अपने कर्तव्यों को समझेंगे और एक अच्छे नागरिक बनेंगे। इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी शुखमयानंद, उज्ज्वल आनंद, आशुतोष सर, घनश्याम और गोविंद कुमार मौजूद थे।

## तीन सप्ताह से 10 पंचायतों में जलापूर्ति बंद

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना की खुटरी पानी टंकी से रोजाना सुबह दस पंचायत के घर-घर मिलने वाला शुद्ध सप्लाई पानी विगत तीन सप्ताह से बंद हो गया है। जलापूर्ति बंद होने का कारण तुपकाडीह तेनु-बोकारो नहर के पम्प हाउस में वीटी मशीन का खराब हो जाना बताया जाता है। मशीन कब बनेगी, जलापूर्ति कब शुरू होगी, इसका जवाब पेयजल आपूर्ति विभाग, सिस्टम को चला रहे संवेदक या पंचायत समिति से आमजन को नहीं मिल रहा है। संवेदक के प्रतिनिधि अमर मिश्रा ने बताया कि विभाग मशीन को बनाने का काम करे और लागत राशि दे तो पानी शुरू करने पर विचार किया जा सकता है। जलकर राशि वसूलने वाली जल सहिया बहू पंचायत के जिम्मे है, जब चाहें सिस्टम को चालू कर सकते हैं। इधर पेयजल आपूर्ति विभाग के वरीय अभियंता राम प्रवेश राम से फोन पर बात करने की कोशिश फोन नहीं उठाने पर बेकार साबित हो रही है। बताते चलें कि लगभग दस हजार पानी के ग्राहक पानी की किल्लत को झेल रहे हैं।



## बोकारो टाउनशिप के लिए रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के पूरे टाउनशिप के लिए रासायनिक अर्थिंग परियोजना का उद्घाटन शुक्रवार को अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवा) कुंदन कुमार, नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक-प्रभारी (विद्युत) राजुल हरकरनी, महाप्रबंधक (विद्युत) ए एन सिंह, उप महाप्रबंधक डी के सिंह, वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार, परियोजना डिवीजन के उप महाप्रबंधक आर एल मीणा, वरीय प्रबंधक अभिषेक आदित्य तथा अन्य अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

बोकारो स्टील सिटी में लगभग 250 से अधिक विद्युत् सब-स्टेशन हैं, जहां पर 2000 रासायनिक अर्थिंग स्थापित की जाएगी। बीएसएल में पहली बार उन्नत प्रकार की रासायनिक अर्थिंग का प्रतिष्ठापन किया जा रहा है। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली, विद्युत लाइन और उपकरण के अर्थिंग का बहुत ही प्रभावी तरीका है, क्योंकि यह चालकता को बढ़ाता है और विद्युत प्रणालियों के लिए लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्रदान करता है। रासायनिक अर्थिंग प्रणाली कम रख-रखाव में स्थिर और लंबे समय तक काम करने वाली, अत्यधिक टिकाऊ, जंग-रोधी प्रकृति, के साथ पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भोगनाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम आज तैयारी पूरी करेंगे परिसंपत्तियों का वितरण और कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बरहेट/साहेबगंजः** आज भोगनाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम भोगनाडीह में है आयोजित। मध्याह्न भोगनाडीह पहुंचेंगे।मुख्यमंत्री श्री सोरेन हेलीकॉप्टर से भोगनाडीह पहुंचेंगे । जहां उनका हेलीकॉप्टर वीर शहीद सिदो-कान्हू पार्क के समीप बने हेलीपैड पर लैंड करेंगे। वहीं उन्हें जिला पुलिस द्वारा गार्ड आफ आनर दिया जायगा। मुख्यमंत्री श्री सोरेन के अलावे गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन सहित कई अन्य मंत्री व विधायक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे ।इसके बाद श्री सोरेन शहीदों को माल्यार्पण करेंगे। वहीं बगल के मैदान में मुख्यमंत्री का मंच और भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है जिसका कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसको लेकर देर शाम साहिबगंज उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास भोगनाडीह पहुंचकर बने स्टेडियम सिदो-कान्हू पार्क के साथ-साथ बन रहे मंच और पंडाल आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किए तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



वहीं इस मौके पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल पुलिस निरीक्षक नूनू देव राय बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह मौजूद थे।

### दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए जांच शिविर का आयोजन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज/तालझारीः** :सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और एलिम्को द्वारा प्रखंड परिसर में शुक्रवार को दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। बीडीओ पवन कुमार के उपस्थित में कुल 15 लोगों का जांच किया गया। पी.एण्ड पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार वर्मा ने बताया कि जिन-जिन लोगों का जांच किया गया है उन सभी को जरूरत के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। जैसे बैट्री- चलित ट्राई साईकिल, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, व्हील चेयर, सीपी चेयर, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्टफोन, टीएलएम किट एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए - छड़ी, कमोड वाली चेयर, चश्मा, कृत्रिम दांत, व्हील चेयर इत्यादि दिया जाएगा। इसके लिए लाभुकों को निम्नलिखित कागजात दिव्यांगजनों के लिए आधार कार्ड, युडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र या राशन कार्ड की छायाप्रति और वरिष्ठ नागरिकों के लिये आधार कार्ड और राशन कार्ड की छायाप्रति साथ लाना है। विभिन्न प्रखंडों में अलग-अलग दिन लगाया जाएगा कैंप। मंडरो 14, बोरियो 16, बरहेट 17, पतना ब्लॉक 18,



बरहरवा 19, बरहरवा नगर परिषद 20, राजमहल 21, राजमहल नगर परिषद 23, उधवा ब्लॉक 24 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मौके पर पी. एण्ड पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार वर्मा, ऑडिओलॉजिस्ट डॉ अभिजीत कुमार, डेंटल डॉ अभिषेक, राकेश मेहता, शिवम शुक्ला, डॉ अभिषेक एवं सहायक टेक्निशियन उपस्थित थे।

### जल जमाव निकासी समस्या की समाधान के लिए नाला निर्माण की प्रकिया शुरू

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बरहरवा/साहिबगंजः** साहिबगंज कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार द्वारा गुरुवार को प्रोफेसर कॉलोनी में जल जमाऊ से त्रस्त लोगों के शिकायत पर वार्ड 02 का भौतिक निरीक्षण करने के बाद शुक्रवार को स्पेशल डिवीजन तथा बरहरवा नगर पंचायत के कनीय अभियंता की एक टीम ने संयुक्त रूप से जल निकासी हेतु पक्की नाली का निमार्ण हेतु वार्ड संख्या 02 में रिंकू अंसारी के घर से होते हुए भाया मस्तान के घर होते हुए भाया बी एन साहा के घर होते हुए सीधा राजमहल रोड के मुख्य नाले तक एवं वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में इंफोर्मेटिक के पास वाले नाले से होते हुए भाया पंचू रविदास के घर होते हुए भाया भीम राव अम्बेडकर स्कूल होते हुए राजमहल रोड के मुख्य नाले तक वाटर लेवल पाइप द्वारा पूरे एरिया को चिन्हित किया तथा उसी के आधार पर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा ।



मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, कनीय अभियंता पंचानन्द,मोहित कुमार, महेश उरांव,रवि उरांव, अंकित कुमार, अमीन सेख सहित अन्य मौजूद थे।

### झामुमो नेता वारिस अनवर ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर संध्या इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य से की मुलाकात

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** झामुमो के जिला संगठन सचिव वारिस अनवर ने छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं को लेकर इंटर संध्या महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य शंभू नाथ पाठक से मिले। प्राचार्य शंभू नाथ पाठक ने छात्र एवं छात्राओं की समस्याओं को हर संभव दूर करने की बात कही।वही प्राचार्य शंभू नाथ पाठक ने झामुमो नेता वारिस अनवर को महाविद्यालय से जुड़े समस्याओं से अवगत करवाया।वहीं झामुमो नेता वारिस अनवर ने भी मूलभूत सुविधाओं को जल्द बहाल करने का आश्वासन दिए।



इस मौके पर लाल बाबू,रंजीत महतो,अभय यादव,मोहम्मद महफूज अंसारी, रजी अशरफ सहित कई लोग मौजूद थे।

### रमैया केयर फाऊंडेशन हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** बोरियो क्षेत्र के साक्षरता मोड़ के निकट रमैया केयर फाउंडेशन ए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन आज बोरियो विधायक धनंजय सोरेन करेंगे।जिसकी जानकारी अस्पताल के प्रोपराइटर संगम सौरभ ने दी।

उन्होंने बताया कि अस्पताल में गायनोकोलॉजी,नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ,फिजिशियन,जेनरल सर्जरी,ऑर्थोपेडिक्स,ट्रामा, कार्डियोलॉजी,न्यूरोलॉजी सहित कई तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंजः** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के निर्देशानुसार साहेबगंज जिलान्तर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं एन०एस०एस० के संयुक्त तत्वाधान से जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 कार्यक्रम का आयोजन सिद्धों कान्हू सभागार किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा स्वामी विवेकानन्द के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन लगातार इस चीज के लिए प्रयासरत है कि जो भी हमारी प्रतिभाएं हैं उन प्रतिभाओं को एक अच्छा मंच मिल सके चाहे खेल के क्षेत्र में हो, चाहे विज्ञान के क्षेत्र में हो, चाहे आर्ट्स के क्षेत्र में हो किसी भी क्षेत्र में, किसी भी व्यक्ति के अंदर कोई प्रतिभा है तो उसको एक सही मंच मिलना चाहिए। मैं आप लोगों से अपिल करता हूं कि अपने आसपास जितने भी लोग हैं जितने भी युवा वर्ग है उन लोगों को आप इस चीज के लिए मोटिवेट करें।हमारा युवा समाज आज तेजी से बदल रही दुनिया में अपनी पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है। वर्तमान में जहाँ एक ओर तकनीकी प्रगति हो रही है, वहीं दूसरी ओर हमारे परंपरागत मूल्यों और संस्कृतियों को बचाए रखने की जिम्मेदारी भी हम पर है। ऐसे में युवा महोत्सव जैसे आयोजन हम सभी को अपने सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ने, अपने भीतर छुपी कला और प्रतिभा को बाहर लाने का अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता,मोबाइल फोटोग्राफी, कविता प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, कहानी लेखन प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, एकल गान प्रतियोगिता, विज्ञान मेला (समूह), विज्ञान मेला (एकल) जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## वृद्ध महिला को स्कूटी सवार चालक ने किया गंभीर रूप से घायल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वृद्ध महिला को झूमावती अस्पताल के पास स्कूटी ने जोरदार टक्कर मार गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया। इलाज के दौरान घायल वृद्ध महिला के बेटा सुनील मुंडा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरी मां बरसी देवी उम्र 65 वर्षीय, पति चमरू मुंडा, बड़ा पंचगढ़ डाटा टोली के रहने वाली है जहां शाम में 5 बज कर 20 मिनट में किसी काम को लेकर कोर्ट के रास्ते जा रही थी वहीं तेज रफ्तार स्कूटी झूमावती हॉस्पिटल के सामने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बरसी देवी सड़क किनारे गिर कर सर फट गया और बेहोश हो गई। वहीं राहगीरों ने घायल वृद्ध महिला को उठाया और किसी ने वृद्ध महिला की पहचान किया और उनके बेटे को सूचना दिया सूचना मिलते ही घायल वृद्ध महिला का बेटा सुनील मुंडा घटनास्थल पर पहुंचकर इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लेकर आया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर फारूक हसन इलाज में लग गए वृद्ध महिला खतरे से बाहर है। वहीं परिजनों के द्वारा जिरवाबाड़ी थाना को मोटरसाइकिल से टक्कर मार कर फरार होने का सूचना दे दिया है।

## छेड़खानी के मामले में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**साहिबगंज/पतनाः** रांगा थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते बुधवार की रात एक विवाहिता के घर में घुसे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया एवं जमकर पिटायी कर दी। साथ ही गांव में लोगों ने करीब 10 घंटे तक पकड़ कर रखा। अगले दिन मामले की जानकारी मिलते ही बरहरवा एसडीपीओ, इंस्पेक्टर सहित तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के चंगुल से निकाल कर युवक को थाना लाया। जानकारी के अनुसार, राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा पहाड़ टोला निवासी सैदूर रहमान बुधवार की रात करीब 11 बजे एक विवाहिता के घर घुसा गया।हो-हल्ला मचने पर परिजनों व ग्रामीणों ने चारों ओर से घेर कर उक्त युवक को पकड़ लिया, और पिटाई करने के बाद गांव में ही पकड़ कर रखा। वहीं सुबह रांगा थाना पुलिस को सूचना मिलने के बाद बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, बरहरवा इंस्पेक्टर सुधीर कुमार पोद्दार, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह व राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, एवं ग्रामीणों को समझा-बुझाकर भीड़ के चंगुल से निकालकर युवक को थाना लाया। इधर महिला ने रांगा थाना में लिखित शिकायत कर युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। जिसमें जिक्र किया है कि उक्त युवक से उसकी पहले से ही जान-पहचान थी तथा फोन से बात-चीत होती थी। बुधवार की रात करीब 11 बजे युवक मेरे घर में घुसकर छेड़छाड़ करने लगा और, जब मैंने इसका विरोध किया, तो जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। जब मैंने हल्ला किया तो आवाज सुनकर पड़ोस व गांव के लोगों ने आकर युवक को पकड़ कर घर में बंद कर दिया।

मामले में बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने कहा कि महिला की शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं के तहत रांगा थाना में कांड संख्या 122/24 दर्ज कर युवक को जेल भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## चयन प्रतियोगिता में 21 बाल कवियों ने लिया भाग

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**साहिबगंजः** साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच के तत्वधान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में स्थानीय बाल कवियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजस्थान मध्य विद्यालय में आयोजित काव्य प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया पब्लिक उच्च विद्यालय साहिबगंज राजस्थान मध्य विद्यालय नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय सहित अन्य विद्यालयों के 21 छात्र छात्राओं ने स्वरचित काव्य का पाठ किया. काव्य पाठ में निर्णायक के रूप में सुधीर श्रीवास्तव आनंद कुमार अमन एवं अनुराग राहुल ने बाल कवियों की कविताओं को सुनकर 10 प्रतिभागियों का चयन 21 और 22 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में प्रस्तुति के लिए किया है. चयनित बाल कवियों में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय की कोमल कुमारी शालू कुमारी आस्था कुमारी रिया कुमारी अलीना परवीन अंशु कुमारी एवं जानवी कुमारी शामिल है. जबकि जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा स्नेहा कुमारी पब्लिक उच्च विद्यालय के अंकुर कुमार एवं राजस्थान मध्य विद्यालय के हरीश कुमार को भी राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में काव्य पाठ का अवसर प्रदान किया जाएगा. मंच के महासचिव ने बताया कि बच्चों में स्वरचित काव्य के प्रति समर्पण को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंच हमेशा प्रयास करता रहा है. राष्ट्रीय मंच पर जब अन्य राज्यों के कवियों के साथ यह बालकवि अपनी कविता का पाठ करेंगे तो निश्चित रूप से इनका मनोबल और बढ़ेगा। इस मौके पर राजस्थान मध्य विद्यालय की प्राचार्य दो रानी झा सहायक शिक्षिका मीना देवी के अलावा स्वैक्षिक सेवा दे रहे सुबोध कुमार झा विभीषण पासवान तथा अन्यके साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# डॉ अजय कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ, धोखाधड़ी और प्रताड़ना मामले में गए जेल

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार





**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने दहेज प्रताड़ना और मारपीट के मामले को लेकर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय कुमार को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक रियासत में भेजा गया। पत्नी पुष्पांजलि कुमारी पति डॉक्टर अजय कुमार, अर्जुन नगर कॉलोनी साहिबगंज की रहने वाली ने बीते 23 सितंबर 2024 को महिला थाना साहिबगंज में तथा जिरवाबाड़ी थाना में 30 सितंबर 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बावजूद अभियुक्त व उसके रिश्तेदार द्वारा जबरन पीड़िता के घर में घुसकर जान से मारने की नियत से मारपीट कर जख्मी करने के बाद आवेदन देने के बाद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई थी। पीड़िता पुष्पांजलि कुमारी का आरोप है कि उसे धोखे में रखकर डॉ अजय कुमार ने उससे शादी की। पीड़िता का कहना था उसके पास शादी का प्रमाण है लेकिन उसके पति डॉ अजय कुमार पूर्व से ही शादीशुदा थे। इस बात को लेकर उसके पति डॉ अजय कुमार अपनी दूसरी पत्नी पुष्पांजलि कुमारी से बराबर मारपीट करता था। जहां 12 दिसंबर 2024 को संध्या 6:00 बजे लगभग पीड़िता के घर पर कल्पना कुमारी और उसके साथ अन्य दो-चार महिला आई कल्पना जो अपने आप को डॉ अजय कुमार की पहली पत्नी बताती है के द्वारा पीड़िता पुष्पांजली को जान मारने की नीयत से मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। जिसकी सूचना जब जिरवाबाड़ी थाना को दिया तो जिरवाबाड़ी थाना ने पति डॉ अजय कुमार को गिरफ्तार कर अग्रतार कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज/तालझारीः** तालझारी थाना क्षेत्र के मदनशाही गांव के समीप घुमावदार मोंड़ सड़क पुल के पास सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क सुरक्षा प्रजापति प्रकाश बाबा ने बताया कि दुर्घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचा तो रांगा थाना अटगांवा निवासी प्रकाश तुरी 20 वर्षीय पिता बब्बू तुरी एवं रोहित तुरी 20 वर्षीय सड़क के नीचे 10 फीट गहरे खेत में स्कूटी लेकर गिरे पड़े थे। इलाज हेतु उसे तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसका इलाज डॉक्टर मिलिंद राज, ड्रेसर रामचंद्र एवं हंसो कुमार के द्वारा उपचार किया गया। प्रकाश तुरी का सड़क दुर्घटना में बाया पैर और दाहिना हाथ दोनों टूट गया।



घायल रोहित तुरी ने बताया कि अपने घर से किसी काम से तालझारी आया था। वापस लौटने के क्रम में तालझारी मदनसाही घुमावदार मोंड़ सड़क के पुल के पास अचानक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर आ गया जिससे बचने के लिए स्कूटी को 10 फीट गहरे खेत में उतरना पड़ा। गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने बांके बिहारी मेंस पार्लर का किया उद्घाटन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** शहर के कॉलेज रोड स्थित मछुआ सोसाइटी में बने अति संसाधन युक्त बांके बिहारी मेंस पार्लर का उद्घाटन मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने फीता काट कर किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह की दुकान से स्वरोजगार को बल मिलेगा।उनकी सरकार युवाओं या जरूरतमंदों को 40 प्रतिशत सब्सिडी पर लोन देने का कार्य कर रही है।लोग खासकर युवा वर्ग इसका लाभ उठा कर अपने को स्वरोजगार से जोड़ सकते है।इससे उन्हें रोजगार की तलाश में बाहर के अन्य प्रदेशों में पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मौके पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रमोद चौधरी,अरुण चौधरी,धनंजय तिवारी,मनोज चौरसिया,कौशल किशोर ओझा,सुरेंद्र यादव,प्रयाग चौधरी,आदित्य ठाकुर,गोपाल यादव,सहित दर्जनों गण्यमान्य लोग मौजूद थे।

# आरपीएफ ने ट्रैक डिवाइस सेंसर केबल चोरी होने के मामले में दो को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बरहरवा/साहिबगंजः** मालदा रेल मंडल अंतर्गत बरहरवा साहिबगंज के बीच बोनीडांगा रेलवे स्टेशन के पास ओएचई मास्ट नम्बर 00/51- 00/56 के बीच करीब 5 मीटर की एक ट्रैक डिवाइस सेंसर केबल चोरी कर लिये जाने के मामले में आरपीएफ ने दो लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं, दो नाबालिगों को भी गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, न्यू फरक्का के एसएसई तांडव समदर्शी ने बीते 2 दिसंबर को उक्त घटना की शिकायत बरहरवा आरपीएफ में की थी। जिसके बाद बरहरवा आरपीएफ ने कांड संख्या 01/24 दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई थी। इसके अलावे बीते 11 दिसंबर को ओएचई मॉस्ट नम्बर 172/48-50 के समीप करीब 2.5 मीटर ट्रैक डिवाइस तार की चोरी की सूचना मिली। जिसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार व एमके सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में एसआई लाल बहादुर मांझी, एएसआई सुरेश पासवान, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र प्रसाद यादव, चंदन कुमार, चंद्रकांत सिंह के अलावे मालदा सीआईबी के एसआई पी मिश्रा, एएसआई आरएस यादव, हेड कांस्टेबल जे राम शामिल थे। टीम के द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने एक व्यक्ति के साथ दो नाबालिग को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उनके पास से चाकू व तार बरामद हुआ। साथ ही उन्होंने पूछताछ में निजी स्वार्थ के लिये रेलवे की संपत्ति चोरी कर बेचने की बात स्वीकार कर लिया है।उन्होंने बताया कि वह चोरी का समान पश्चिम बंगाल की फरक्का थाना क्षेत्र के तिलडांगा के मारु खान के दुकान में समान बेचते थे, जिसके बाद आरपीएफ ने उक्त दुकान में भी छापेमारी करने का प्रयास किया लेकिन, दुकान बंद पाया। तत्पश्चात तिलडांगा के हाटपाड़ा में घर से सटे आलम शेख के दुकान में छापेमारी कर वहां से करीब 3 मीटर सेंसर केबल बरामद किया। साथ ही आलम शेख को हिरासत में ले लिया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### हाईटेंशन लाइन टावर काटने वाले पांच गिरफ्तार

**लातेहार, एजेंसी।** हाईटेंशन लाइन टावर काटने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार ने एक प्रेस बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना मिली कि मंगलवार की देर रात थाना क्षेत्र के एकमहुआ गांव के पास संगठित अपराधिक गिरोह द्वारा टावर की कटिंग कर टावर एंगल पीकअप वाहनों पर लोडकर को बेचने के लिए ले जाने वाले हैं। सूचना पर छापामारी दल का गठन कर छापामारी किया गया। इस छापामारी में टीम ने टावर का एंगल चोरी करने के उपयोग में लगे सामान एवं अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के नाम राहुल ठाकुर, समीर खान, मंगलदेव उरांव, फुलदेव उरांव व संगु भुईयां है। छापामारी दल में पुअनि श्रवण कुमार, सअनि अरविन्द कुमार सिंह, सअनि अंजन कुमार राय और सशस्त्र बल के जवान थे।

### नागपुरी फिल्म जनी शिकार का मुहूर्त संपन्न

**रांची, एजेंसी।** करमटोली चौक रांची स्थित प्रेस क्लब के सभागार में एके सिने हाउस के बैनर तले एवं निर्देशक आदित्य कुमार के निर्देशन में बनने वाली नागपुरी फिल्म जनी शिकार का मुहूर्त बुधवार को संपन्न हुआ। मुहूर्त कार्यक्रम में फिल्म से संबंधित सभी मुख्य कलाकार एवं टेक्नीशियन शामिल हुए। मौके पर मीडिया से बात करते हुए फिल्म के निर्माता निर्देशक आदित्य कुमार ने कहा कि जनी शिकार आदिवासी इतिहास पर आधारित एक नागपुरी फिल्म है, जिसे कई और क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार करने की संभावना है। इस फिल्में जहां आदिवासी समाज के शोषण और उत्थान को दर्शाया गया है वहीं नारी शक्ति को पहली प्राथमिकता दी गई है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म झारखंड राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगी। फिल्म से संबंधित सभी कलाकार और टेक्नीशियन अपने काम को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म का विषय वस्तु काफी रोचक है, क्योंकि इसका संबंध इतिहास की सच्ची घटनाओं से है। फिल्म की शूटिंग दिसंबर माह से शुरू होगी और फरवरी 2025 में शूटिंग पूरी कर ली जाएगी एवं अप्रैल 2025 में फिल्म को सिनेमा हॉल में प्रदर्शित किया जायेगा। आज के मुहूर्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड का छैला फिल्म के निर्माता-निर्देशक अनिल सिकदर, एक्शन निर्देशक मास्टर मो शहाबुद्दीन, जॉलीवुड की अभिनेत्री वर्षा लकड़ा, चांदनी बड़ाईक, रोहित, सुमित, अनूप टोपनो शामिल थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को, 10 लाख मामलों के निपटारे का लक्ष्य

**रांची, एजेंसी।** नेशनल लीगल सर्विस अथोरिटी (नालसा) के कलेंडर और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्य भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जायेगी। लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाईकोर्ट समेत जिला अदालतों में कई बेंचों का गठन किया गया है। शनिवार को झालसा के अध्यक्ष, झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और अन्य जजों की मौजूदगी में जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद करेंगे। लोक अदालत में राज्य भर के दस लाख मामलों को निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्री लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं। लोक अदालत में निष्पादन के लिए जिन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, उसमें करीब एक लाख ऐसे मामले हैं, जो अलग-अलग अदालतों में पेंडिंग हैं।

### पत्रकारों से ही भिड़े जयराम महतो, वीडियो हो रहा वायरल

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के छठे विधानसभा का पहला सत्र खत्म हो गया है। लेकिन पहली बार जीत कर विधानसभा पहुंचे डुमरी विधायक जयराम महतो लगातार अपने बयानों और तेवर से चर्चा में रहे। गुरुवार को सत्र के अंतिम दिन वह विधानसभा के बाहर पत्रकारों से ही भिड़ गए। हुआ ये कि जब जयराम महतो बात कर रहे थे तभी उन्होंने कहा कि नेताओं को निजी आवास नहीं क्वार्टर लेना चाहिए और पब्लिक सेवा जैसे ट्रेन और बस से सदन आना चाहिए। इसपर पत्रकार ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल भी यही बोलते थे लेकिन वो भी सारी सेवाएं ले रहे हैं। इसपर जयराम पत्रकारों पर ही बिफर पड़े।

# विधायक दल का नेता चुने जाते ही प्रदीप यादव ने कसा हिमंत बिस्वा सरमा पर तंज





**रांची, एजेंसी।** पोड़ैयाहाट सीट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव को कांग्रेस विधायक दल का नेता घोषित किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस ने खिजरी के विधायक राजेश कच्छप को विधायक दल का उपनेता और बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को सचेतक घोषित किया है।

गुरुवार को सदन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो को इसकी जानकारी दी। प्रदीप यादव गोड्डा जिले की पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र से छठी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं।

वह राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह गोड्डा से एक बार सांसद भी चुने जा चुके हैं। प्रदीप यादव काफी मजबूती से अपनी बातें विधानसभा के भीतर-बाहर रखने के लिए जाने जाते हैं। यही नहीं उन्होंने भ्रष्टाचार से जुड़े कई मामलों को भी उजागर किया है।

राज्य सरकार के पूर्व मंत्री मथुरा प्रसाद महतो सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक बनाए गए हैं। गुरुवार को विधानसभा में इस संबंध में घोषणा की गई। मथुरा प्रसाद महतो टुंडी से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक हैं।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने भाजपा की सीटें कम होने पर खिंचाई करते हुए कहा कि इन्होंने दंगा-फसाद कराने के प्रयास किए तो घटकर 24 हो गए।

भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तंज कसते हुए कहा कि वे भाजपा की लांड्री योजना के तहत ही धुलकर निकले थे। इससे पहले तो 14 नवंबर 2014 को इनके यहां सीबीआई का छापा पड़ा था।

प्रदीप यादव ने कहा, हिमंत ने मंइया सम्मान योजना के जवाब में भाजपा की ओर से गोगो दीदी योजना चलाने की धोखेबाजी की कहानी शुरू की, जिसमें उनके सह नेता ने भी साथ दिया। बाबूलाल भी इसमें साथ हो गए। इससे भी बात नहीं बनी तो दंगा-फसाद कराने में लग गए।

घुसपैठ के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठ की बात करने वाली भाजपा बताए कि बॉर्डर पर रोकने की जिम्मेदारी किसकी है। यह असफलता गृहमंत्री अमित शाह की है।

चुनाव में बंटोगे तो कटोगे का नारा देकर देश की धर्मनिरपेक्षता तथा अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया गया। इन्होंने तो संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ये मनुस्मृति को मानने वाले लोग हैं। ये लोग फिर सत्ता पक्ष को परेशान करेंगे, लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं।

## हेमंत सरकार का बड़ा फैसला

# झारखंड में जारी रहेगी फ्री बिजली

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के लोगों के लिए हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिजली माफी योजना जारी रहेगी। जी हां, विधानसभा में अनूपूरक बजट पेश किया गया है जिसमें ऊर्जा विभाग को 2577।92 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है।

झारखंड के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शीतकालीन सत्र में 11697।92 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक मंईयां सम्मान योजना के लिए 6390।55 करोड़ रुपये का प्रवाधान किया गया है। उसके बाद ऊर्जा विभाग को 2577।92 करोड़ रुपये दिया गया।

हेमंत सोरेन सरकार की बिजली बिल माफी योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों को कोई भी राशि नहीं देनी होगी। इस योजना से करीब 41 लाख उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचाया जा रहा है। मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक का एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी भी नहीं देना होगा।

अब आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि जो उपभोक्ता 200 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करेगा उनका क्या होगा। उन्हें पहले की ही तरह सब्सिडी मिलती रहेगी। 200 से 400 यूनिट बिजली इस्तेमाल करने वालों को 2।05 प्रति यूनिट के हिसाब से सब्सिडी मिलेगी। वहीं 400 यूनिट से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वाले को 6।65 प्रति यूनिट के हिसाब से पैसे देने होंगे।

## शादी में जा रही बस दुर्घटना ग्रस्त, 12 लोग घायल

**हजारीबाग, एजेंसी।** बिहार के सारण जिला के दिघवारा से रांची आ रही विक्रम नामक बस चरही घाटी के हत्यारी मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गई। इसमें 12 लोग घायल हो गए, जिसमें चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसा मंगलवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद कुछ लोगों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार सारण के दिघवारा के रहने वाले कामाख्या सिंह अपनी बेटी को लेकर शादी के लिए रांची जा रहे थे। शादी आज मंगलवार को ही होनी थी। बस में लगभग 60 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बस चरही के हत्यारी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसके कारण घटना घट गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग ले जाया गया।जबकि कई और घायलों को रिम्स भेजा गया है। हादसे में बस का कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं 22 वर्षीय सोनी सिंह के ठुड्डी में गहरी चोट लगी है,वहीं 12 वर्षीय प्रकाश कुमार के सिर में गहरी चोट लगी है। 55 वर्षीय उषा देवी का हजारीबाग में इलाज चल रहा है। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में इलाजरत पलक सिंह, ममता सिंह, सोनी सिंह, सुरभी सिंह, संजना देवी, रेखा सिंह, कश्मीर सिंह सहित कई का नाम शामिल है।

# भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही : बाबूलाल मरांडी



**रांची, एजेंसी।** छठी विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही। भाजपा को 37।37 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15।56 प्रतिशत ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है। उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। पुलिस कोई काम की नहीं है। वहां जाकर देखना चाहिए।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है। झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में बहाली की चर्चा की गई है, लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है। इसकी सीबीआई से जांच कराएं, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

भाजपा विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है। धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूली की जाए। सरकार बालू की नीलामी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने तक गृह निर्माण के लिए बालू फ्री किया जाए। बालू घाट लूटा जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा है।

# हमने 2019 में डाली नींव; अब उसपर खड़ी होगी बिल्डिंग, विधानसभा में बोले हेमंत सोरेन



**रांची, एजेंसी।** विधानसभा में गुरुवार को सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जहां एक ओर भाजपा को निशाने पर लिया, वहीं सरकार की भावी योजनाओं को रेखांकित किया। संक्षिप्त संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य में हमने लंबी लकीर खींची है। हमारी सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं, गांव-देहात से चलेगी। भाजपा ने झारखंड को दलदल में धकेला है। हमें सत्ता से हटाने के लिए सारे हथकंडे अपनाए गए।

भाजपा के शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि तब किसान राज्य में आत्महत्याएं कर रहे थे। लोगों को भूखे मरते देखा है। भाजपा सरकार के दौरान राज्य के अलग होने के बाद सभी डरे-सहमे थे और जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्ष के लोग कहते हैं कि उन्होंने झारखंड को अलग किया। यह सही है कि उन्होंने मुहर लगाई, लेकिन राज्य संघर्ष से राज्य मिला है।

सोरेन ने कहा, अलग झारखंड आंदोलन की लड़ाई दिशोम गुरु शिबू सोरेन, वीर निर्मल महतो, विनोद बिहारी महतो समेत अन्य नेताओं के नेतृत्व में चली। यह लड़ाई वर्षों चली और लोगों ने बलिदान दिया। महिलाएं विधवा हुईं। यहां सामंती लोग हमारे नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहते थे कि हंडिया-दारू पीने वाला राज्य लेगा। हमें गर्व है अपने नेताओं पर, जिन्होंने लड़ाई लड़ी। उन्होंने विपक्ष की ओर सवाल उछालते हुए कहा - आपलोग ही बताइए 2019 तक राज्य को क्या मिला

हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले कार्यकाल के दौरान राज्य के विकास की मजबूत नींव रखी गई थी। अब बिल्डिंग बनाने की बारी है। बहुत जल्द शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य क्षेत्रों में अवसर दिखाई देंगे। जब तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं होता, तब तक राज्य के सर्वांगीण विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सरकार ने हमेशा गरीबों, आदिवासियों, दलितों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी।

2019 में गठबंधन के सत्ता में आने के बाद बुनियादी ढांचे, पर्यटन और रोजगार सहित विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक बदलाव हुए। 2019 से पहले लोग खुश नहीं थे। 2019 में गठबंधन सरकार बनने के बाद लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया। विपक्ष से सहयोग की उम्मीद जताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में उनकी सरकार को गिराने की कोशिशें की गई। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार का श्वेत पत्र है। इसमें यह स्पष्ट है कि सरकार क्या करना चाहती है और राज्य को किस दिशा में ले जाना चाहती है। झारखंड सबसे पिछड़ा राज्य है। यहां देश के बड़े उद्योग लगे। जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम पर जाना जाता था तो उन्होंने भी यहां उद्योग लगाए। पता नहीं कौन सा अभिशाप था कि लोग विस्थापित और बेरोजगार हुए। यहां पलायन की स्थिति बनी रही। ये बहुत गंभीर विषय है।

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर मिलेंगे। बोलने से अधिक काम को दिखाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। परिवर्तन 2019 से शुरू हुआ। हमने आधारभूत संरचना, पर्यटन, रोजगार सृजन पर काम किया। झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां श्रमिकों के लिए हमने सबसे बेहतर कानून बनाया। हम मजदूरों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। विपक्ष के भी साथी परस्पर सहयोग करें। रांची शहर के विधायक सीपी सिंह बुजुर्ग हो गए हैं।

## जेल से रची गई थी दीपक सिंह की हत्या की साजिश, दो गिरफ्तार

**हजारीबाग, एजेंसी।** जेल से रची गई थी दीपक सिंह की हत्या की साजिश। इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। हजारीबाग एसपी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए कहा कि दीपक की हत्या आपसी विवाद और पैसे की लेनदेन के कारण हुई थी। हत्या की साजिश जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि बीते पांच दिसंबर को जिले बड़कागांव थाना अंतर्गत गिद्दी के साधु कुटिया के पास से दीपक सिंह का शव बरामद किया था। जिसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां और यूरबी कुरमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया गया है। जिसने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है। हत्या को अंजाम देने के लिए 25 हजार रुपए मिलन तुरी ने यूरबी करमाली को भेजा था। जिसमें 17 हजार रुपए संतोष कुमार को दिया। संतोष के पास से मृतक दीपक का मोबाइल और हत्या के बदले 17 हजार में से बचा हुआ 16 हजार 300 रुपए बरामद किया गया। आरोपी संतोष की निशानदेही पर घटना को अंजाम देने में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद किया गया है।

# एनएचएआई अधिकारियों ने गोविंदपुर में रोड चौड़ीकरण का किया निरीक्षण



### दुकानदारों को गुरुवार शाम तक माडा मैदान में अपनी दुकान शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया था

**धनबाद, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने गुरुवार को गोविंदपुर में एनएच-2 (जीटी रोड) के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। काम में लगी निजी एजेंसी स्काईलार्क के डीपीएम को गोविंदपुर बाजार इलाके में जीटी रोड का चौड़ीकरण 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे से मुलाकात कर बाकी बचे स्थानों पर भी रोड किनारे से अतिक्रमण हटाने की अपील की। कहा कि गोविंदपुर बाजार में अभी भी जीटी रोड की जमीन पर कुछ लोग ठेला-खोमचा लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। कुछ दबंग लोग जीटी रोड की जमीन पर दुकान लगाने वालों से वसूली भी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

एनएचएआई अधिकारियों ने सीओ से कहा कि माडा मैदान के बाहर अब भी दुकानें लग रही हैं, जबकि सभी दुकानदारों को गुरुवार शाम तक माडा मैदान में अपनी दुकान शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा कि सभी दुकानें माडा मैदान में शिफ्ट नहीं होने से रोड चौड़ीकरण का काम बाधित है। सीओ ने काम जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।


# प्रयागराज महाकुंभ में भाग लेने वाले तीर्थयात्री गाइडलाइन का पालन करें




**रांची, एजेंसी।** 14 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रत्र के आलोक में झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गाइडलाइन का पालन करने का अनुरोध किया है।

गाइडलाइन में श्रद्धालुओं को दिशा-निदेश देते हुए एडवाजरी में कहा गया है कि महाकुंभ मेला 2025 मोबाइल एप डाउनलोड कर मेले की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें और यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति हेल्थ चेकअप करायें उसके बाद ही यात्रा करें। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड धारक अपना कार्ड साथ में रखें ताकि आकस्मिक स्थिति में सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त में इलाज कराया जा सके। एडवाजरी में मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन के लिए निदेशित किया गया है कि गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। धूम्रपान एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करें। मच्छरों से बचाव के लिए रेपेलेंट साथ रखें। साथ ही हीटर, अलाव आदि का उपयोग टेंट के अदर न करें। इससे आग लगने का खतरा हो सकता है। किसी भी आपात स्थिति में महाकुंभ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112 एवं आपदा हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कौन बनेगा बीजेपी विधायक दल का नेता मरांडी के साथ सीपी सिंह और नीरा यादव भी रेस में







**रांची, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी विधायक दल को नए नेता के लिए अभी प्रतीक्षा करनी होगी। विधानसभा के पहले सत्र में पार्टी बिना नेता का चयन किए ही गई। अब 22 जनवरी से भाजपा का सदस्यता अभियान चलना है। इसमें प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक के चुनाव होंगे। फरवरी तक इस प्रक्रिया के पूरे होने की संभावना है। इसके बाद भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा।

प्रदेश अध्यक्ष के लिए नया नाम आने के बाद ही भाजपा विधायक दल का नेता घोषित किए जाने की संभावना है। दोनों ही पद पर नाम तय करते समय भाजपा सामाजिक समीकरण का भी ध्यान रखेगी। केंद्रीय नेतृत्व विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद प्रदेश भाजपा को धारदार बनाने के लिए नई नियुक्तियों में सतर्कता बरत रहा है। इसी वजह से पहले सत्र में नेता का नाम घोषित नहीं किया गया।

गुरुवार को समाप्त हुए विधानसभा के सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेतृत्व किया। हालांकि इसकी कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई थी। लेकिन मंइयां सम्मान योजना समेत कई मुद्दों पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की।

उम्मीद की जा रही है कि विधायक दल के लिए नए नेता का चयन करने में उनकी दावेदारी मजबूत होगी। इसके अलावा सीपी सिंह, नीरा यादव का नाम भी इस पद के दावेदारों में लिया जा रहा है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी ने सदन में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के वक्तव्य पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि इनकी बातों से लग रहा है कि जिन दो मुख्यमंत्रियों के नाम ये ले रहे हैं, उनका खौफ अब भी सत्ता पक्ष में है। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बाबूलाल ने कहा कि भाजपा भले ही अंकगणित में पीछे रही हो लेकिन वोट में आगे रही। भाजपा के 37.37 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 फीसदी ही वोट मिले हैं।

बाबूलाल ने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। वहां लांगों को सेंदरा कर मारा जा रहा है। कानून को जनता हाथ में ले रही है। पुलिस कोई काम नहीं कर रही है। डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। इससे सबसे अधिक आदिवासी और संथाल प्रमंडल प्रभावित है। संथाल में वर्ष 1951 में 44।66 प्रतिशत आदिवासी थे जो वर्ष 2011 में घटकर 28 प्रतिशत हो गए। झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि वहां कैसे डेमोग्राफी बदल गई।

# एक निर्दयी शासन का अंत दूसरे निर्दयी शासन को जन्म

मनमानी और लोगों को दबा कर शासन करने वालों का राज एक न एक दिन खत्म होता ही है। और जब उनके राज का अंत होता है तो वह निष्ठुर होता है। और उन देशों में भी जहां लोकतंत्र दिखावे का है। हाल के दशकों पर निगाह डालें। शेख हसीना का क्या हुआ? सद्दाम हुसैन, गद्दाफी, जीन अल अबिदीन बेन अली, होस्नी मुबारक आदि की सूची में अब बशर अल-असद का नाम भी जुड़ गया है। असद परिवार के पचास साला राज के खात्मे का सभी और स्वागत है। सीरिया में लोगों ने राहत की सांस ली। वहां 'एक नई शुरूआत' और बाकी दुनिया से नए सिरे से संबंध कायम करने को लेकर जश्न का माहौल है। पश्चिम ने असद सरकार के तख्तापलट पर अपनी प्रसन्नता और हर्ष बेबाकी से जाहिर की है। लेकिन एक ऐसे देश के लिए नई शुरूआत कैसी होगी जिसने सिर्फ निर्ममता भुगती है? वे एक नई शुरूआत कैसे करेंगे जबकि उन्होंने जीवन भर सिर्फ दमन देखा-भोगा है? इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि इस्लामिक उग्रवादियों और आतंकवादियों का गठबंधन 'ताजी शुरूआत' का प्रतीक भला कैसे बन सकता है? भविष्य में वे क्या करेंगे यह कोई नहीं जानता। ऐसे में क्या इनके सत्ता पर काबिज होने का जश्न मनाया जाना चाहिए? दस साल पहले मिस्र, लीबिया, ट्यूनीशिया और यमन – जहां तानाशाहों का तख्ता पलट दिया गया था – में खुशियां मनाईं गईं थीं और सुनहरे, आजादी भरे दिनों का इंतजार था। उम्मीदों का कोई ठिकाना न था। सारी दुनिया ने तानाशाहों का राज खत्म होने की थी। ये चार देश क्रांति की सफलता की नजीर बन गए थे। उसे अरब स्प्रिंग कहा गया था। लेकिन आज इन देशों में जो हालात हैं वे हमारे लिए एक चेतावनी हैं। मिस्र में लोकतंत्र अधिक समय तक कायम न रह सका। लीबिया, ट्यूनीशिया और यमन गृहयुद्ध में फंस गए। ये विदेशी ताकतों का अखाड़ा हुए। खाड़ी के अमीर देशों ने वहां अपने लोगों को सत्ता पर काबिज कराने और अन्य देशों में अलोकतांत्रिक शक्तियों की मदद के लिए बेशुमार पैसा खर्च किया। आज इस क्षेत्र में 2010 से भी कम आजादी है – और ज्यादातर पैमानों पर इन देशों के हालात खराब ही हैं। लोकतंत्र के झंडाबरदार पश्चिमी देश, इन देशों की नई शुरुआत में मददगार नहीं हुए। जैसा कि अफगानिस्तान के मामले में हुआ, अब वे इस सोच-विचार में डूबे हुए हैं कि उन देशों में बगावत को सफल बनाने के लिए वे क्या कर सकते थे। क्या इससे ज्यादा आत्ममुग्ध होना संभव है? जो हुआ उसकी वजह बहुत और सीधी है। बगावत के बाद ईरान से रूस तक, और पश्चिम देशों से लेकर तक क्षेत्रीय ताकतों तक – सभी इन देशों में अपना दबदबा कायम करने में जुटे। इसके अलावा, इस्लामवादी समूह भी सक्रिय थे जो चाहते थे कि उनकी मर्जी चले और सत्ता पर उनका प्रभाव रहे। लेकिन सबसे बड़ी भूल हालातों को समझने में हुई। लोकतंत्र के लिए मात्र यह पर्याप्त नहीं होता कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हों। उसके लिए बातों को समझने, जानने और उनमें रूचि लेने वाले नागरिकों, सभी पक्षों को स्वीकार्य नियम-कानूनों और इस सांझे भरोसे की भी जरूरत होती है कि राजनैतिक मतभेद देश के अस्तित्व के लिए खतरा नहीं बनेंगे। सीरिया पर असद का राज खत्म होना एक राहत भरी खबर है लेकिन अनिश्चितता के हालात हैं। इस्लामिक उग्रपंथियां का गठबंधन एक बड़ा खतरा है। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), जिसकी इस तख्तापलट में सबसे बड़ी भूमिका थी, काफी शक्तिशाली है। अमेरिका इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। देश में अपना दबदबा कायम करने के लिए एचटीएस को एक अन्य तुर्की-समर्थित संगठन, जिसका प्रभाव क्षेत्र उत्तरी सीरिया है, और कुर्दिश नेतृत्व वाले पूर्वी सीरिया के एक धर्मनिरपेक्ष गठबंधन, जिसे अमेरिका का समर्थन हासिल है, से निपटना होगा। हालांकि एचटीएस अपनी छवि एक उदारवादी और नर्मदिल संगठन की बनाने की कोशिश कर रहा है, जो ईसाईयों, ड्रूसों और असद के समर्थन के मुख्य आधार शिया समुदाय के अलावतियों समेत सीरिया के विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना चाहता है। लेकिन यह तभी संभव हो सकेगा जब असद के बाद के दौर के सीरिया के शासन के संचालन के संबंध में इन समुदायों के साथ इस संगठन का कोई समझौता हो। यदि ऐसा नहीं हुआ तो गृहयुद्ध चलता रहेगा क्योंकि विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के लडाके, नई केन्द्रीय सरकार को अपने-अपने इलाकों में घुसने से रोकने के लिए खड़े हो जाएंगे। जहां तक विदेशी शक्तियों का सवाल है, तुर्की ने अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी है। तुर्की, सीरिया में राजनैतिक स्थिरता इसलिए भी चाहता है क्योंकि तुर्की में रह रहे 30 लाख सीरियाई शरणार्थी तब तक अपने देश वापिस नहीं जाएंगे जब तक वहां से असद का नामोनिशां मिट नहीं जाता। राष्ट्रपति अर्दोगान को शरणार्थियों को वापिस भेजने में असफल रहने के लिए देश में आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन तुर्की किस सीमा तक एचटीएस को अपने नियंत्रण में रख सकेगा, यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। अर्दोगान का एचटीएस के नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी पर कितना प्रभाव है, यह स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा ईरान और रूस की प्रतिक्रिया क्या होगी और वे कौन-से कदम उठाएंगे, यह समय बताएगा। ईरान का मानना है कि एचटीएस के सशक्त होने और आगे बढने में इजराइल और अमेरिका का मुख्य योगदान रहा है। उसका दावा है कि इजराइल इस संघर्ष का लाभ उठाकर सीरिया के रास्ते ईरान से लेबनान पहुंचाए जाने वाले हथियारों के मार्ग को बंद करना चाहता है। यह बात सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर कही जा रही है, खासकर शियाओं द्वारा। सीरिया का घटनाक्रम निश्चित ही क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित करेगा। असद परिवार का राज खत्म होना उतना ही बुरा है जितना उनका शासन था। इसलिए दुनिया को और बुरे हालातों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया के इस इलाके में अनिश्चितता है और कष्टपूर्ण हालात हैं। कुछ देश पूरी तरह असफल हो चुके हैं और कुछ ऐसे है जो अपनी युवा आबादी को बेहतर भविष्य देने में सक्षम नहीं हैं। बगावतें, कामयाब कम होती हैं और नाकामयाब ज्यादा।

# भाजपा की निर्णायक लड़ाई का निष्कर्ष

**अजीत द्विवेदी**

संसद के शीतकालीन सत्र में हर दिन राजनीति का नया रंग देखने को मिल रहा है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने किसी हाल में अडानी का मुद्दा नहीं छोडऩे का फैसला किया है तो दूसरी ओर सत्तारुढ़ दल यानी भाजपा भी निर्णायक लड़ाई की तैयारी में है। भाजपा की निर्णायक लड़ाई का निष्कर्ष यह है कि लोकसभा में यानी जनता के सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'गद्दार' हैं, सबसे बड़े विपक्षी पार्टी कांग्रेस की संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी भी देश विरोधी हैं और अमेरिका दुश्मन देश है। भाजपा ने संसद की बहस और चर्चाओं के साथ साथ प्रेस कांफ्रेंस करके भी यह नैरेटिव स्थापित किया है। जब भाजपा के सांसदों ने आरोप लगाए तब भी ये आरोप गंभीर थे लेकिन अब तो केंद्र सरकार के मंत्रियों ने भी इन आरोपों को दोहराया है। तभी यह सवाल गंभीर हो गया है कि क्या सचमुच नेता प्रतिपक्ष 'गद्दार' या देश विरोधी हैं और क्या सचमुच अमेरिका भारत का दुश्मन है?

पहले अमेरिका पर लगाए गए आरोपों की चर्चा करें तो उसमें कई बातों का खुलासा हो गया है। भाजपा के सांसदों ने जब कहा कि ओसीसीआरपी यानी ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है और इस संस्था को अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस और अमेरिकी विदेश विभाग की फंडिंग मिलती है तब अमेरिका ने इस पर अपना पक्ष रखा था। अमेरिका ने कहा था कि वह मीडिया की स्वतंत्रता का चैंपियन रहा है और इस तरह के किसी भी संगठन पर दबाव नहीं बनाता है। इतना ही नहीं अमेरिका ने इसे निराशाजनक बताया था कि भारत में सत्तारूढ़ दल इस किस्म के आरोप लगा रहा है। अब सवाल है कि भाजपा ने ये आरोप किस आधार पर लगाए थे? भाजपा का आरोप फ्रांस के मीडिया समूह 'मीडियापार्ट' की एक रिपोर्ट पर आधारित था, जिसमें कथित तौर पर यह कहा गया था कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी विदेश विभाग की फंडिंग है। अब 'मीडियापार्ट' ने जवाब दिया है और कहा है कि भारत में सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा 'फेक न्यूज' फैला रही है। उसका कहना है कि उसकी रिपोर्ट को गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है, अपने मनमाफिक राजनीतिक नैरेटिव सेट करने के लिए।

अमेरिका और फ्रांस के मीडिया समूह दोनों के जवाब के बाद भी भाजपा ने आरोप लगाना बंद नहीं किया है। भाजपा के सांसद अब भी दावा कर रहे हैं कि अमेरिका की फंडिंग से चल रहा एक संगठन भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। अब सवाल है कि उस संस्था यानी ओसीसीआरपी की भारत विरोधी गतिविधियां क्या हैं? ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट ने पेगासस के इस्तेमाल की जानकारी दी थी और एक रिपोर्ट में अडानी समूह पर शेयर बाजार में जोड़तोड़ का आरोप लगाया था। यही बात हिंडनबर्ग रिसर्च ने भी कही थी। सोचें, इसमें से कौन सी बात भारत विरोधी हो गई? अगर स्वतंत्र पत्रकारों के किसी समूह ने जासूसी के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की रिपोर्ट दी या किसी कंपनी विशेष पर जोड़तोड़ का आरोप लगाया तो इसे देश विरोधी कैसे माना जा सकता है? लेकिन भाजपा का कहना है कि यह संस्था भारत के आर्थिक विकास को रोकना चाहती है। घूमा फिरा कर यह बात भी कही जा रही है कि राहुल गांधी के इशारे पर यह काम हो रहा है।

इसका मतलब है कि राहुल गांधी इतने पावरफुल हैं कि वे अमेरिका जाते हैं और जॉर्ज सोरोस व अमेरिकी विदेश विभाग को इसके लिए तैयार करते हैं कि वे भारत विरोधी गतिविधियां चलाएं? भारत में आर्थिक विकास को बाधित करें? अगर ऐसा है तो फिर पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री का डंका किस बात का बज रहा है? फिर तो डंका राहुल गांधी का बज रहा है जो वे दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश से मनचाहा काम करवा रहे हैं! फिर जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप किस बात के प्रधानमंत्री के दोस्त हैं, जो उनके देश से राहुल गांधी के कहने पर भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं? एक बड़ा सवाल यह भी है कि अमेरिका को दुश्मन बता कर भारत को क्या हासिल होगा? पिछले कई दशकों से अमेरिका के साथ भारत के संबंध स्थिर और दोस्ताना रहे हैं। अगर इतना दोस्ताना नहीं भी होता तो किसी स्वतंत्र संस्था की रिपोर्ट के आधार पर किसी देश को दुश्मन या विरोधी बताना कोई अच्छी कूटनीति नहीं होती है। तभी यह सवाल भी है कि अमेरिका पर हमला सिर्फ ओसीसीआरपी में उसकी कथित फंडिंग की वजह से है या कहीं इसके पीछे अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी व सागर अडानी सहित आठ लोगों को आरोपी बनाने, अमेरिकी अखबारों में भारत के बड़े नेताओं के नाम आने और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा भारतीय नागरिकों को मोस्ट वांटेड और भगोड़ा बताने का भी हाथ है? जो हो यह एक गंभीर मामला है और सत्तारूढ़ दल को सोच समझ कर इस मामले में आरोप लगाने चाहिए।



दूसरी बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को देश विरोधी बताने का है। राहुल को 'गद्दार' बताने का आधार यह है कि वे अमेरिका जाते हैं तो इल्हान उमर और कुछ अन्य भारत विरोधी लोगों से मिलते हैं और सोनिया गांधी इसलिए देश विरोधी हैं क्योंकि वे फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक की सह अध्यक्ष हैं। यह संस्था कश्मीर को कथित तौर पर भारत से अलग करने की बात करती है। सोचें, नेता प्रतिपक्ष का पद एक संवैधानिक पद होता है और उस पद पर बैठे एक निर्वाचित नेता को भाजपा के सांसद संबित पात्रा ने कुछ लोगों से उनकी मुलाकातों के आधार पर 'शीर्ष स्तर का 'गद्दार' कहा। इससे पहले राहुल गांधी पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार, अक्षमता आदि के आरोप लगते थे। उनको बालक बुद्धि तो अब भी कहा जाता है। संसदीय कार्य मंत्री ने सोमवार, नौ दिसंबर को ही उनको बालक बुद्धि कहा। लेकिन वही बालक बुद्धि देश के खिलाफ साजिश रच रहा है और 'गद्दार' है, यह पहली बार कहा जा रहा है। जाहिर है कि इस बार राहुल गांधी ने कुछ ज्यादा बड़ी तकलीफ दे दी है। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अनाप शनाप बातें नहीं कहते हैं। वे भी प्रधानमंत्री के संवैधानिक पद की गरिमा गिराने वाली बातें कहते हैं। लेकिन वे वही बातें कहते हैं, जो आजादी के बाद से अब तक कही जाती रही हैं। जो दूसरे प्रधानमंत्रियों के लिए कही गईं वैसी ही बातें वे भी कहते हैं। परंतु यह पहली बार है, जब सत्तारूढ़ दल ने नेता प्रतिपक्ष पर इतना बड़ा हमला किया है और नेता प्रतिपक्ष को 'गद्दार' ठहराया। निश्चित रूप से ऐसा कहने के लिए उसके पास कुछ बड़ा और पुख्ता सबूत होना चाहिए। राजनीतिक स्कोर सेटल करने के लिए या संसद में उनका मुंह बंद कर देने के लिए इस तरह के आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। इस तरह के आरोप लगाए गए हैं तो केंद्र सरकार की एजेंसियों को उनकी गंभीरता से जांच करनी चाहिए। कायदे से जांच पहले होनी चाहिए थी और उसके बाद आरोप लगाए जाने चाहिए थे। लेकिन अगर आरोप पहले लगा दिए गए हैं और केंद्र सरकार के मंत्री दावा कर रहे हैं कि आरोप का कंटेंट गंभीर है तो उसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। सिर्फ जुबानी जंग नहीं होनी चाहिए और न इतने गंभीर आरोप का सिर्फ राजनीतिक इस्तेमाल होना चाहिए।

# गुकेश- शह और मात का नया शहंशाह




डॉ. आर.के. सिन्हा

सारा भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। गुकेश ने एक नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी इतनी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और उनकी ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है। गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया।

**रणनीतिक गहराईः**–गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं। गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है और उन्हें विभिन्न स्थितियों के लिए तैयार किया गया है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक है।

**उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।**– इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों ही भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं। दोनों ही खिलाड़ी अपनी रणनीतिक गहराई के लिए जाने जाते हैं। वे न केवल तात्कालिक लाभ पर ध्यान देते हैं, बल्कि लंबी अवधि की योजनाओं को भी ध्यान में रखते हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में दृढ़ संकल्प है और वे कभी भी हार नहीं मानते हैं। उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों से वापसी की है और जीत हासिल की है। दोनों ही खिलाड़ी अपनी शालीनता और खेल भावना के लिए जाने जाते हैं। वे हारने पर भी सम्मान बनाए रखते हैं। विश्वनाथन आनंद एक अनुभवी खिलाड़ी हैं जो 90 के दशक से खेल रहे हैं, जबकि गुकेश एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी हैं। आनंद ने कंप्यूटर युग से पहले शतरंज खेला, जबकि गुकेश का विकास कंप्यूटर के युग में हुआ है। आनंद अपनी तेज और आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं, जबकि गुकेश एक अधिक रणनीतिक और रक्षात्मक खिलाड़ी हैं। आनंद त्वरित चालों और जटिलताओं में माहिर हैं, जबकि गुकेश स्थिति को नियंत्रित करने और धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। जाहिर है, आनंद के पास खेल का अधिक अनुभव है और उन्होंने कई विश्व चैंपियनशिप जीती हैं, जबकि गुकेश अभी भी अपने करियर के शुरुआती चरण में हैं। आनंद ने दशकों तक शीर्ष स्तर पर खेला है, जबकि गुकेश अभी भी वैश्विक शतरंज समुदाय में अपनी जगह बना रहे हैं। आनंद एक अधिक सहज और रचनात्मक खिलाड़ी हैं, जबकि गुकेश अधिक व्यवस्थित और वैज्ञानिक खिलाड़ी हैं। आनंद स्वाभाविक रूप से प्रेरित होकर खेलते हैं, जबकि गुकेश अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं। भारत में शतरंज पहले से ही काफी लोकप्रिय है, लेकिन गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों के उदय से यह और भी लोकप्रिय हो सकता है।गुकेश जैसे युवा खिलाड़ियों की सफलता से युवा पीढ़ी को शतरंज में रुचि लेने की प्रेरणा मिलेगी। युवाओं के लिए एक आदर्श मॉडल होने से अधिक युवा शतरंज खेलने के लिए आकर्षित होंगे। ऑनलाइन शतरंज प्लेटफॉर्म और कंप्यूटर विश्लेषण उपकरणों की उपलब्धता से खेल अधिक सुलभ हो गया है। इंटरनेट के माध्यम से सीखने और खेलने के विकल्पों ने शतरंज को अधिक सुविधाजनक बना दिया है। शतरंज को अब पहले से अधिक मीडिया कवरेज मिल रहा है, जिससे खेल के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। प्रमुख समाचार चैनलों और खेल वेबसाइटों पर शतरंज की घटनाओं को कवर किया जा रहा है। शतरंज को अब स्कूलों में एक शैक्षणिक उपकरण के रूप में मान्यता दी जा रही है, जिससे बच्चों को खेल के लाभों का अनुभव करने का अवसर मिल रहा है। स्कूलों में शतरंज को बढ़ावा देने से आने वाली पीढ़ी के लिए इसे और लोकप्रिय बनाया जा सकता है।




**मेष राशि**– आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी।आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा , आपका सम्मान भी बढ़ेगा।आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**वृष राशि**– आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा,मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा।आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा।आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे।आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**मिथुन राशि**– आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

**कर्क राशि**– आज का दिन सुखमय रहेगा।आप में साहस बढ़ेगा और साहसपूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा।जिन्दगी में कोई नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा।धैर्य से काम करना होगा , जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

**सिंह राशि**– आज आपका दिन खुशियाँ लायेगा।आप घर पर लोगो के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा।संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे,जिससे आपको कुछ राहत मिले।आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। संयम रख के काम करने से सुख मिलेगा।

**कन्या राशि**- आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा।आप एक नयी दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी।अन्न-धन में बढ़ोत्तरी होगी।आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नयी दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।

**तुला राशि**– आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है।नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्युकी घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

**वृश्चिक राशि**– आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है।आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा।आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी।आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे।आज आपके काम करने की कला से लोग....... आपसे प्रभावित होंगे।

**धनु राशि**– आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यवसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियोंतथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मकर राशि**– आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा।आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोडऩे के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**कुंभ राशि**– आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा । दांपत्य संबंध सुखद और खुशहाली पूर्ण रहेंगे।

**मीन राशि**– आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है।कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी कोई प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

## शब्द सामर्थ्य -265

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| 12 | | 12ए | | 13 | | 14 | | 15 |
| | | 16 | | | | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
**फोन**– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## नशे में धराया निजी एजेंसी का गार्ड

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शराब की नशे में मारपीट और गाली-गलौज करने के मामले में निजी एजेंसी के गार्ड कृष्णनंदन कुमार रंजन को पकड़ा गया। उसे नगर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया। मामले को लेकर गार्ड एजेंसी के मैनेजर देवशीष कुमार ने उसके खिलाफ नगर थाने में केस दर्ज कराया है। थानेदार शरत कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपीत को कोर्ट में पेश किया गया।

## भोजपुर में संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ की मौत : डॉक्टर ने जताया ठंड की वजह से मौत की आशंका



**आरा( भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मखदुमपुर डुमरा गांव में गुरुवार की रात संदेहास्पद स्थिति में एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ की मौत सदर अस्पताल लाने के दौरान हुई है। डॉक्टरों ने ठंड लगने की वजह से मौत का आशंका जताया है। मृतक की पहचान रवि रंजन कुमार ( 40 ) के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी ज्योति देवी ने बताया कि वो हमसे खाना मांगकर अच्छे से खाए और उसके बाद दरवाजे पर बैठने चले गए। देर शाम होने के बाद उन्होंने कहा कि तबियत ठीक नहीं लग रहा है तो हमने कहा कि आप गर्म कपड़ा पहन लीजिए। इसी बीच वो जमीन पर गिरकर छटपटाने लगे। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने देखकर उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक अखिलेश कुमार ने बताया कि आज देर शाम तक तीन ब्रॉड केस आए हैं। तीनों की मौत ठंड के कारण हुई है। ये भी मरीज की पहले की मृत्यु हो गई थी। जो सिमटम दिख रहा था वो ठंड के कारण होता है। इस समय मरीज को उल्टी हो रहा है या बुखार आ रहा हो तो तुरंत ही वो डॉक्टर्स से मिलकर अपना इलाज कराए और ठंड से बचे।

## नालंदा में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार : उपकरण के साथ 10 हजार रुपए नगद बरामद



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा जिले के करायपरसुराय थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से हथियार, कारतूस और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई थी। सुमित कुमार ने बताया कि जानकारी मिली कि अगारपर का रहने वाला कृष्णा बिन्द अपने घर में अवैध हथियार बना रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कृष्णा बिन्द के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कृष्णा बिन्द को हथियार बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा। जिसके पास से हथियार बनाने के उपकरण के साथ 10 हजार नगद रुपए जब्त किया गया।

**पुलिस की कार्रवाई**

कृष्णा बिन्द के गिरफ़्तारी के बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पूछताछ में कृष्णा बिन्द ने बताया कि वह काफी समय से अवैध हथियार बनाकर बेच रहा था। इससे पहले भी वह हथियार रखने के मामले में जेल जा चुका है। बता दें कि पुलिस की इस कार्रवाई की लोगों ने सराहना की है। लोगों का मानना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। छापेमारी टीम में करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, चिकसौरा थानाध्यक्ष लक्ष्मी भारती,धनंजय प्रसाद समेत शसस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# योगी सरकार ने नीतीश, लालू, तेजस्वी को प्रयागराज महाकुंभ का न्योता भेजा

### दो मंत्री गए निमंत्रण पहुंचाने



**पटना, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रयागराज महाकुंभ का न्योता दिया है। यूपी के मंत्री राकेश सचान और दयाशंकर सिंह गुरुवार को पटना स्थित सीएम नीतीश के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उन्हें महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने का आश्वासन भी दिया। यूपी सरकार की ओर से राष्ट्रीय जनता दल ( आरजेडी ) सुप्रीमो लालू यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी एवं उनके परिवार को भी निमंत्रण दिया। इसके अलावा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत अन्य नेताओं को भी महाकुंभ का न्योता दिया गया है। इससे पहले वे राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को निमंत्रण देने राजभवन पहुंचे। प्रयागराज में जनवरी 2025 में महाकुंभ की शुरुआत होगी, जो एक महीने से ज्यादा समय तक चलेगा।

यूपी के मंत्री सचान एवं दयाशंकर ने गुरुवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार महाकुंभ 2025 को ÷भारत की सांस्कृतिक एकता का वैश्विक प्रतीक÷ बनाने के लिए समर्पित है। इस बार का महाकुंभ पहले के कुंभ मेलों के मुकाबले बहुत भव्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने 45 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्रियों संतों और पर्यटकों के स्वागत के लिए प्रयागराज में शानदार व्यवस्था की है। इसका श्रेय उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को दिया।

राकेश सचान ने कहा कि इस बार का महाकुंभ स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और डिजिटल महाकुंभ होगा। इसे प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ घोषित करके पर्यावरण के अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया है। इस पहल के तहत दोना-पत्तल ( पेड़ों के पत्तों से बनी डिस्पोजेबल प्लेट) की दुकानें लगाई जाएंगी। प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधे लगाए गए हैं और उत्तर प्रदेश सरकार ने यह संकल्प लिया है कि वह समागम खत्म होने के बाद भी उनकी देखभाल और रखरखाव सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में तीर्थयात्रियों, संतों और पर्यटकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है, जहां बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात किया जाएगा। लोगों को पार्किंग की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है।



## पति-पत्नी की मौत के बाद प्रेमी जोड़े ने की शादी

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद के गोक्षिणी स्थित मां मंडेश्वरी मंदिर में एक अनोखी शादी चर्चा का विषय बन गई है। इस शादी में बचपन के प्रेमी जोड़े ने जीवन की नई शुरुआत की। यह शादी समाज में सच्चे प्रेम और प्रतिबद्धता की मिसाल बन गई है।

**बचपन से ही प्यार करते थे दोनों :** विजय कुमार साव ने बताया कि वह पटना जिले के सिंगौडी गांव की रहने वाली चंचला देवी से बचपन से प्यार करता था। हालांकि, परिवार के दबाव में दोनों की शादी अलग-अलग लोगों से कर दी गई। तीन साल पहले चंचला के पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिसके बाद वह अपने ससुराल में दो बच्चों के साथ रह रही थी। वहीं, एक साल पहले विजय की पत्नी का निधन हो गया। इसके बाद दोनों ने अपने बचपन के अधूरे प्यार को पूरा करने का फैसला किया। विजय ने बताया कि भगवान ने उनके प्यार को मंजूरी दी है, और वे अब एक-दूसरे का साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, इस शादी का दोनों परिवारों ने विरोध किया।

**परिवार के विरोध के बावजूद की शादी :** बताया कि चंचला जन्म से ही एक पैर से दिव्यांग है और उसके माता-पिता नहीं हैं, जबकि विजय के परिवार को भी यह रिश्ता स्वीकार नहीं था। बावजूद इसके, विजय ने ठान लिया कि वह चंचला से ही शादी करेगा। गुरुवार की रात दोनों ने कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंदिर में शादी की। पुजारी ने विधिपूर्वक शादी संपन्न कराई, और आसपास की महिलाओं ने रस्में निभाईं। विजय और चंचला ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वे अपने जीवन की नई शुरुआत कर रहे हैं।

## देश में बच्चों का पहला कैंसर अस्पताल पटना में, मुफ्त रहेगा पूरा इलाज, नीतीश ने नींव रखी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना में बच्चों के पहले कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी। उन्होंने दावा किया कि यह देश का एकमात्र ऐसा अस्पताल होगा, जहां मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। सीएम नीतीश ने पटना के फुलवारीशरीफ में महावीर बाल कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया। यह अत्याधुनिक अस्पताल 18 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। इसका अनुमानित लागत लगभग 25 करोड़ रुपये है। इस अस्पताल का निर्माण महावीर मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। इस ट्रस्ट का यह 10वां अस्पताल होगा। इससे पहले महावीर कैंसर अस्पताल, महावीर वात्सल्य अस्पताल, महावीर वरिष्ठ नागरिक अस्पताल, महावीर नेत्रालय समेत अन्य कई हॉस्पिटल चलाए जा चुके हैं। ट्रस्ट के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने कहा कि 100 बेड वाले बच्चों के कैंसर अस्पताल में 18 साल से कम आयु के मरीजों को मुफ्त उपचार दिया जाएगा। इसे महावीर कैंसर अस्पताल की 26वीं वर्षगांठ पर स्थापित किया गया है, जिसका उद्घाटन 1998 में दलाई लामा ने किया था। उन्होंने कहा, ÷यह बच्चों के लिए समर्पित देश का पहला कैंसर अस्पताल है। वर्तमान में महावीर कैंसर अस्पताल में बच्चों के लिए एक अलग वार्ड है, जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था, लेकिन अब बच्चों के लिए एक अलग अस्पताल होगा।

## सीढ़ियां तोड़कर चले गए अफसर, बैंक में फंस गए ग्राहक और स्टाफ

**बक्सर , एजेंसी।** बिहार के बक्सर जिले में गुरुवार को अजीबोगरीब मंजर देखने को मिला। सिमरी प्रखंड क्षेत्र के नियाजीपुर बाजार में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचे सरकारी कारिंदों ने एक मकान से सटकर बनी सीढ़ी तोड़ दी। इस भवन में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा है। सीढ़ियां टूटने की वजह से पहले फ्लोर पर स्थित बैंक में कई ग्राहक और स्टाफ फंस गए। बाद में ग्राहकों को जेसीबी के जरिए नीचे उतारा गया। इसके बाद जो ग्राहक आए वे बैंक में नहीं जा पाए। शाम में बैंककर्मी भी अस्थायी सीढ़ी से नीचे उतरे। हालांकि, अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस दिया जा चुका था, लेकिन लोगों ने इसे हल्के में लिया। बता दें कि यह कार्रवाई सड़क निर्माण के लिए की गई है।

नियाजीपुर बाजार में अतिक्रमण के कारण लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ता था। हद तो तब हो गई जब बाजार में अतिक्रमण के कारण निर्माणाधीन सड़क का काम प्रभावित होने लगा। इसके खिलाफ संवेदक की ओर से स्थानीय प्रशासन के पास शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं शिकायत मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन के लोग गुरुवार को बुलडोजर लेकर खुद अतिक्रमण हटाने पहुंच गए। पुलिस को देख अतिक्रमणकारी अपने स्तर से ही अस्थाई अतिक्रमण को हटाने में जुट गए। सड़क की जमीन पर बनी पक्के दीवारों एवं सीढ़ी को जेसीबी तोड़ दिया गया। प्रशासन के इस अभियान से बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आशा पड़री से लेकर बक्सर-कोइलवर तटबंध तक सड़क का



चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस कार्य में बाधा आने वाली सभी समस्याओं का समाधान प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। पिछले दिनों सहियार पंचायत में नाली निर्माण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। इस समस्या के निदान के लिए एसडीओ के स्तर से पहल हुई थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि सड़क के साथ नाली निर्माण की भी प्रक्रिया होगी। इसके बाद सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी थी। अतिक्रमण हटाने के दौरान एसडीपीओ अफाक अंसारी, बीडीओ शशिकांत शर्मा, सीओ भगवती शरण पांडेय सहित तीन थानों की पुलिस मौजूद रही। लिहाजा सब कुछ शांतिपूर्वक हुआ।

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत : कटिहार में परिजनों ने 15 हजार नहीं देने पर शव को रखने का लगाया आरोप






कटिहार, एजेंसी। कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र के गेड़ाबाड़ी जुराबगंज स्थित जीवन ज्योति हेल्थ केयर में प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। घटना पोठिया थाना क्षेत्र के रामनगर की है। जहां रवीश कुमार की पत्नी विभा कुमारी को बुधवार को प्रसव के लिए अस्पताल लाया गया था। जहां प्रसव के बाद नवजात की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने पहले बीस हजार रुपए लिए और नवजात की मृत्यु के बाद भी पंद्रह हजार रुपए की मांग की। परिजनों के इनकार करने पर अस्पताल ने नवजात के शव को बंधक बना लिया। पीड़ित परिवार ने कोढ़ा के चिकित्सा पदाधिकारी अमित आर्य और एसडीपीओ धर्मेंद्र कुमार को लिखित शिकायत दी।

**अस्पताल में अधिकारियों ने की छापेमारी की :** शिकायत के आधार पर अधिकारियों की एक टीम ने अस्पताल में छापेमारी की। टीम में कोढ़ा सीओ अंजू कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी अमित आर्य और कोढ़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार शामिल थे। छापेमारी के दौरान अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे, और स्टाफ वैध कागजात प्रस्तुत करने में असफल रहे।

**24 घंटे तक शव को बंधक रखने का आरोप :** पीड़ित परिवार की ओर से कुंदन कुमार साह ने आवेदन में बताया कि आशा कार्यकर्ता रुक्मिणी देवी ने विभा कुमारी को जीवन ज्योति हेल्थ केयर में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई, लेकिन अस्पताल ने शव सौंपने के बदले 15 हजार रुपए की मांग की। 24 घंटे तक शव को बंधक रखने के बाद अधिकारियों के हस्तक्षेप से नवजात का शव परिजनों को सौंपा गया। चिकित्सा पदाधिकारी अमित आर्य ने बताया कि अस्पताल के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं।

## समस्तीपुर में सड़क हादसों में दो की मौत



### सब्जी लेकर लौट रहे साइकिल सवार को ट्रक ने कुचला, अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था दूसरा युवक

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। घटना मुसरीघरारी और मोहनपुर थाना क्षेत्र में घटी। दोनों शव को पुलिस ने जब्त? कर गुरुवार रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। रात में ही दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के लाटबसेपुरा गांव के रहने वाले अखिलेश महतो शाम में वह सब्जी लाने के लिए गए थे। सब्जी लेकर जब वह घर लौट रहे थे इसी दौरान एक एक ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी । इस घटना में मौके पर उनकी मौत हो गई। भतीजा सौरव कुमार ने बतया कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है।

### अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था युवक

दूसरी घटना जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के सरारी घाट पर गंगा नदी किनारे अंतिम संस्कार में शामिल होने गए। एक युवक सड़क पार करने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। मृतक के पिता देवनाथ महतो ने बताया कि गांव में ही एक पड़ोसी की मौत हो गई थी। जिसके अंतिम संस्कार में जाने के लिए सभी लोग एक बस पर सवार होकर गए थे बस से उतरने के बाद उनका पुत्र प्रमोद सड़क पार कर रहा था इसी दौरान एक बस आ गई इसके चपेट में वह आ गया। से अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद में मोहनपुर थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रात सदर अस्पताल भेजा।

# आरा में महिला ने फंदे से लटककर दी जान, सुसाइड से पहले फोन पर झगड़ा कर रही थी



### बेड पर थी मां की लाश, बेटा देता रहा सीपीआर, बोला-45 मिनट तक उठाने की कोशिश की

**आरा ( भोजपुर), एजेंसी।** आरा में गुरुवार को एक महिला ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। महिला की मौत के बाद उसका एक बेटा शव के पास 45 मिनट तक बैठा रहा। इस दौरान वह मां को सीपीआर देता रहा और छोटा बेटा हाथ रगड़कर उठाने की कोशिश करता रहा। छोटे बेटे के मुताबिक, मौत से पहले वह फोन पर किसी से लड़ाई कर रही थी। जब फोन कटा तो उसने हमलोगों से कहा-दूसरे कमरे में जाकर टीवी देखो, लेकिन जब हम लौटकर अपनी मां के कमरे में आए तो वो पंखे से लटकी मिली। सूचना मिलने के बाद मृतका के मामा मौके पर पहुंचा और शव को पंखे से उतारा। फिलहाल मामले में पुलिस को किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामला आरा के टाउन थाना इलाके में गौसगंज मोहल्ले का है।

**बेटा बोला- हम लोगों को दूसरे कमरे में जाकर टीवी देखने को बोली थी :** महिला की पहचान 34 साल की आरती देवी के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ साल से तीनों बच्चों के साथ गौसगंज इलाके में किराए के मकान में रह रही थी। उसका पति राज किशोर यादव महाराष्ट्र में किसी कंपनी में प्राइवेट जॉब करता है। पत्नी की सुसाइड की खबर के बाद वो आरा के लिए रवाना हो गया है। मृतक के दो बेटे अभिषेक ( 10 ), रवि ( 8 ) और एक बेटी अंजनी ( 6 ) है। मां की लाश के पास मौजूद छोटे बेटे ने बताया, %मां फोन पर किसी से झगड़ा कर रही थी और किसी को गाली दे रही थी। जब फोन कटा तो मां ने हम दोनों भाइयों से कहा कि छोटी बहन को लेकर दूसरे कमरे में जाओ और टीवी देखो।

**मृतका के मामा बोले- बच्चों ने फोन कर दी जानकारी :** मृतका के मामा सूरज कुमार यादव ने बताया, बच्चों ने मुझे फोन कर सूचना दी। इसके बाद हम पहुंचे और अपनी भांजी को पंखे से उतारा। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के भेज दिया है। सूरज ने बताया, बच्चे कह रहे थे कि आरती फोन पर किसी से झगड़ा कर रही थी। गाली-गलौज कर रही थी। अब किससे झगड़ा कर रही थी। यह कॉल डिटेल आने के बाद ही पता चल पाएगा।

**कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस :** वहीं, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया, परिजन की ओर से आवेदन नहीं मिला है। जानकारी के बाद हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे। देखा कि एक कमरे में बेड पर महिला की लाश पड़ी है। परिजनों से जानकारी मिली कि महिला की किसी से फोन पर बातचीत हो रही थी। उन्होंने कहा कि ये भी स्पष्ट हुआ है कि महिला अपने पति से बात नहीं कर रही थी। महिला के पति से जानकारी ली गई है, तो उसने बताया कि पत्नी की घटना के वक्त मुझसे बात नहीं हुई थी। फिलहाल, इस संबंध में जांच-पड़ताल की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस महिला की कॉल डिटेल निकाल रही है कि उसने मौत से पहले किससे बात की।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### आगरा किला में छह फीट का अजगर, देखकर पर्यटक हुए भयभीत, वाइल्डलाइफ की टीम ने किया रेस्क्यू

**आगरा , एजेंसी।** आगरा किले में बृहस्पतिवार को विद्युत खंभे के पास करीब 6 फीट लंबा अजगर देख पर्यटक भयभीत हो गए। वाइल्ड लाइफ एसओएस को सूचना दी गई। टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर स्वास्थ्य परीक्षण के बाद वापस जंगल में छोड़ दिया। परिसर में लगे लाइट पोल के पास अजगर देखा गया। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत अधिकारियों को बताया। वाइल्डलाइफ एसओएस की रैपिड रिस्पांस यूनिट के दो सदस्य पहुंचे। अजगर के आसपास से पर्यटकों को दूर किया। इसके बाद अजगर को रेस्क्यू कर कपड़े के थैले में भर लिया। चिकित्सकीय परीक्षण में अजगर को स्वस्थ पाया गया।

**इस नंबर पर दें सूचना:** वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने लोगों से आग्रह किया है कि किसी भी जंगली जानवर या जीव को मारें नहीं बल्कि हमारी क्विक रिस्पांस टीम को मोबाइल नंबर 9917109666 पर सूचित करें।

**फाउंड्री नगर में भी दिखा:** डायरेक्टर कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स, बैजूराज एमवी ने बताया अन्य घटना में, टीम ने आठ फीट लंबे अजगर को फाउंड्री नगर इलाके में स्थित एक डीजल इंजन और स्पेयर पार्ट्स निर्माण और निर्यात कारखाने से रेस्क्यू किया था। उसे भी जंगल में छोड़ दिया गया है। वाइल्ड लाइफ एसओएस के सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने बताया कि इंडियन रॉक पायथन (अजगर) एक गैर विषैले सांप की प्रजाति है। वे मुख्य रूप से छोटे जानवर, चमगादड़, पक्षियों, छछूंदर, हिरण और जंगली सूअर को अपना आहार बनाते हैं। आमतौर पर भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका के जंगलों में पाए जाते हैं। इस प्रजाति को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-ढ्ढ के तहत संरक्षित किया गया है।

### दूल्हे के जीजा ने की ऐसी करतूत...बरात में मच गई भगदड़, कैमरामैन पहुंच गया अस्पताल

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के दयालबाग स्थित मैरिज होम द ग्रैंड सेलिब्रेशन में बुधवार रात को बरात में दूल्हे के जीजा ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुशी में गोली चला दी। गोली लगने से कैमरामैन घायल हो गया। गोली दाईं जांघ से पार निकल गई। समारोह में अफरातफरी मच गई। आरोपी जीजा भाग निकला। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जज कंपाउंड निवासी अभिनव उपाध्याय (27) शादी समारोह में फोटोग्राफी करते हैं। बल्केश्वर निवासी प्रदीप ने शादी में फोटोग्राफी की बुकिंग ली थी। बुधवार को विमल वाटिका, कर्मयोगी निवासी गौरव गुप्ता की बरात मैरिज होम द ग्रैंड सेलिब्रेशन में गई थी। अभिनव फोटोग्राफी कर रहे थे। आरोप है कि रात तकरीबन 11 बजे बरात चढ़ने के दौरान दूल्हे के जीजा अर्पित गुप्ता ने लाइसेंसी रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग की। अभिनव के चाचा अक्षत उपाध्याय ने बताया कि चिकित्सकों ने ऑपरेशन करके बारूद निकाल दिया गया है। हड्डी अलग हो गई थी। लोग बता रहे हैं कि रिवाल्वर से गोली चलाई गई थी। हालांकि उन्हें आशंका है कि तमंचे का प्रयोग किया गया। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि घायल के भाई अविरल की तहरीर पर अर्पित गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज किया है। अर्पित का गिलट की पायल का काम है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### काशी विद्यापीठ में काउंसिलिंग, 4 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सही नहीं मिले, एक की काउंसिलिंग रद्द

**वाराणसी, एजेंसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए बृहस्पतिवार को हुई काउंसिलिंग में शामिल होने वाले चार अभ्यर्थी सही दस्तावेज नहीं दिखा पाए। ऐसे में उनके दाखिले पर आपत्ति जताई गई। साथ ही एक अभ्यर्थी की काउंसिलिंग रद्द कर दी गई। विश्वविद्यालय में यूजी, पीजी की प्रवेश प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। बृहस्पतिवार को होने वाली नियमित और पेड सीट की काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। बीकॉम, बीए एलएलबी, एमएसडब्ल्यू सहित 15 पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाणपत्रों के साथ पहुंचे।

# लखनऊ से चलेंगी 400 स्पेशल बसें, वर्दी के साथ नेमप्लेट और जूते पहन ड्यूटी करेंगे चालक-परिचालक



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी के प्रयागराज में जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ के लिए रोडवेज के लखनऊ परिक्षेत्र से 400 स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। यह बसें 13 जनवरी से 27 मार्च तक चलाई जाएंगी। वहीं प्रदेशभर से महाकुंभ के लिए कुल सात हजार से अधिक बसों को चलाया जाएगा।

लखनऊ परिक्षेत्र की ओर से किस डिपो की कितनी बसों को चलाया जाएगा, इसकी सूची जारी की गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि महाकुंभ स्पेशल बसों के रूप में लखनऊ परिक्षेत्र के अलग-अलग डिपो से 400 बसों को चलाया जाएगा।

इनमें 340 बसें रोडवेज व 60 बसें अनुबंधित रहेंगी। चारबाग डिपो की 78, अवध डिपो की 61, कैसरबाग की 92, कैसरबाग अनुबंधित डिपो की 20, रायबरेली डिपो की 49, हैदरगढ़ डिपो की 65 और आलमबाग डिपो की 35 बसें महाकुंभ के लिए चलाई जाएंगी।

### 74 कर्मचारियों की ड्यूटी मेला स्थल पर लगाई गई

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि यात्री सुविधा की दृष्टि से महाकुंभ मेला के संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लखनऊ क्षेत्र के 41 कर्मचारियों और 33 तकनीकी कर्मचारियों सहित कुल 74 कर्मचारियों की ड्यूटी प्रयागराज मेला स्थल में बने अस्थाई बस स्टेशन, चेक पोस्टों और अस्थाई कार्यशाला पर लगाई गई है।

लखनऊ से चलने वाली बसें बीच रास्ते खराब न हों, इसके लिए सभी डिपो को सख्त निर्देश दिए गए हैं। 18 बिंदुओं पर जांच के बाद ही बसों को सड़क पर उतारा जाए। चालक-परिचालक वर्दी के साथ ही नेमप्लेट व जूतों में ड्यूटी करें। यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए।

### साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए

मेला अवधि में बस स्टेशन, डिपो और कार्यशालाओं के शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। पेयजल, वाटर कूलर ठीक से काम करें। शिशु देखभाल कक्ष, व्हीलचेयर, सीसीटीवी कैमरा और हेल्प डेस्क बनाए जाएं। दो सौ किलोमीटर से अधिक चलकर आने वाली बसों की ढंग से सफाई हो।

### निजी हाथों में सौंपे गए रोडवेज के 19 डिपो, कर्मियों में आंदोलन ले रहा जन्म; सात दिन बाद होगा विस्फोट

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में रोडवेज बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। अब तक 19 डिपो निजी फर्मों को दिए जा चुके हैं। कर्मचारी संगठन इसे निजीकरण की साजिश मान रहे हैं। इसके खिलाफ सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री जसवंत सिंह सभी परिक्षेत्रों का दौरा कर कर्मचारियों से निजीकरण को लेकर उनकी राय ले रहे हैं। चारबाग बस स्टेशन पर एक सील बॉक्स लगाया गया। इसमें कर्मचारी एक प्रोफार्मा पर निजीकरण पर राय दे रहे हैं। 20 दिसंबर को यह बॉक्स खोला जाएगा। इसके बाद निजीकरण को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदेश के सभी क्षेत्रों में इस तरह के बॉक्स रखकर कर्मचारियों से उनकी राय ली जा रही है।

**55 हजार कर्मचारी प्रभावित होंगे:** जसवंत ने बताया कि निजीकरण से रोडवेज के 55 हजार कर्मचारी प्रभावित होंगे। चारबाग बस स्टेशन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री सुभाष चंद्र तिवारी और उद्यान महासंघ के अध्यक्ष अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने बॉक्स को सील किया है।

## बांकेबिहारी मंदिर में आस्था का जनसैलाब, भीड़ में फंस कर दो महिला श्रद्धालु बेहोश; मची अफरा-तफरी



**मथुरा , एजेंसी।** ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में दर्शन के दौरान बृहस्पतिवार को आगरा की महिला सहित दो महिला श्रद्धालु बेहोश हो गईं। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मियों ने मंदिर में तैनात स्वास्थ्य टीम से महिला को उपचार दिलाया। इससे महिला की हालत सामान्य हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि उपचार मिलने के बाद महिला सही हो गई। वह डायबिटीज की रोगी होने के साथ ही मंदिर में खाली पेट आई थीं।

मार्गशीर्ष की द्वादशी को आगरा के अकबराबाद निवासी 35 वर्षीय श्रद्धालु महिला शमी आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन कर गेट चार से बाहर जा रही थी। इसी बीच तभी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच उन्हें चक्कर आ गया। और वह जमीन पर गिर गईं। महिला श्रद्धालु के जमीन पर गिरते ही आसपास मौजूद श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। बांकेबिहारी पुलिस चौकी प्रभारी शिवकुमार व पुलिसकर्मी महिला को भीड़ से निकालते हुए मंदिर के गेट पांच पर तैनात स्वास्थ्य टीम पास लेकर पहुंचे।

यहां तैनात डॉक्टर धारा ने महिला का उपचार किया। वहीं शाम साढ़े सात बजे बांकेबिहारी मंदिर के गेट एक के समीप पीलीभीत निवासी 34 वर्षीय प्रियंका पत्नी कन्हैया भारद्वाज की तबीयत बिगड़ गई। मंदिर के वहां तैनात पुलिसकर्मी महिला को मंदिर में तैनात डॉक्टर के पास ले गए। श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच ब्लड प्रेशर बढ़ जाने से तबीयत खराब हो गई। डॉक्टर के प्राथमिक उपचार के बाद महिला की सुधार आया।

### तीसरी आंख से जीएसटी विभाग औद्योगिक इकाइयों की 24 घंटे करेगा निगरानी, विरोध में व्यापारी और कारोबारी लामबंद

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में लोहा और स्क्रैप के अलावा पान मसाला की औद्योगिक इकाइयों के बाहर जीएसटी विभाग द्वारा निगरानी और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने को लेकर व्यापारी और कारोबारी लामबंद हो गए हैं। स्टेट जीएसटी के इस अभियान के विरोध में शुक्रवार को राज्य कर मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी 75 जिलों में उद्योग व्यापार मंडल के तहत व्यापारियों ने धरना देने का ऐलान किया है।



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्य कर आयुक्त डॉ नितिन बंसल को ज्ञापन दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में जीएसटी विभाग द्वारा लोहा एवं स्क्रैप और पान मसाला का कारोबार करने वाली औद्योगिक इकाइयों के गेट पर 24 घंटे निगरानी से कारोबार पर बेहद खराब असर पड़ा है।

#### व्यापारी डर के मारे माल नहीं भेज रहे

इस कारोबार से जुड़े अन्य ट्रेड के व्यापारी डर के मारे माल नहीं भेज रहे हैं। इस वजह से उत्पादन 80 फ़ीसदी तक गिरकर इकाइयां तप होने के कगार पर आ गई हैं। वही सुपारी, कथा, लौंग, इलाइची, मेंथा सहित अन्य कारोबार पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ा है। व्यापारी औद्योगिक इकाइयों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने को लेकर के भी भड़क गए हैं। इस फरमान को निजता का बताते हुए कहा कि अधिकारियों के इस मनमाने रवैया से प्रदेश सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

#### अभियान को बन्द करने की मांग

संगठन ने कहा है कि विभाग के इस अभियान से लोहा स्क्रैप और पान मसाला के व्यापारियों में जबरदस्त नाराजगी व्याप्त है। विभाग के इस वातावरण से व्यापारियों ने अपने व्यापार को दूसरे प्रदेशों में शिफ्ट करने का मन बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार 13 दिसंबर को प्रदेश के 75 जिलों में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जीएसटी विभाग में देकर तत्काल इस अभियान को बन्द करने की मांग की जाएगी।

### निकिता को तीन दिन के अंदर बंगलुरू पुलिस को देना होगा जवाब, घर पर चस्पा किया चेतावनी नोटिस

**जौनपुर, एजेंसी।** देश के चर्चित साफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष के सुसाइड मामले की छानबीन करने जौनपुर पहुंची बंगलुरू पुलिस ने शुक्रवार को डाक बंगले स्थित निकिता के ताऊ के घर पर नोटिस चस्पा किया। इसके अलावा ढालगर टोला स्थित घर पर भी नोटिस चस्पा की गई। नोटिस के जरिए तीन दिन के अंदर निकिता को मराठल्ली पुलिस स्टेशन बंगलुरू में उपस्थित होने की चेतावनी दी गई। इस दौरान कोतवाली पुलिस भी मौजूद रही। इसके बाद पुलिस वहां से निकलकर कोतवाली पहुंचकर मंत्रणा की। यहां से दीवानी न्यायालय पहुंचकर मुकदमे की पत्रावत्रियों को भी देखेंगे। इस बाबत कोतवाल मिथिलेश मिश्र ने बताया कि मामले में बंगलुरू पुलिस अगर गिरफ्तारी के लिए कहेगी तो दबिश दी जाएगी। पांच पन्ने का नोटिस घरों पर चस्पा किया गया है। निकिता को तीन दिन में बंगलुरू के पुलिस स्टेशन में पहुंचकर जवाब देना होगा।



### नए साल में सुजातगंज में पूरा करें अपने आशियाने का सपना, केडीए विकसित कॉलोनी में बेच रहा 19 प्लॉट

**कानपुर, एजेंसी।** यदि आप आशियाने का सपना देख रहे हैं, तो नए साल में पूरा हो सकता है। केडीए सुजातगंज आवासीय योजना में 19 प्लॉट बेच रहा है। इनकी ऑनलाइन नीलामी 17 दिसंबर से शुरू होगी, जो 16 जनवरी तक चलेगी। विकास प्राधिकरण की तरफ से विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक योजनाओं का लैंड ऑडिट कराया जा रहा है। इसमें अब तक 100 से ज्यादा ऐसे प्लॉटों का पता चला है, जिन्हें केडीए ने आवंटित नहीं किया है या आवंटन निरस्त हो चुका हैं। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के अनुसार सुजातगंज योजना में 19 प्लॉटों का पता चला है। इन प्लॉटों का क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर से 460 वर्गमीटर है। सभी प्लॉट आवासीय हैं। इनमें से 162 वर्गमीटर से 297.28 वर्गमीटर के तीन प्लॉट कार्नर के हैं। इनकी बिक्री के लिए आधार मूल्य 38100 रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित किया गया है। ई-ऑक्शन के लिए पंजीकरण 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 15 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक कराया जा सकता है। ई-ऑक्शन में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 16 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे तक बोली लगाई जा सकती है।

## मुश्ताक अपहरण केस में नया खुलासा: किडनैपिंग के बाद आरोपियों ने वैष्णोदेवी के दर्शन किए

**मेरठ , एजेंसी।** अभिनेता मुश्ताक खान से दो लाख और कॉमेडियन सुनील पाल को अगवा करके आठ लाख की फिरौती बदमाशों ने वसूली है। बदमाशों ने अपहरण कांड को अंजाम देने के बाद वैष्णो देवी के दर्शन किए और फिर शॉपिंग में पैसा खर्च किया है। आरोपियों से पैसा बरामद नहीं हुआ है। पूछताछ में आरोपियों ने अपहरण में मिला पैसा खर्च होने की कहानी पुलिस को बताई। कहा कि फरार आरोपियों के पास अभी 4 लाख रुपया बचा है। उनको जल्द गिरफ्तार नहीं किया तो सारा पैसा खर्च हो जाएगा।

20 नवंबर को मुश्ताक और दो दिसंबर को सुनील पाल का अपहरण

फर्जी इंवेट कंपनी बनाकर मुंबई के कलाकारों को अगवा कर फिरौती वसूली करने में बिजनौर के आठ बदमाशों के नाम सामने आए है। जिसमें से तीन बदमाश अर्जुन, आजिम और सैफू से पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को मुश्ताक और दो दिसंबर को सुनील पाल का अपहरण किया है।



दोनों से करीब 10 लाख की फिरौती वसूली है। दोनों वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी लवी, अर्जुन सहित अन्य बदमाशों ने जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी के दर्शन किए। बदमाशों ने शॉपिंग भी की और फिर अलग-अलग हो गए। फरार आरोपी कहां है, जिसके बारे में तीनों आरोपी ने जानकारी ना होने की बात कही है। हालांकि अपहरण की चार लाख की रकम फरार आरोपियों के पास बचना बताया है।

अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण के मामले में बिजनौर पुलिस की लापरवाही सामने आई है। अपहरण के बाद बदमाश मुश्ताक को बिजनौर लेकर आए। बंधक बनाकर रखा और दो लाख की फिरौती भी वसूली कर ली। अन्य रकम आनी थी, इससे पहले मुश्ताक बदमाशों की चुंगल से छूटकर भाग गए। मुंबई पहुंचने के बाद मुश्ताक ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया। बिजनौर में अपने करीबी को पुलिस के पास भी भेजा, लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी।

घटना के 20 दिन बाद यानी आठ दिसंबर को उत्तर प्रदेश से एक आईएएस अधिकारी अपने निजी काम से मुंबई गए थे। जहां पर मुश्ताक ने आईएएस अधिकारी को अपहरण कांड की कहानी सुना दी। आईएएस ने नगीना एसडीएम से फोन किया और सीओ सिटी बिजनौर से संपर्क साधा। एसपी बिजनौर से आईएएस अधिकारी ने बात की, तब जाकर 9 दिसंबर को बिजनौर में मुश्ताक के अपहरण का मुकदमा हुआ। मुश्ताक के अपहरण में पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है।

## कानपुर में अपहृत युवती को बरामद नहीं करने से खफा दंपति द्वारा पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास

- बिल्हौर पुलिस पर लगाया गुंडों द्वारा अपहृत बेटी को बरामद करने में लापरवाही का आरोप सीपी ने दिए जांच के आदेश
- 3 साल के भीतर कथित प्रेमियों के साथ कानपुर से गायब हुई एक दर्जन से ज्यादा लड़कियां

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज यहां शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर दफ्तर में बिल्हौर पुलिस पर गायब बेटी को बरामद करने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए दंपती ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया, जिन्हें वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल पकड़ लिया।

घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए मान निवादा उत्तरीपुरा बिल्हौर के रहने वाले राकेश दुबे ने बताया कि उनकी बेटी 31 अगस्त 2024 को बिल्हौर के खेरेश्वर मंदिर के सरैया घाट पर दीपदान करने गई थी। इसके बाद उनकी बेटी लापता हो गई। उन्होंने बिल्हौर थाने में इसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। जिसकी बात पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की। इस बीच जब उसने मंदिर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो उनकी बेटी मंदिर से निकलने के बाद ई-रिक्शा से जाते हुए देखी गई। ई-रिक्शा का पीछा एक काली स्कॉर्पियो कर रही थी।

वहीं दूसरी ओर आत्मदाह का प्रयास करने वाले दंपति का कहना है कि गुंडों ने दिनदहाड़े उनकी बेटी को अगवा कर लिया गया है। उन्हें आशंका है कि बेटी को किडनैप करने के बाद मर्डर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के बाद छोड़ दिया। बिल्हौर थाने में सुनवाई नहीं होने के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है।

दंपति को को इस बात की भी आशंका है कि स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने उनकी बेटी को 3 महीने पहले किडनैप करने के बाद मर्डर कर दिया है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि बिल्हौर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा और पूछताछ करने के बाद साठगांठ करके छोड़ दिया। थाने से लेकर एसपी और डीसीपी दफ्तर के बाद पुलिस कमिश्नर ऑफिस में एप्लिकेशन की लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

इसी से आहत होकर दंपती ने पुलिस कमिश्नर दफ्तर में आत्मदाह करके जान देने का प्रयास किया। घटना में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने मामले में जांच बैठाने के साथ ही थानेदार से युवती के गुमशुदगी को लेकर पूरी आख्या तलब की है। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले की जांच के आदेश संबंधित एसीपी को दिया है।

लड़कियों के गायब होने के संदर्भ में यह भी अवगत कराते चलें कि बीते 3 साल के अंदर एक दर्जन से ज्यादा लड़कियां अपने कथित प्रेमियों के साथ जाने के बाद अब तक वापस नहीं लौटी हैं। इनमें से कई मामलों की छानबीन पुलिस अभी भी कर रही है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024




# खनौरी बॉर्डर पहुंचे राकेश टिकैत बोले- दिल्ली को घेरना होगा

एजेंसी, पटियाला/जींद



**मांगे पूरी होने तक मरणव्रत खत्म नहीं करेंगे, SC का आदेश- डल्लेवाल को डॉक्टरी मदद दें**

किसानों की 13 मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का मरणव्रत जारी है। आज उनके मरणव्रत का 18वां दिन है। इसी बीच संयुक्त किसान मोर्चा (SKM ) भी अब डल्लेवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा है। आज 13 दिसंबर को डल्लेवाल से मिलने SKM नेता राकेश टिकैत पहुंचे। यहां उन्होंने डल्लेवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिख कौम शहीदी से नहीं डरती है। डल्लेवाल हमारे सीनियर किसान नेता हैं। मांगें पूरी होने तक मरणव्रत खत्म नहीं करेंगे। दोबारा फिर दिल्ली को घेरना पड़ेगा। टिकैत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज के राजा प्रजा पर दया करने वाले नहीं हैं। इसी बीच अंबाला के एसपी का एक बयान भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि किसानों को बिना परमिशन के आगे नहीं जाने दिया जाएगा।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल को लेकर कड़े आदेश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और केंद्र सरकार को कहा कि उन्हें तुरंत डॉक्टरी मदद दी जाए। उन्हें खाने को मजबूर न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की जिंदगी आंदोलन से ज्यादा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसान शांति बनाएं रखें और डल्लेवाल पर किसी तरह का बलप्रयोग न किया जाए। शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर चल रहे केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की गठित कमेटी ने भी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी। मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी। डल्लेवाल का मरणव्रत तुड़वाने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गई है। एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य ने याचिका में कहा कि डल्लेवाल की हालत नाजुक है। इसकी आज सुनवाई हो सकती है।

**किसानों ने बढ़ाई डल्लेवाल की सुरक्षाः** खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को किसानों द्वारा कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। कोई भी व्यक्ति सीधे उन तक न पहुंच पाए, इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं, धरनास्थल पर धार्मिक समागम भी चल रहा है। काफी संख्या में लोग मोर्चे पर जुटे हैं।

# अमेरिकी शराब पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में कनाडा

एजेंसी, टोरंटो




**♦ बिजली का निर्यात भी रोक सकता है, ट्रम्प ने 25% टैरिफ की धमकी दी थी**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। अब इसके जवाब में कनाडा का सबसे अधिक आबादी वाला प्रांत ओंटेरियो अमेरिकी शराब पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा अमेरिकी राज्यों मिशिगन, न्यूयॉर्क और मिनेसोटा को बिजली का निर्यात रोकने पर भी विचार कर रहा है। ओंटेरियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने इसकी पुष्टि की। इसके अलावा ओंटेरियो अमेरिका को होने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर बैन लगाने पर विचार कर रहा है। इसमें सरकारी टेंडर्स से अमेरिकी कंपनियों को बाहर रखने की भी तैयारी है। ओंटेरियो प्रीमियर डग फोर्ड ने बिजली न बेचने के फैसले को आखिरी विकल्प बताया है। फोर्ड ने कहा- मुझे नहीं लगता कि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। कहा कि हम अमेरिका को संदेश देना चाहते हैं कि अगर आप हमारे लोगों के रोजगार को निशाना बनाएंगे, तो हम हर संभव उपाय करेंगे। हालांकि, मुझे उम्मीद है, ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस पर ट्रम्प ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि अगर फोर्ड ऐसा करते हैं तो ये ठीक है। अमेरिका कनाडा को सब्सिडी दे रहा है और ऐसा नहीं होना चाहिए। ओंटेरियो ने 2023 में अमेरिका के 15 लाख घरों में बिजली पहुंचाई थी। इसके अलावा कनाडा अमेरिका को सबसे ज्यादा तेल की आपूर्ति करने वाला देश है। कनाडा से रोजाना 45 लाख बैरल तेल अमेरिका जाता है, जो अमेरिका को होने वाले कच्चे तेल के निर्यात का 60% हिस्सा है। ट्रम्प बोले- अवैध प्रवासी रोको नहीं तो कनाडा पर 25% टैरिफ लगेगा बता दें कि ट्रूडो ने पिछले हफ्ते फ्लोरिडा में ट्रम्प के साथ डिनर किया था।

# राजनाथ बोले- नेहरू-इंदिरा ने संविधान बदला ताकि विरोधियों को चुप रख सकें

एजेंसी, नई दिल्ली।



**♦ प्रियंका बोलीं- नेहरू को छोड़िए, आपने क्या किया**

संसद के शीतकालीन सत्र के 14वें दिन शुक्रवार को संविधान के 75 साल पूरे होने पर लोकसभा में चर्चा हुई। शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। 1 घंटे 10 मिनट की स्पीच में राजनाथ ने कांग्रेस पर संविधान बदलने, चुनी हुई सरकारों को गिराने, संविधान से ऊपर अपना स्वार्थ पूरा करने, इमरजेंसी के जरिए संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। राजनाथ के बाद विपक्ष की ओर से प्रियंका गांधी ने 31 मिनट में उनके हर एक बयान का जवाब दिया। प्रियंका ने कहा- रक्षा मंत्री संविधान निर्माताओं में नेहरू जी का नाम नहीं लेते। जहां जरूरत होती है, वहां जरूर लेते हैं। पहले क्या हुआ, उसे अब बताने का क्या मतलब है। अभी सरकार आपकी है, आपने क्या किया, जनता को ये बताइए। प्रियंका ने कहा- प्रधानमंत्री संसद में संविधान की किताब को माथे से लगाते हैं। संभल, हाथरस, मणिपुर हिंसा पर जब न्याय की बात उठती है तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आता। राजा भेष बदलते हैं, लेकिन उनमें आलोचना सुनने की हिम्मत नहीं है। प्रियंका की यह लोकसभा में बतौर सांसद पहली स्पीच थी।

## ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

# जयशंकर बोले- यूनुस सरकार से एक्शन लेने को कहा, हसीना के बयानों का समर्थन नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली।



लोकसभा में बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वहां अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। हमने इन घटनाओं पर ध्यान भी दिया है। हाल ही हमारे विदेश सचिव ने ढाका का दौरा किया था। वहां मीटिंग के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा भी हुई थी। हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाएगा। दरअसल लोकसभा में कार्यवाही के दौरान AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दूसरे मुद्दों पर सवाल किया था। इसके अलावा विदेश मंत्री ने म्यांमार के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के सवाल के जवाब में बताया कि भारत सरकार म्यांमार के साथ बनी ओपन रिजीम पॉलिसी को रिव्यू कर रही है। इस पॉलिसी के तहत लोगों के बॉर्डर के आर-पार जाने की परमिशन होती है। हालांकि, भारत ने फिलहाल इस पर रोक लगा रखी है। भारत ने हसीना के बयानों से पल्ला झाड़ा विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बुधवार को पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को बताया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकारी की आलोचना करने वाले शेख हसीना के बयानों का भारत समर्थन नहीं करता है। हसीना के इन बयानों से दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत का बांग्लादेश के साथ संबंध किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं हैं। यह दोनों देशों के नागरिकों पर आधारित हैं। मिस्त्री ने बताया कि हसीना बयान देने के लिए पर्सनल डिवाइस का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें भारत ने कोई डिवाइस नहीं दिया है। भारत सरकार हसीना को इस तरह की कोई सुविधा नहीं दे रही है, जिसके जरिए वो राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम दे सके। बांग्लादेश के हालात पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन की नजर अमेरिका व्हाइट हाउस में सलाहकार जॉन किर्बी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राष्ट्रपति बाइडेन बांग्लादेश के हालात पर नजर रखे हुए हैं। साथ ही अंतरिम सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। किर्बी ने कहा कि हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा के हालात बिगड़े हैं। इससे निपटने के लिए हम बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियों को मजबूत करने में मदद कर रहे हैं।

# SC बोला- जज सोशल मीडिया के इस्तेमाल से बचें, संन्यासी की तरह जीवन जीना चाहिए

एजेंसी, नई दिल्ली।

**न्यायपालिका में दिखावे के लिए कोई जगह नहीं**



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों को संन्यासी की तरह जीवन जीना चाहिए और घोड़े की तरह काम करना चाहिए। उन्हें सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। फैसलों को लेकर किसी तरह की राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए। गुरुवार को जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने ये टिप्पणी की। बेंच मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जून 2023 में 6 महिला जजों के टर्मिनेशन के मामले में ये सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, 'न्यायपालिका में दिखावे के लिए कोई जगह नहीं है। न्यायिक अधिकारियों को फेसबुक पर नहीं जाना चाहिए। उन्हें फैसलों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि कल अगर फैसले का हवाला दिया जाता है तो न्यायाधीश पहले ही किसी न किसी तरह से अपनी राय व्यक्त कर चुके होंगे।'

बेंच ने कहा फेसबुक खुला मंच है। आपको (जजों) एक संन्यासी की तरह जीवन जीना होगा, घोड़े की तरह काम करना होगा। न्यायिक अधिकारियों को बहुत त्याग करना पड़ता है। मई 2023 में मध्य प्रदेश शासन ने 6 महिला जजों को डिसमिस किया था मध्यप्रदेश के विधि और विधायी कार्य विभाग ने हाईकोर्ट की सिफारिश पर 23 मई 2023 को आदेश जारी कर 6 महिला न्यायाधीशों की सेवाएं समाप्त कर दी थीं। ये आदेश हाईकोर्ट की प्रशासनिक समिति और फुल कोर्ट मीटिंग के फैसले के आधार पर दिया गया था। सेवाएं समाप्त करने के लिए कारण दिया गया था कि प्रोबेशन पीरियड के दौरान इन महिला जजों का परफॉर्मेंस पुअर रहा। इस संबंध में राज्य सरकार के आदेश का गजट नोटिफिकेशन 9 जून 2023 को जारी हुआ था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2024 में इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। मध्य प्रदेश शासन ने जिन 6 महिला जजों की सेवाएं समाप्त की थीं उनमें सरिता चौधरी, रचना अतुलकर जोशी, प्रिया शर्मा, सोनाक्षी जोशी, अदिति कुमार शर्मा और ज्योति बरखेड़े के नाम शामिल थे। सितंबर में अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी को छोड़कर बाकी सभी जजों की नौकरी बहाल के आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे। अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी के मामले को अलग से देखने के बाद आदेश देने की बात कही गई थी।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट जज के खिलाफ महाभियोग के लिए नोटिस

एजेंसी, नई दिल्ली।




**राज्यसभा में 55 सांसदों ने हस्ताक्षर किए, कहा था-कठमुल्ले घातक**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है। प्रस्ताव पर 55 राज्यसभा सांसदों के हस्ताक्षर हैं। कपिल सिब्बल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महाभियोग प्रस्ताव पेश किया। प्रतिनिधिमंडल में सांसद विवेक तन्खा, दिग्विजय सिंह, पी. विल्सन, जॉन ब्रिटास और केटीएस तुलसी शामिल हैं। 8 दिसंबर को प्रयागराज में VHP की लीगल सेल के कार्यक्रम में जस्टिस शेखर यादव ने कहा था- मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि यह हिंदुस्तान है और यह देश यहां रहने वाले बहुसंख्यकों की इच्छा से चलेगा। यह जो कठमुल्ला हैं, यह सही शब्द नहीं है, लेकिन कहने में परहेज नहीं है, क्योंकि वह देश के लिए बुरा है... घातक है। देश के खिलाफ हैं। जनता को भड़काने वाले लोग हैं। देश आगे न बढ़े, ऐसा सोचने वाले लोग हैं। उनसे सावधान रहने की जरूरत है। महाभियोग प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि जस्टिस यादव का भाषण भड़काऊ, पूर्वाग्रही और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने वाला था। उन्होंने जज के रूप में पद की शपथ और संविधान के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का उल्लंघन किया। उनके इस कथन पर भी आपत्ति जताई गई कि मुस्लिम बच्चों से दयालुता की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 2 नक्सली मार गिराए

एजेंसी, बीजापुर



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। दोनों के शव को बरामद कर लिया गया है। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से अब भी फायरिंग जारी है। मामला जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नेंड्रा के जंगल मे भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं, जिसके आधार पर बीजापुर से DRG और CRPF के जवानों को मौके के लिए निकाला गया था। आज सुबह जवान इलाके के जंगल पहुंचे, तो नक्सलियों ने फायर खोल दिया। वहीं जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। शाह के दौरे से पहले जवानों ने 9 नक्सलियों को मार गिराया है।

**कल मार गिराए थे सात नक्सली:** अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया था। इनके शव भी बरामद कर लिए गए। बस्तर IG सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की थी। मारे गए 7 नक्सलियों में 2 महिला और 5 पुरुष हैं। 4 जिले के एक हजार से ज्यादा जवानों ने नक्सलियों को घेरा था। इनमें नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की DRG, STF और CRPF की टीम शामिल है। बता दें कि, 13 दिसंबर 2023 से 12 दिसंबर 2024 तक बस्तर में कुल 217 नक्सली मारे गए हैं।

# EVM वेरिफिकेशन की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, बेंच बोली- याचिका हमारे पास क्यों लाए

एजेंसी, नई दिल्ली।



**♦ वहीं बेंच सुने, जिसने पहले फैसला दिया**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) की जांच के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका को इस मामले में फैसला देने वाली पुरानी बेंच के पास भेजा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह याचिका हमारे पास क्यों लाए हो, इस पर पुरानी बेंच को सुनवाई करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 26 अप्रैल को पुराने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका खारिज की थी। कोर्ट ने अपने फैसले में EVM में गड़बड़ी की बात को निराधार बताया और कहा था कि EVM सेफ है। इससे बूथ कैप्चरिंग और फेक वोटिंग बंद हुई है। SC ने चुनाव रिजल्ट में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशियों को हर विधानसभा की 5% EVM के माइक्रोकंट्रोलर चिप्स की जांच की अनुमति दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले ने अपीलकर्ता हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और 5 बार के विधायक लखन कुमार सिंगला के वकील गोपाल शंकरनारायणन को यह आदेश दिया। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 32 के तहत याचिका में जो मांग की गई, उसके लिए पिछली बेंच के 26 अप्रैल को दिए गए फैसले की जरूरत है। दलाल और सिंगला को अपनी-अपनी विधानसभा में दूसरे सबसे ज्यादा वोट मिले थे। उन्होंने चुनाव आयोग (EC) से EVM के 4 कम्पोनेंट्स- कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, VVPAT और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजनल बर्न मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी बनाने का निर्देश देने की मांग की। उन्होंने बताया कि याचिका में चुनाव के रिजल्ट को चुनौती नहीं दी गई बल्कि EVM की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की फिराक में इजराइल, सीरिया का 85% एयर डिफेंस तबाह किया

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्सेस (IDF) ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने की फिराक में है। गुरुवार को इजराइली अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी एशिया में ईरान समर्थित विद्रोही गुटों के कमजोर पड़ने के बाद उसके परमाणु ठिकानों पर हमले के लिए ये सही समय है। सैन्य अधिकारी सही मौके की तलाश में हैं। IDF के अधिकारियों का मानना है कि लेबनान में हिजबुल्लाह के कमजोर पड़ने और सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद ईरान अकेला पड़ गया है। ऐसे में वह अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकता है। साथ ही अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए परमाणु बम भी बना सकता है। दूसरी तरफ इजराइली सेना सीरिया में लगातार एयर स्ट्राइक कर सैन्य ठिकानों को निशाना बना रही है। इजराइली हमलों में सीरिया का 85% एयर डिफेंस तबाह सीरिया में असद सरकार के तख्तापलट के बाद से इजराइली हमले जारी हैं। इजराइल सीरिया के सैन्य ठिकानों और हथियारों को निशाना बना रहा है। अब तक इजराइल के हमलों में 85% से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो चुका है। हमलों में 107 एयर डिफेंस कॉम्पोनेंट्स और 47 रडार नष्ट कर दिए गए हैं। इससे पहले रविवार और सोमवार को इजराइल ने सीरियाई एयरबेस और हथियारो डिपो को निशाना बनाया था। इन हमलों में सैकड़ों मिसाइल, 27 लड़ाकू विमान और 24 हेलिकॉप्टर तबाह कर दिए थे। इसके अलावा इजराइल ने सीरिया के लटाविया में नौसैनिक ठिकानों को भी निशाना बनाया था। इन हमलों में सीरिया के 15 नौसैनिक जहाज तबाह हो गए थे। इन हमलों के लिए इजराइल ने 1800 से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल किया था।

### बांग्लादेश में अब जॉय बांग्ला राष्ट्रीय नारा नहीं, यूनुस सरकार ने आदेश जारी किया

**ढाका।** बांग्लादेश में जॉय बांग्ला को राष्ट्रीय नारा नहीं माना जाएगा। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेशी सरकार ने हाल ही में इसे लेकर आदेश जारी किया है। बांग्लादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान ने 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस नारे का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। डेली स्टार के मुताबिक, बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस सरकारी आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि राष्ट्रीय नारा सरकार की पॉलिसी का मामला है और न्यायपालिका को इसमें दखल नहीं देना चाहिए। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, जॉय बांग्ला नारा कवि काजी नजरुल इस्लाम की कविता से लिया गया है। उन्होंने 1922 में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लिखी एक कविता में इसका जिक्र किया था। 1971 में बांग्लादेश स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसका इस्तेमाल युद्धघोष की तरह किया गया। 2020 में हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय नारा घोषित किया था बांग्लादेश बनने के बाद नजरुल इस्लाम को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि की उपाधि से सम्मानित किया गया। बांग्लादेश की आजादी के तुरंत बाद अनौपचारिक तौर पर जॉय बांग्ला देश का राष्ट्रीय नारा बन गया। हालांकि, 1975 में शेख मुजीब की हत्या के बाद खोंडेकर मुस्ताक अहमद बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने तो उन्होंने बांग्लादेश जिंदाबाद नारे का इस्तेमाल किया। 2017 में बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें जॉय बांग्ला को देश का राष्ट्रीय नारा घोषित करने की मांग की गई थी। 10 मार्च, 2020 को हाई कोर्ट ने जॉय बांग्ला को राष्ट्रीय नारा घोषित कर दिया।



### राजस्थान समेत 12 राज्यों में तापमान 5° से नीचे, मध्य प्रदेश में स्कूलों की टाइमिंग बदली



**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 12 राज्यों में शीतलहर चल रही है। राजस्थान के फतेहपुर (सीकर) का पारा -1 में पहुंच गया है। यहां खुले में रखे बर्तनों का पानी जम रहा है। मध्य प्रदेश के भोपाल समेत 28 जिलों में शीतलहर का अलर्ट है। 8 जिलों में टेम्प्रेचर 6° के नीचे रिकॉर्ड किया गया है। ठंड के कारण भोपाल-इंदौर में स्कूलों का टाइम बदला गया है। उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने राज्य के 25 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। सबसे कम तापमान अयोध्या में 4.5° रिकॉर्ड किया गया है। 9 शहरों में पारा 6 डिग्री से कम है। कश्मीर के बारामूला, कुपवाड़ा, शोपियां, पुलवामा और बांदीपोरा बर्फबारी जारी है। यहां 7 जिलों में पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में नदी जम गई। दक्षिण भारत के तमिलनाडु और कर्नाटक में आज तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश के चलते पुडुचेरी और कराईकल के स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी घोषित की गई है।

### तमिलनाडु के अस्पताल में आग, 6 लोगों की मौत, सभी हॉस्पिटल की लिफ्ट में बेहोश मिले थे

**डिंडीगुल।** तमिलनाडु के डिंडीगुल में प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई। सभी अस्पताल की लिफ्ट में बेहोश मिले थे। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक घटना रात 9 बजे की है। त्रिची रोड स्थित ऑर्थोपेडिक केयर सिटी हॉस्पिटल के रिसेप्शन एरिया में आग लगी थी, जो पूरी बिल्डिंग में फैल गई थी। घटना के दौरान अस्पताल में 30 से ज्यादा मरीज थे। पुलिस के मुताबिक आग की घटना की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। मरीजों को 10 एंबुलेंस से नजदीकी अस्पतालों में शिफ्ट किया गया था। पुलिस ने बताया कि लिफ्ट में मिले सभी लोगों को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल ले जाया गया था। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अन्य मरीजों का अस्पताल में इलाज जारी है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग पुलिस और फायर ब्रिगेड के मुताबिक शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगने की बात कही गई है। मामले की जांच की जा रही है। डिंडीगुल के DM एमएन पूंगोडी ने कहा- फायर ब्रिगेड, राजस्व और पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया था। लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### MP में राहुल को गुल्लक देने वाले कारोबारी का सुसाइड

**बाबू पांचाल।** सीहोर जिले के आष्टा में कारोबारी मनोज परमार और उनकी पत्नी नेहा का शव शुक्रवार सुबह घर में फंदे पर लटका मिला है। 8 दिन पहले 5 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने परमार के इंदौर और सीहोर स्थित चार ठिकानों पर छापा मारा था। यहां से कई चल-अचल और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए थे। साथ ही साढ़े तीन लाख रुपए का बैंक बैलेंस भी फ्रीज किया था। मामला पंजाब नेशनल बैंक में 6 करोड़ रुपए के फ्रॉड का है। इसमें परमार की गिरफ्तारी भी की गई थी। इसके बाद से वे परेशान थे। मनोज परमार ने न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को गुल्लक भेंट की थी। इसके बाद वे चर्चा में आ गए थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद से ही वे भाजपा के निशाने पर थे। मनोज परमार के तीन बच्चे हैं-बेटी जिया (18), बेटे जतिन (16) और यश (13)। जतिन ने कहा, 'ED वालों ने मानसिक तौर पर प्रेशर बनाया था। इस कारण माता-पिता ने सुसाइड किया है।' मनोज के भाई और हर्षपुर के सरपंच राजेश परमार ने बताया कि मनोज पर ED का मानसिक दबाव था। इससे पहले भी कार्रवाई हुई थी, इससे वह परेशान हो चुका था। साथ में बीजेपी वाले भी परेशान कर रहे थे, इसीलिए उसने यह कदम उठाया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024



# गाबा टेस्ट में खेलेंगे जोश हेजलवुड

**एजेंसी, गाबा**



जोश हेजलवुड को ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि वह स्कॉट बोलैंड की जगह लेंगे। आस्ट्रेलियाई एकादश में यह एकमात्र बदलाव होगा। हेजलवुड पर्थ में पहले टेस्ट में साइड स्ट्रेन के कारण एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया की जीत से चूक गए थे, जबकि दूसरे टेस्ट में बोलैंड ने दो पारियों में पांच महत्वपूर्ण विकेट लिए थे।

हेजलवुड ने सप्ताह के दौरान कुछ फिटनेस टेस्ट दिए। गाबा नेट्स में केवल छोटे रन-अप उपलब्ध होने और कोई अतिरिक्त सेंटर विकेट नहीं होने के कारण, हेजलवुड गुरुवार को एलन बॉर्डर फील्ड में गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी की निगरानी में मिशेल स्टार्क के साथ अपना पूरा रन बनाने के लिए उतरे। गुरुवार की सुबह एडिलेड में भी गेंदबाजी करने के बाद, हेजलवुड को वापसी के लिए फिट घोषित किया गया है। कमिंस ने शुक्रवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, "जोश वापस आ गया है... उसे कोई परेशानी नहीं हुई। कल उसने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, कुछ दिन पहले एडिलेड में भी उसने अच्छी गेंदबाजी की थी। वह और मेडिकल टीम बहुत आश्वस्त हैं।" श्रृंखला के अंतिम तीन टेस्ट 25 दिनों की अवधि में खेले जाने के साथ, कमिंस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस गर्मी में बोलैंड को फिर से इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, "यह कठिन है, उसने एडिलेड में शानदार प्रदर्शन किया। दुर्भाग्य से उसने पिछले 18 महीनों में बेंच पर काफी समय बिताया है। और जब भी उसने खेला है, वह शानदार रहा है। स्कॉटी के लिए यह दुर्भाग्य की बात है, लेकिन फिर भी इस श्रृंखला में खेलने के लिए काफी कुछ है। मुझे आश्चर्य होगा अगर उसे किसी समय एक और मौका नहीं मिलता है।" हेज़लवुड ने गुरुवार दोपहर एलन बॉर्डर फ़ील्ड में मुख्य समूह से दूर एक प्रशिक्षण सत्र में शीर्ष गति प्राप्त की। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने लंबे समय के साथी मिशेल स्टार्क के साथ क्वींसलैंड की चिलचिलाती धूप में 45 मिनट के गहन सत्र में पसीना बहाया, जिसमें दोनों ने टेस्ट टीम के सदस्य जोश इंगलिस और क्वींसलैंड के बल्लेबाज लैचलन हर्न को गेंदबाजी की। गेंदबाजी कोच डैन विटोरी भी दूसरे प्रशिक्षण सत्र के लिए मौजूद थे। कमिंस ने पुष्टि की कि एबी फील्ड में तेज गेंदबाजों को प्रशिक्षित करने का कदम "पूरी तरह से रन अप के बारे में" था। उन्होंने कहा, "हमने इसे अधिकांश वर्षों में किया है ... यह गाबा (नेट्स) के पीछे केवल 25 मीटर है, जबकि जाहिर है कि हम एबी फील्ड में पूर्ण रन अप प्राप्त कर सकते हैं।" तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवनः उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस, मिच स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

## जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, आकिब जावेद ने संभाली कमान

**एजेंसी, लाहौर**



जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को टीम के दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले की जानकारी दी। गिलेस्पी का इस्तीफा काफी हद तक अपेक्षित था, क्योंकि पीसीबी ने उनके सहायक कोच टिम नीलसन के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया था। ऐसा कहा जाता है कि गिलेस्पी और नीलसन दोनों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध थे। गुरुवार देर रात पीसीबी ने कहा कि आकिब जावेद अंतरिम आधार पर रेड बॉल कोच का पद संभालेंगे। आकिब को पहले भी गैरी कर्स्टन के इस्तीफे के बाद व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और वह वर्तमान में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान व्हाइट-बॉल टीम के साथ हैं। पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, "रेड-बॉल हेड-कोच जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने आकिब जावेद को अंतरिम रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया है।" रेड-बॉल हेड कोच के तौर पर आकिब का पहला काम पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। पहला टेस्ट 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट 3 से 7 जनवरी तक केपटाउन के न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी पीसीबी के कुछ हालिया फैसलों से नाराज हैं और नीलसन की स्थिति ने उनके लिए आखिरी संकट खड़ा कर दिया। गिलेस्पी को इस साल की शुरुआत में पीसीबी ने लाल गेंद वाली टीम के लिए दो साल के लिए अनुबंधित किया था। लेकिन वह पिछले कुछ समय से पीसीबी से नाखुश हैं, क्योंकि हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कुछ अहम फैसलों में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। गिलेस्पी का मामला कर्स्टन के व्हाइट बॉल कोच के पद से हटने के कुछ समय बाद ही सामने आया है। कर्स्टन को इस साल अप्रैल में गिलेस्पी के साथ नियुक्त किया गया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी ने अक्टूबर में पद छोड़ने का फैसला किया। दो विदेशी कोच छह महीने भी नहीं टिक पाए, यह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छी बात नहीं है। कर्स्टन-गिलेस्पी प्रकरण को देखते हुए, पीसीबी को अपनी टीमों की कमान संभालने के लिए किसी विदेशी कोच को मनाने में संघर्ष करना पड़ सकता है।

## उत्तराखंड को मिला देश का 8वां साइकिलिंग वेलोड्रोम, रुद्रपुर में खेल मंत्री ने किया लोकार्पण

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर में एक नई कड़ी जुड़ गई है। राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को रुद्रपुर में स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में साइकिलिंग वेलोड्रोम का लोकार्पण किया। यह वेलोड्रोम बनना राज्य के लिए गर्व की बात है, क्योंकि अब उत्तराखंड साइकिलिंग वेलोड्रोम वाला देश का आठवां राज्य बन गया है। इस वेलोड्रोम के निर्माण में 2312.99 लाख रुपये खर्च हुए और इसे 18 महीने में पूरा किया गया।

इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब हमारे खिलाड़ी देश-विदेश में मेडल जीतने के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करेंगे, क्योंकि प्रदेश में सभी खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि रुद्रपुर में राष्ट्रीय खेलों की तीन प्रमुख स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जो शहर के लिए ऐतिहासिक मौका होगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल अकादमियों को 50फीसदी तक सब्सिडी देने की योजना पर विचार किया जा रहा है, ताकि हमारे खिलाड़ी और कोच किसी भी कमी से जूझें नहीं।

सकैनिया में 60 बेड वाले खेल छात्रावास का भी लोकार्पण किया मंत्री आर्य ने गदरपुर स्थित सकैनिया में 60 बेड वाले एक खेल छात्रावास का भी लोकार्पण किया। यह छात्रावास ग्रामीण बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं और रहने की व्यवस्था मुहैया कराएगा। इससे पहले मंत्री रेखा आर्या के यहां पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।



## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन, वोक्स की जगह मैथ्यू पॉट्स टीम में शामिल

**एजेंसी, हैमिल्टन**



इंग्लैंड ने शुक्रवार को सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह वापस बुलाया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरुआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने शुक्रवार को अपनी एकादश का खुलासा नहीं किया है, कप्तान ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, जिससे यह अभी अधर में है कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। साउथी तीन तेज गेंदबाजी स्थानों के लिए अपने साथी तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी के साथ प्रतिस्पर्धा में हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के पास श्रृंखला में अपनी पहली उपस्थिति के लिए लाइन-अप में लौटने का मौका है। इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवनः जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप, बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, ब्रायडन कार्स, शोएब बशीर। न्यूजीलैंड की संभावित एकादशः टॉम लैथम (कप्तान), विल यंग, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम ब्लंडेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, मैट हेनरी, टिम साउथी, विल ओ'रूर्के।

## नीरज चोपड़ा की प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया


**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस 2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं। इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं।" उन्होंने कहा, "अपने ओलंपिक संग्रह को अद्यतन रखते हुए, हमें आज पेरिस 2024 पदक विजेताओं यारोस्लावा महुचिख, थिया लाफॉन्ड और नीरज चोपड़ा से दान की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।" महुचिख ने जुलाई में स्टेड चार्लेटी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता। उन्होंने अपना पेरिस ओलंपिक सिंगलेट, नाम बिब और शॉर्ट्स एमओडब्ल्यूए को दान कर दिया है। महुचिख ने मोनाको में विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में भाग लेने के दौरान कोए को ये आइटम भेंट किए।




## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, शाई होप, शेरफेन रदरफोर्ड बाहर

**एजेंसी, किंग्सटाउन**



वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप और बाएं हाथ के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के कारण इस जोड़ी को बाहर कर दिया गया, रोवमैन पॉवेल एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे।

फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज कीसी कार्टी ने सेंट किट्स में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 95 रन बनाकर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप हासिल किया, जबकि अनुभवी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स भी चोट के कारण हाल ही में सीरीज गंवाने के बाद वापस लौटे हैं। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने कहा कि टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के 2026 संस्करण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, "कार्टी ने हमें दिखाया है कि वह उस प्रारूप में एक बल्लेबाज हो सकता है, और बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए, एक ऐसी टीम जिसे हम हल्के में नहीं ले सकते, हमें डेक पर सभी की जरूरत है। हमारे पास उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ टीम का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था, और मुझे विश्वास है चैंपियनशिप जीतने के लिए आवश्यक अनुभव के साथ यह हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है।'' वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के बीच तीनों मैच सेंट विंसेंट में होंगे, पहला मुकाबला 15 दिसंबर से शुरू होगा। दूसरा मैच ,17 और तीसरा 19 दिसंबर को खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार हैः रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग (उप-कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, जस्टिन ग्रीव्स, टेरेंस हिंड्स, अकील होसेन (केवल पहले दो मैच), जेडन सील्स (केवल तीसरा मैच), अल्ज़ारी जोसेफ , एविन लुईस, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

## ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण, लेकिन 35 ओवर के बाद बल्लेबाजी करना आसान : शुभमन गिल

**एजेंसी, ब्रिसबेन**



गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले, स्टार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है। सीरीज का तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। दोनों टीमें 1-1 मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी पर हैं। अगला मुकाबला "द गाबा" में होगा, एक ऐसा मैदान जहाँ 2020-21 के दौरे के दौरान एक अनुभवहीन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 32 वर्षों में अपनी पहली टेस्ट हार दी थी। गिल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "जिस तीव्रता से यहाँ खेल खेले जाते हैं, खासकर टेस्ट मैच, वह कठिनाइयों में से एक है क्योंकि पाँच दिनों तक एक ही तीव्रता बनाए रखना ऑस्ट्रेलियाई दौरे को इतना कठिन बनाता है और सबसे बढ़कर यह मानसिक तीव्रता और मानसिक फिटनेस है जिसकी यहाँ ऑस्ट्रेलिया में आवश्यकता होती है।" दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद नई गेंद आने से पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है। उन्होंने कहा, "ब्रिसबेन की परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन 30 से 35 ओवर तक का समय होता है जब तक कि दूसरी नई गेंद नहीं आ जाती, तब बल्लेबाजी करना आसान होता है। ऑस्ट्रेलिया की पिचें तेज़ हैं और ऑस्ट्रेलिया का इतिहास यह है कि उन्होंने अच्छे तेज़ गेंदबाज़ों के साथ खेला है क्योंकि विकेट ने उन्हें मदद की है क्योंकि यह कठोर और तेज़ है। आपको वहाँ रहना होगा और मैदान पर उसी मानसिक फिटनेस और तीव्रता के साथ खेलने के लिए तैयार रहना होगा।" गिल ने उस समय को याद किया जब उन्होंने आखिरी बार 2020-21 में यहां खेला था और इसे "पुरानी यादें" वाला पल बताया। गिल ने कहा, "निश्चित रूप से, जब मैं यहां आया तो बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। पूरी टीम आई और स्टेडियम में घूमते हुए, बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। मुझे लगता है कि एक बार जब हम इस पर खेलेंगे तो हमें विकेट के बारे में पता चल जाएगा। मुझे लगता है कि यह खेलने के लिए एक अच्छी विकेट होगी।"

## खो-खो के राष्ट्रव्यापी प्रोग्राम में भाग ले रहे हैं सात शहरों में 30 स्कूलों के 10,000 स्कूली बच्चे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) के साथ मिलकर स्कूली छात्रों के बीच खो-खो को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रोग्राम शुरू किया है, जो 13-19 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले आगामी विश्व कप से पहले भारत में एक स्वदेशी खेल विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

पिछले एक महीने के दौरान इस पहल ने हैदराबाद, बैंगलोर, दिल्ली और जयपुर सहित सात शहरों में 7,000 से अधिक स्कूली छात्रों को सफलतापूर्वक इस प्रोग्राम में शामिल किया है। यह प्रयास आने वाले हफ्तों में लखनऊ, पुणे और मुंबई में भी जाएगा। अबतक यःबपहल भारत भर के 30 स्कूलों तक पहुँच चुका है और 11 जनवरी तक इसके तहत 200 स्कूलों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, "हमारा मिशन खो-खो को पारंपरिक खेल से बदलकर विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल बनाना है। इस खूबसूरत खेल को युवा दिमागों में पेश करके, हम न केवल खिलाड़ियों को विकसित कर रहे हैं, बल्कि ऐसे एम्बेसडर तैयार कर रहे हैं जो भारत के इस स्वदेशी खेल की अविश्वसनीय विरासत को दुनिया के हर हिस्से में लेकर जाएं ।"

ऑन-ग्राउंड एक्टिविटीज के लिए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोसाइटी ऑफ़ डिजिटल एंटरप्रेन्योर्स के सहयोग से एक डिजिटल पंजीकरण अभियान शुरू किया है।

खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एमएस त्यागी ने बताया, "डिजिटल पंजीकरण अभियान एक गेम-चेंजर रहा है। हम तेलंगाना से लेकर उत्तर प्रदेश तक पूरे भारत में 7,000 से अधिक शहरों और 1,200 से अधिक स्कूलों तक सफलतापूर्वक पहुँच चुके हैं।"

इस पंजीकरण अभियान में देश के हर हिस्से में कक्षा 6 से 11 तक के छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई है। और खो खो विश्व कप के आयोजन के साथ, यह जमीनी स्तर के विकास की पहल राष्ट्रीय हित के निर्माण और भारत के स्वदेशी खेल के लिए प्रतिभा पाइपलाइन बनाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।



# दत्तात्रेय जयंती के दिन करें इन मंत्रों का जाप, हो सकता है भाग्योदय

हिंदू धर्म में दत्तात्रेय जयंती को बेहद पवित्र माना जाता है। इस दिन भगवान दत्तात्रेय की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। भगवान दत्तात्रेय की पूजा मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा के दिन हुआ था। इस दिन त्रिदेव की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आपकी कोई मनोकामना है या फिर कोई सिद्धि प्राप्त करना चाहते हैं, तो दत्तात्रेय जयंती के दिन विशेष रूप से ब्रह्मा, विष्णु और महेश की पूजा-अर्चना कर सकते हैं। अब ऐसे में इस दिन कुछ ऐसे मंत्र हैं, जिनका जाप करने से लाभ हो सकता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

## दत्तात्रेय जयंती के दिन करें ब्रह्मा जी के मंत्रों का जाप

हिंदू धर्म में ब्रह्मा जी सृष्टि के देवता हैं, इसलिए उनके मंत्र का जाप करने से व्यक्ति में सृजनात्मकता बढ़ती है। ब्रह्मा जी ज्ञान के देवता भी माने जाते हैं। उनके मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को ज्ञान की प्राप्ति होती है। ब्रह्मा जी के मंत्रों का जाप करने से व्यक्ति को उत्तम परिणाम मिलते हैं और सुख-सुविधाओं की भी प्राप्ति होती है।

ऊं वेदात्मने विद्महे, हिरण्यगर्भाय धीमहि,
तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात॥
ऊं ब्रह्मणे नमः
ऊं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौह सतचिद एकं ब्रह्मा
ऊं ब्रह्मणे नमः

## दत्तात्रेय जयंती के दिन करें भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप

दत्तात्रेय जयंती के दिन भगवान दत्तात्रेय (ब्रह्म, विष्णु और महेश) हैं। इनकी पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को भगवान दत्तात्रेय की आह्वान करना चाहिए। उसके बाद भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने से उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। इसलिए विष्णु की पूजा करने के दौरान मंत्रों का जाप अवश्य करें।

ऊं नमो भगवते वासुदेवाय-
ऊं नारायणाय विद्महे, वासुदेवाय धीमहि,
तन्नो विष्णु: प्रचोदयात
आप विष्णु सहस्त्रनाम का जाप भी पूरे विधि-विधान के साथ कर सकते हैं।

## दत्तात्रेय जयंती के दिन करें भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का जाप

दत्तात्रेय जयंती के दिन भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें। ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो शिव जी की पूजा करने के दौरान मंत्रों का जाप करने से लाभ हो सकता है।

ऊं नमः शिवाय-
महामृत्युंजय मंत्र-
शिव तांडव स्तोत्र-



# कब है मार्गशीर्ष पूर्णिमा? पूजा एवं स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व

**ऐसा माना जाता है कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी की आराधना करने से धन के भंडार माता भक्त के लिए खोल देती हैं और धन-वैभव-ऐश्वर्य की व्यक्ति को प्राप्ति होती है।**

हिन्दू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 12 पूर्णिमा तिथियां आती हैं। इन्हीं में से एक है मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। ऐसा माना जाता है कि इस पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी की आराधना करने से धन के भंडार माता भक्त के लिए खोल देती हैं और धन-वैभव-ऐश्वर्य की व्यक्ति को प्राप्ति होती है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य से आइये जानते हैं कि आखिर इस साल कब पड़ रही है मार्गशीर्ष पूर्णिमा, क्या है इस दिन पूजा एवं स्नान-दान का शुभ मुहूर्त और महत्व।

## मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 कब है?

मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 14 दिसंबर, दिन शनिवार को शाम 4 बजकर 58 मिनट पर होगा। वहीं, इसका समापन 15 दिसंबर, दिन रविवार को रात 2 बजकर 31 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, इस साल मार्गशीर्ष पूर्णिमा 15 दिसंबर को मनाई जाएगी।

## मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 शुभ मुहूर्त

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 12 मिनट से शुरू होगा और सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर समाप्त होगा। ब्रह्म मुहूर्त में पूर्णिमा का स्नान करना शुभ माना जाता है। इसके अलावा, दान का मुहूर्त सुबह 7 बजकर 32 मिनट से शुरू होकर सुबह 8 बजे तक रहेगा। वहीं, मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की पूजा का शुभ समय सुबह 7 बजकर 52 मिनट से सुबह 9 बजकर 21 मिनट तक का है। चंद्रोदय का समय शाम 5 बजकर 14 मिनट है। ऐसे में चंद्रमा की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त शाम 6 बजे से रात 7 बजकर 45 मिनट तक है।

## मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2024 महत्व

मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की पूजा करने से जहां एक ओर सुख-समृद्धि और संपन्नता का वरदान मिलता है तो वहीं, माता लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी आराधना करने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है, पारिवारिक शांति बनी रहती है और ग्रह भी शुभता देते हैं।




# मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर लक्ष्मी यंत्र की पूजा के दौरान न करें ये गलतियां

**मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी के साथ ही लक्ष्मी यंत्र की पूजा करना भी उत्तम माना जाता है। ऐसे में आइये जानते हैं कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा के दौरान कौन सी बातों का ख्याल रखना चाहिए।**

मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा इस साल 15 दिसंबर, दिन रविवार को पड़ रही है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा का विधान है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी की पूजा मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन करने से धन-धान्य में वृद्धि होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास स्थापित होता है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी के साथ ही लक्ष्मी यंत्र की पूजा करना भी उत्तम माना जाता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा के दौरान कौन सी बातों का ख्याल रखना चाहिए। मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर लक्ष्मी यंत्र की पूजा के समय न करें ये भूल?

- मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन घर में लक्ष्मी यंत्र की पूजा से पहले उसे चौकी पर स्थापित करें। चौकी जिस स्थान पर रखें उस जगह को अच्छे से स्वच्छ कर लें। अशुद्ध स्थान पर लक्ष्मी यंत्र को स्थापित न करें।
- शास्त्रों के अनुसार, किसी भी पूजा के लिए समय यानी कि शुभ मुहूर्त बहुत जरूरी होता है। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा शुभ मुहूर्त देखकर ही करें नहीं तो फल नहीं मिलेगा।
- लक्ष्मी यंत्र की पूजा अगर पूर्णिमा के दिन कर रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि पांच प्रकार के फूल-पत्ते (पीपल, गुड़हल, कदंब, तुलसी, कनेर) लक्ष्मी यंत्र के समक्ष अवश्य अर्पित करने चाहिए।
- लक्ष्मी यंत्र की पूजा करना चाहते हैं मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन तो इस बात का भी धयान रखें कि गलत दिशा में यंत्र की स्थापना न करें। लक्ष्मी यंत्र को पूजा के लिए पूर्व दिशा में स्थापित करना शुभ होगा।
- मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा से पहले उसे गंगाजल में अवश्य रखें। अगर गंगाजल उपलब्ध नहीं है तो लक्ष्मी यंत्र को तुलसी जल में भी रखना भी उत्तम और लाभकारी रहेगा।
- मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी यंत्र की पूजा मां लक्ष्मी की पूजा के बाद करें। इसके अलावा, मां लक्ष्मी के सामने घी का दीया जलाने के बाद लक्ष्मी यंत्र के सामने अलसी के तेल का दीया जलाएं।
- जब लक्ष्मी यंत्र की पूजा संपन्न हो जाए तब उसे या तो घर की तिजोरी में रखें या फिर मंदिर में लेकिन लाल कपड़े में लपेटकर हमेशा लक्ष्मी यंत्र रखना चाहिए नहीं तो पूजा का फल नहीं मिलता है।



# कौन हैं अन्नपूर्णा माता और काशी एवं मां पार्वती से क्या है उनका संबंध?

मार्गशीर्ष माह में माता अन्नपूर्णा की जयंती मनाई जाती है। हर साल मार्गशीर्ष माह के पूर्णिमा तिथि को माता अन्नपूर्णा की जयंती मनाई जाती है। माता अन्नपूर्णा को मां दुर्गा या पार्वती का ही रूप माना गया है। साथ ही काशी विश्वनाथ से भी माता अन्नपूर्णा का विशेष संबंध बताया गया है। काशी में माता अन्नपूर्णा का भव्य मंदिर है, जहां जाने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। बहुत से भक्तों के मन में यह सवाल रहता है कि अन्नपूर्णा कौन है और माता पार्वती के बीच क्या संबंध है।

कौन है माता अन्नपूर्णा?

स्कंदपुराण और काशी खंड में माता अन्नपूर्णा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। माता अन्नपूर्णा के स्वरूप का वर्णन करते हुए पुराणों में कहा गया है कि वह काफी सुंदर और मनमोहक हैं। उन्हें माता दुर्गा का ही रूप बताया गया है, जो भक्तों पर करुणा करती हैं। माता अन्नपूर्णा के कृपा से कोई भी भक्त भूखा नहीं रहता। माता अन्नपूर्णा को अन्न की देवी कहा गया है, इसलिए उनका नाम भी अन्नपूर्णा है। अन्नपूर्णा का अर्थ है अन्न की पूर्ति करने वाली। माता अन्नपूर्णा को लेकर यह तथ्य भी सत्य है कि वो पूरे सृष्टि में अन्न और भोजन का संचालन करती हैं।

## काशी और मां अन्नपूर्णा का क्या है संबंध?

शास्त्रों के अनुसार यह कहा गया है कि मां अन्नपूर्णा ने ही पार्वती के स्वरूप में भगवान शिव से विवाह किया था। भगवान शिव कैलाश के निवासी थे, लेकिन माता पार्वती कैलाश में रहना पसंद नहीं था। इसलिए भगवान शिव माता पार्वती के साथ काशी रहने आए। भगवान के काशी आने के बाद काशी को भोलेनाथ की नगरी कहा जाने लगा। काशी में माता अन्नपूर्णा का भव्य मंदिर है, जहां स्वयं काशी पति भगवान भोलेनाथ माता अन्नपूर्णा से अन्न की भिक्षा मांग रहे हैं। माता अन्नपूर्णा के नगरी में जो कोई भी जाता है वो भूखा नहीं लौटता है, माता अन्नपूर्णा का यह मंदिर अन्नकूट के दिन खुलता है और उस दिन 56 तरह के भोग लगाए जाते हैं।

## भगवान शिव ने क्यों मांगी माता अन्नपूर्णा से भिक्षा?

पौराणिक कथा के अनुसार एक समय जब पृथ्वी पर सूखा पड़ गया था और जमीन बंजर हो गई थी तब शिव जी ने पृथ्वी के जीवों के कल्याण के लिए स्वयं भिक्षुक बन माता पार्वती के अन्नपूर्णा स्वरूप से भिक्षा मांगी थी। भगवान शिव माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगे और उस अन्न को लेकर पृथ्वी गए थे। पृथ्वी लोक में भगवान शिव ने भिक्षा में मांगे उस अन्न को बांट दिया और एक बार फिर पृथ्वी लोक धन-धान्य से संपन्न हो गया। इस दिन के बाद पृथ्वी लोक में अन्नपूर्णा जयंती मनाया जाने लगा।





# मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी को लगाएं इन 3 चीजों का भोग

हिंदू पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि को मार्गशीर्ष पूर्णिमा कहा जाता है। इस दिन माता लक्ष्मी के साथ-साथ भगवान विष्णु की पूजा विधिवत रूप से करने का विधान है। आपको बता दें, मार्गशीर्ष पूर्णिमा 15 दिसंबर को पड़ रहा है। इस दिन भाग्योदय के लिए कई तरह के उपाय भी किए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से व्यापार में तरक्की और रुके हुए धन की प्राप्ति होती है। गंगा स्नान और दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। अब ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी को किन चीजों का भोग लगाने से लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहती है।

## माता लक्ष्मी को लगाएं श्रीफल का भोग

श्रीफल को जिसे नारियल भी कहा जाता है, माता लक्ष्मी को अर्पित करने का विशेष महत्व है। इसे देवी-देवताओं को समर्पित करने के लिए शुभ मानाजता है। श्रीफल को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। माता लक्ष्मी धन की देवी हैं, इसलिए उन्हें श्रीफल अर्पित करने से घर में धन का आगमन होता है और समृद्धि बढ़ती है। श्रीफल को माता लक्ष्मी का प्रिय फल माना जाता है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी को श्रीफल अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं और भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। श्रीफल को लाल धागे से बांधकर अर्पित करने से और अधिक शुभ माना जाता है। इसलिए मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी को श्रीफल का भोग लगाएं।

## माता लक्ष्मी को चढ़ाएं पान का भोग

पान को समृद्धि, वैभव और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। माता लक्ष्मी धन की देवी हैं, इसलिए उन्हें पान अर्पित करने से घर में धन का आगमन होता है और समृद्धि बढ़ती है। ज्योतिष शास्त्र में पान के पत्ते को शुक्र ग्रह का प्रतीक माना जाता है। शुक्र ग्रह प्रेम, सौंदर्य, समृद्धि, वैभव और का कारक ग्रह है। इसलिए माता लक्ष्मी को पान के पत्ते का भोग जरूर लगाएं।

## माता लक्ष्मी को लगाएं बताशे का भोग

माता लक्ष्मी को बताशे का भोग लगाने से उनकी कृपा भक्तों पर बनी रहती है। बता दें, बताशे का संबंध शुक्र ग्रह से है और माता लक्ष्मी की पूजा भी शुक्रवार के दिन करना सौभाग्यशाली माना जाता है। इसलिए अगर आप माता लक्ष्मी को बताशे का भोग लगा रहे हैं, तो इससे धन-धान्य में वृद्धि हो सकती है और मनोवांछित फलों की भी प्राप्ति हो सकती है।

# मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन घर में लगाएं ये पौधा

हिन्दू धर्म में पूर्णिमा तिथि का बहुत महत्व माना जाता है। पूर्णिमा तिथि मां लक्ष्मी को समर्पित होती है और इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा का विधान है। इसी कड़ी में अब मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा 15 दिसंबर को पड़ने वाली है। इस दिन माता लक्ष्मी की आराधना करने से घर में धन का आगमन होगा और आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। वहीं, इस दिन घर में एक पौधा लगाने से मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। मां लक्ष्मी का प्रिय पौधा गुड़हल माना गया है। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन घर में गुड़हल का पौधा लगाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है और उनकी कृपा व्यक्ति एवं उसके पूरे परिवार पर बरसने लगती है। यह पौधा मंगल के शुभ प्रभाव को बढ़ाता है और जीवन में सामंजस्य लाता है। गुड़हल का पौधा प्रेम और रिश्तों को मजबूत बनाने का काम भी करता है। यह पौधा घर के भीतर सुख, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने में मदद करता है। रिश्तों के तनाव को दूर करने के लिए गुड़हल का पौधा उपयोगी है। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के दिन गुड़हल का पौधा घर में लगाने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगता है और पारिवारिक शांति की स्थापना भी होती है।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 14 दिसंबर, 2024





# पुष्पा 2 को लेकर की गई जेसीबी वाली टिप्पणी पर सिद्धार्थ का यू-टर्न

5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही पुष्पा 2ः द रूल ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म की भारी सफलता के बीच सिद्धार्थ को अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म के पटना इवेंट में एकत्रित भीड़ का मजाक उड़ाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब उन्होंने विवाद के बारे में बात की और एक स्पष्टीकरण जारी किया है।

## सिद्धार्थ ने ट्रोलिंग पर तोड़ी चुप्पी

चेन्नई में अपनी फिल्म मिस यू के लिए आयोजित एक प्रेस मीट के दौरान सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 पर अपनी टिप्पणियों और अल्लू अर्जुन के साथ किसी भी तरह की समस्या के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। अभिनेता ने स्पष्टीकरण की आवश्यकता को खारिज कर दिया और फिल्म की टीम को इसकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने पहले भाग की भारी लोकप्रियता को स्वीकार किया और कहा कि दर्शकों का सीक्वल के लिए सिनेमाघरों में आना स्वाभाविक था।

## अपनी टिप्पणी पर क्या बोले सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने फिल्मों का समर्थन करने वाली बड़ी भीड़ के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक सिनेमाघरों में आना जारी रखेंगे और सिनेमा के फलने-फूलने की जरूरत के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी फिल्म का हिट होना कितना दुर्लभ है और कहा कि निर्माता और कलाकार अपनी कड़ी मेहनत का फायदा उठाने के हकदार हैं।

## सिद्धार्थ ने पेश की सफाई

उन्होंने कहा, मुझे समस्या शब्द से ही दिक्कत है और मुझे नहीं लगता कि मुझे इस पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत है। सफलता के लिए पुष्पा 2 की टीम को बधाई। जितनी अधिक भीड़ जुटेगी, उतना अच्छा होगा। आशा है कि भीड़ सिनेमाघरों में भी आएगी। सिनेमा को स्वस्थ होना चाहिए। इससे पहले पुष्पा 2 पर की गई अपनी टिप्पणी पर सिद्धार्थ को काफी ट्रोल भी किया गया था।

## क्या था सिद्धार्थ का बयान

इससे पहले सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 कार्यक्रम के लिए पटना में उमड़ी भारी भीड़ पर अपने विचार साझा किए । उन्होंने कथित तौर पर इसे एक प्रचार रणनीति बताया और कहा कि भारत में बड़ी भीड़ एक आम बात है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी भीड़ हमेशा गुणवत्ता को नहीं दर्शाती। अभिनेता ने कथित तौर पर इस आयोजन की तुलना जेसीबी से खुदाई करने वाली जगह से की और दावा किया कि आयोजन करने से स्वाभाविक रूप से लोग आते हैं और उन्होंने बिहार में लोगों के एकत्र होने को सामान्य बताया।



# आलिया भट्ट ने ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए दी पायल कपाड़िया को बधाई



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए गोल्डन ग्लोब अवार्ड के लिए नामित होने पर बधाई दी। उन्हें 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स 2025 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (मोशन पिक्चर श्रेणी) के लिए नामित किया गया है। ये फिल्म प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में इसे सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर नॉन इंग्लिश कैटेगरी में भी नामांकित किया गया है।

## पायल कपाड़िया ने कही ये बात

पायल कपाड़िया ने कहा, मैं इस नामांकन से बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं और इस मान्यता के लिए ।स्नक्ककी आभारी हूं। यह उन सभी का जश्न है जिन्होंने इस फिल्म पर इतनी लगन से काम किया है। भारत में सभी के लिए, ऑल वी इमेजिन एज लाइट अभी भी सिनेमाघरों में है - कृपया इसे देखें और हमारा समर्थन करें।

## राजकुमार राव ने भी दी बधाई

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने भी फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को इस नामांकन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा, बधाई हो... यह बहुत बढ़िया है। बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपके लिए प्रार्थना करता हूं। वहीं, आलिया भट्ट ने भी पायल कपाड़िया को बधाई दी और कहा कि इतिहास बस आपका ही है।

## फिल्म को मिला कान्स में ग्रैंड प्रिक्स

ऑल वी इमेजिन एज लाइट फिल्म को दुनियाभर में लोगों ने सराहा है। इस फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर लोगों ने बहुत पसंद किया है। फिल्म भारत में 22 नवंबर को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हुई ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल की थी। यह फिल्म कान्स 2024 में प्रतिष्ठित ग्रैंड प्रिक्स जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई।



# पहली फिल्म की असफलता ने तोड़ा श्रद्धा का दिल, इंडस्ट्री में नहीं दिया किसी ने काम

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का आनंद उठाया। यह फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। इस बीच श्रद्धा ने 2010 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'तीन पत्ती' की असफलता के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे फिल्म की असफलता ने उनका दिल तोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने इसके असफल होने की उम्मीद नहीं थी। श्रद्धा कपूर ने बताया कि फिल्म की असफलता के बाद उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जीक्यू इंडिया से बात करते हुए कहा कि लोगों को उन्हें कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था, जब तक कि आदित्य रॉय कपूर के साथ आशिकी 2 नहीं आई, एक ऐसी फिल्म जिसने उन्हें बहुत शोहरत दिलाई। अभिनेत्री ने कहा कि आशिकी 2 के बाद और उससे पहले, वह कठिन दौर से गुजर रही थीं।

## पिता ने नहीं की मदद

श्रद्धा ने आगे कहा, इंडस्ट्री से होने के बावजूद, मेरे पिता मुझे काम दिलाने के लिए कोई कॉल नहीं कर रहे थे। उन्होंने (शक्ति कपूर) कहा, मैंने खुद को अपने दम पर बनाया है, तुम्हें भी यह करना होगा। अपनी लड़ाई का सामना करो। मुझ पर निर्भर मत रहो। इससे मुझे बहुत ही अस्वीकृति और असफलता का अनुभव हुआ। 'आशिकी' होने तक लोगों को मुझे कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था।



# खुद को पति के रूप में राजकुमार राव ने दी इतनी रेटिंग, बोले- हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है

बॉलीवुड के पावर कपल राजकुमार राव और पत्रलेखा एक दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार अक्सर करते हैं। दोनों की मीडिया हाउस से बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे पति के तौर पर 10 में से 9 ही नंबर ले सकते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं खुद को एक पति के तौर पर नौ नंबर दूंगा। वाह, यह बिल्कुल भी बुरा नहीं है, है ना? मैं दस कहने वाला था, लेकिन फिर मैंने सोचा कि कुछ तो गड़बड़ होगी मुझमें। सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।

## एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक हैं

इस बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे और पत्रलेखा एक दूसरे का समर्थन करते हैं लेकिन वे एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक भी हैं। वे अक्सर उनके काम की पहली दर्शक रही हैं। पत्रलेखा जिस काम की तारीफ करती हैं, उसे वाकई सम्मान मिलता है। उन्होंने पत्रलेखा के लिए कहा कि वे मेरे काम को समझती हैं मेरे लिए ये भी बहुत बड़ी बात है।

## राजकुमार राव ने की पत्रलेखा की तारीफ

राजकुमार राव ने आईसी 814 में पत्रलेखा के अभिनय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये सीरीज उनके लिए एक अध्ययन के तौर पर खास रहा। बता दें राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 2010 में अपने रिश्ते की शुरुआत की और 15 नवंबर, 2024 को चंडीगढ़ में एक अंतरंग समारोह में शादी कर ली।

## इस साल दिखाया अभिनय का जादू

वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव को हाल ही में विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आए थे। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों की खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। वहीं, राजकुमार राव ने इस साल स्त्री 2 के जरिए भी काफी सुर्खियां बटोरीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही।

# प्रेग्नेंसी की खबरों पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी

सोनाक्षी सिन्हा ने इस साल जून में अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी रचाई। निजी समारोह में हुई रजिस्टर मैरिज और फिर रिसेप्शन पार्टी में करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी के बाद सोनाक्षी सिन्हा की प्रेन्गेंसी को लेकर अटकलें लग रही हैं। उनकी हालिया तस्वीरें देख नेटिजन्स अक्सर अभिनेत्री से सवाल पूछते हैं कि क्या वे खुशखबरी देने वाली हैं? इस तरह की अफवाहों पर सोनाक्षी ने चुप्पी तोड़ी है।

## मजाकिया अंदाज में किया खंडन

सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस तरह की अकटलों का खंडन अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में किया और इसे अपने बढ़ते वजन से जोड़ा। सोनाक्षी ने कहा, मैं बस मोटी हो चुकी हूं। अपने इस बेबाक अंदाज और जवाब के जरिए उन्होंने अफवाहों को विराम दे दिया है। सोनाक्षी ने कर्ली टेल्स के साथ इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चल रहीं अफवाहों को विराम लगाते हुए कहा, दोस्तों, मैं यहां पर कहना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। मैं बस मोटी हो चुकी हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने मजाक में यह भी खुलासा किया कि इस तरह की खबरों को लेकर किसी ने तो उनके पति जहीर इकबाल को बधाई तक दे डाली। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने बातचीत के दौरान हंसते हुए कहा कि शादी के बाद से वे लगातार यात्राओं में व्यस्त हैं।

## इस पोस्ट के बाद शुरू हुई अफवाहें

सोनाक्षी सिन्हा की अफवाहें तब शुरू हुईं, जब कपल ने अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। सोनाक्षी सिन्हा ने भी माना की इस तस्वीर के बाद इस तरह के कयास लगने लगे। आगे उन्होंने माना कि इंटरनेट पर यूजर्स की कल्पनाओं की कोई सीमा नहीं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर ने एक-दूसरे को करीब सात साल डेट किया। 23 जून 2024 में इन्होंने शादी रचाकर जिंदगी के नए अध्याय में प्रवेश किया।



# रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का साई पल्लवी ने किया खंडन

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और मुखर अभिनेत्री साई पल्लवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का खंडन किया। अभिनेत्री ने अफवाहों को मनगढ़ंत करार देते हुए कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अफवाहों को लेकर गुस्से में आईं अभिनेत्री साई पल्लवी ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, अधिकांश समय, लगभग हर बार, जब भी मैं निराधार अफवाहों या मनगढ़ंत झूठ, गलत बयानों को मकसद या बेमकसद फैलते देखती हूं (भगवान जाने) तो मैं चुप रहना ज्यादा पसंद करती हूं और ऐसे मौकों पर कुछ नहीं बोलती। मैं खास तौर पर फिल्मों की रिलीज, घोषणा या मेरे करियर के यादगार पलों के समय किसी तरह की अफवाहों पर आमतौर पर चुप ही रहती हूं। (ऐसा हर बार नहीं होगा) अगली बार जब मैं किसी पेज, मीडिया या व्यक्ति को समाचार या गपशप के नाम पर कोई मनगढ़ंत घटिया कहानी चलाते हुए देखूंगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी। कानूनी कार्रवाई करूंगी! बस!
साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार रामायण में माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। 'रामायण' में माता सीता की भूमिका निभा रहीं साई पल्लवी के साथ रणबीर कपूर राम की भूमिका में तो 'केजीएफ' स्टार यश लंकापति रावण की भूमिका में और लारा दत्ता कैकेयी की और सनी देओल वीर हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। साई पल्लवी अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेत्री भारतीय सेना को लेकर विवादित बयान देती नजर आई थीं। वायरल वीडियो में अभिनेत्री कहते नजर आई थीं, पाकिस्तान में लोग सोचते हैं हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है, लेकिन हमारे लिए उनकी सेना ऐसी है। इसलिए, नजरिया बदल जाता है।





# सुजॉय घोष ने की पुष्पा 2 की तारीफ

अल्लू अर्जुन की साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2ः द रूल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और इसने पहले ही दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म समीक्षकों, दर्शकों और कई मशहूर हस्तियों से भी प्रशंसा अर्जित कर रही है। हाल ही में, फिल्म निर्माता सुजॉय घोष ने भी फिल्म की अपनी समीक्षा साझा की और अल्लू अर्जुन को महानतम जादूगर कहा। वहीं, इस पर अल्लू अर्जुन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है।

## सुजॉय घोष ने की पुष्पा की समीक्षा

सुजॉय घोष ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पा 2ः द रूल की अपनी समीक्षा साझा की। बदला, कहानी और जाने जां जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने कहा, मैंने सुकुमार की फिल्म पुष्पा 2 देखी। क्या खूबसूरती से तैयार किया गया मैजिक शो और हर डिपार्टमेंट में बेहतरीन डिटेलिंग। मन चकित रह गया। देखने में बहुत मजा आया और सबसे महान जादूगर अल्लू अर्जुन ने मुझे सम्मोहित कर लिया।

## अल्लू अर्जुन ने जताया आभार

इसके बाद अल्लू अर्जुन ने फिल्म निर्माता का आभार व्यक्त किया और जवाब दिया, सुजॉय जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। खुशी है कि आपको फिल्म और मेरा काम पसंद आया। आपके प्यार से अभिभूत हूं। धन्यवाद। सुजॉय घोष ने फिल्म की तारीफ की है और अल्लू अर्जुन उनका आभार व्यक्त करते नजर आए हैं। वहीं, सुजॉय और अल्लू की पोस्ट पर नेटिजन्स भी दिल खोलकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नेटिजन्स ने सुजॉय घोष द्वारा अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 की प्रशंसा करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनसे शाहरुख खान के साथ ऐसा ही सिनेमा बनाने का अनुरोध किया। एक एक्स यूजर ने लिखा, एसआरके की विशाल प्रस्तुति के साथ-साथ किंग को भी पूरी तरह तैयार करें। दूसरे ने लिखा, अपनी खुद की विशिष्टता के साथ किंग बनाएं और उन सभी को आश्चर्यचकित करें जो किंग-द मूवी को कम आंक रहे हैं।

## किंग में नजर आएंगे शाहरुख-सुहाना

एक अन्य एक्स यूजर ने टिप्पणी की, सुजॉय दादा हम और अधिक खूबसूरती से तैयार किया गया जादू शो चाहते हैं। बता दें, सुजॉय घोष एक एक्शन ड्रामा किंग का निर्देशन करने जा रहे हैं, जिसमें शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान मुख्य भूमिका में हैं। चर्चा है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं। किंग के बारे में बात करते हुए, शाहरुख ने एक इंटरव्यू में कहा, यह दिलचस्प होगा। मैं कुछ समय से ऐसी फिल्म करना चाहता था, और मैं वास्तव में सात, आठ साल से ऐसी फिल्म करना चाहता था। हमने बस महसूस किया सुजॉय सही विकल्प होंगे, क्योंकि हम चाहते थे कि यह भावनात्मक रूप से बहुत सही हो। हम सभी एक अच्छी, व्यापक, एक्शन, भावनात्मक फिल्म बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

# लोकेश कनगराज के एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

राघव लॉरेंस अपनी शानदार अदाकारी के लिए मशहूर हैं। वह आगामी फिल्म बेंज में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसका निर्देशन बक्कियाराज कन्नन करेंगे। फिल्म की पटकथा लोकेश कनगराज लिख रहे हैं। यह फिल्म लोकेश कनगराज के सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है।

## एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

रिपोर्ट के अनुसार राघव लॉरेंस की इस फिल्म में अब आर माधवन की विलेन की के रूप में एंट्री हो गई है। माधवन के एलसीयू में प्रवेश ने दर्शकों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह पैदा कर दिया है। माधवन ने आखिरी बार मणिरत्नम की फिल्म आयुथा एझ्थु (2004) में और 2024 में हिंदी फिल्म शैतान में भी वह नकारात्मक भूमिका में नजर आए थे। फिल्म बेंज की शूटिंग जल्द शुरू होगी। इसमें संगीत देने के लिए हाल ही में उभरते हुए संगीतकार साई अभ्यंकर को साइन किया गया है। राघव लॉरेंस की आगामी फिल्में, जैसे काला भैरव और बुलेट ने भी काफी हलचल मचाई है। 2025 में इन फिल्मों की रिलीज को लेकर फैंस में खासा
उत्साह है।

